www.navpradesh.com

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 12 मई 2026 | शुक्ल पक्ष-दशमी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 | अंक- 92 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

पीएम का नया आर्थिक मंत्र: सोना कम खरीदें, ईंधन कम जलाएं... देश को आगे बढ़ाएं

■ पीएम लगातार दूसरे दिन बोले- पेट्रोल-डीजल कम इस्तेमाल करें: सोने की खरीद टालें, तेल कम खाएं, स्कूल ऑनलाइन हों, कंपनियां वर्क फ्रॉम होम दें

नई दिल्ली/ए.। देश में शादी-ब्याह और सोना एक-दूसरे से गहराई से जुड़े माने जाते हैं। ऐसे में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से एक साल तक सोना न खरीदने की बात कही, तो यह बयान तेजी से चर्चा का विषय बन गया। करोड़ों लोगों के मन में एक ही सवाल उठने लगा- आखिर प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी बात क्यों कही?

दरअसल, इसके पीछे वजह सिर्फ महंगा होता सोना नहीं, बल्कि वैश्विक तेल संकट, बढ़ता आयात बिल और कमजोर होता रुपया बताया जा रहा है। वडोदरा में पीएम नरेंद्र मोदी ने लगातार दूसरे दिन लोगों से ईंधन और संसाधनों का कम इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पहले भी सरकारें सोने पर आयात शुल्क बढ़ा चुकी

अगर तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रहती हैं और इसी दौरान सोने की खरीद भी बढ़ जाती है, तो देश की आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। भारत में यह पहली बार नहीं है, जब सोने के आयात को लेकर चिंता जताई गई हो। पहले भी कई बार सरकारें सोने पर आयात शुल्क बढ़ा चुकी हैं। गोल्ड इम्पोर्ट पर नियंत्रण लगा चुकी हैं। Sovereign Gold Bond जैसे विकल्पों को बढ़ावा दे चुकी हैं। इन कदमों का मकसद विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करना और रुपए को स्थिर बनाए रखना रहा है।

आसान शब्दों में समझें आर्थिक गणित

- ज्यादा तेल आयात: ज्यादा डॉलर खर्च
- ज्यादा सोना आयात- अतिरिक्त डॉलर दबाव
- ज्यादा डॉलर मांग: कमजोर रुपया
- यही आर्थिक चक्र सरकार की चिंता बढ़ा रहा है।

सरकार को सबसे बड़ा डर

सरकार की सबसे बड़ी चिंता कई आर्थिक दबावों का एक साथ बढ़ना।

- कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें
- बढ़ता आयात बिल
- कमजोर होता रुपया
- बढ़ती महंगाई
- विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव

भारत हर साल सैकड़ों टन सोना आयात करता है

अगर कोई एक परिवार कुछ समय के लिए सोना न खरीदे, तो उससे सीधे अर्थव्यवस्था पर असर नहीं पड़ेगा। लेकिन जब करोड़ों परिवार एक साथ बड़ी मात्रा में गोल्ड खरीदते हैं, तब उसका असर देश के आयात बिल पर दिखाई देता है। भारत हर साल सैकड़ों टन सोना आयात करता है। शादी-ब्याह और अनिश्चित आर्थिक माहौल में सोने की मांग और तेजी से बढ़ जाती है, क्योंकि लोग इसे सुरक्षित निवेश मानते हैं।

देशवासियों को पीएम मोदी का बड़ा संदेश

प्रधानमंत्री मोदी का पूरा संदेश सिर्फ सोना खरीदने तक सीमित नहीं माना जा रहा। उन्होंने लोगों से ईंधन बचाने, गैर जरूरी यात्राएं कम करने और जरूरत पड़ने पर वर्क फ्रॉम होम अपनाने की भी बात कही। इससे संकेत मिलता है कि सरकार वैश्विक आर्थिक संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने और देश की आर्थिक स्थिरता बनाए रखने पर जोर दे रही है।

ज्यादा गोल्ड खरीदने से रुपए पर पड़ता है असर

अर्थशास्त्री सोने को सामान्य जरूरत की चीज नहीं मानते। तेल की तरह सोना रोजमर्रा की अर्थव्यवस्था चलाने के लिए जरूरी नहीं होता। जब बड़ी मात्रा में सोना विदेशों से खरीदा जाता है तो देश से ज्यादा डॉलर बाहर जाते हैं। इससे चालू खाता घाटा यानी करंट अकाउंट डिफिसिएट बढ़ सकता है। अगर देश जितनी विदेशी मुद्रा कमा रहा है, उससे ज्यादा खर्च करने लगे तो इसका असर सीधे रुपए पर पड़ता है।

आज बेबाक

अपनी हार के बाद टसुवे बहाती बैठीं ममता बनर्जी के पास पंचर सायकल वाले टीपू भैया दौड़े गये। उनके आंसू पोछने रूमाल की जगह शाल पेश की और कहा कि दीदी आप हारी नहीं है। जवाब में ममता ने कहा 2027 में आप भी ऐसे ही जीतना। बहरहाल बंगाल जाकर अखिलेश यादव को यह समझ में आ गया है कि उनकी पंचर सायकल भी कंडम हो सकती है। नतीजतन अब पीडीए में पी का मतलब पंडित बताया जा रहा है। महाराणा प्रताप का महिमामंडन किया जा रहा है। मतलब भेड़ की खाल ओढ़कर भेड़िया भेड़ बनने जा रहा है।

तापमान

अधिकतम	न्यूनतम
44°	27°

बाजार भाव

गोल्ड	सिल्वर
1,51,140	2,54,798

शेयर बाजार

सेंसेक्स	निफ्टी
77,328.19	24,176.15

विश्व जनसंख्या	भारत जनसंख्या
8,291,743,121	1,474,975,253

प्रधानमंत्री मोदी बोले : विश्वभर की शक्तियां भारत को दबोचने मैदान में उतरीं, हम डटे रहे, डरे नहीं

पोकरण परमाणु परीक्षण से दुनिया हिल गई थी, हम पर कई प्रतिबंध लगे: मोदी

■ भारत ने पोकरण परमाणु परीक्षण को ऑपरेशन शक्ति का नाम दिया था: मोदी

जामनगर/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को गुजरात के सोमनाथ मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के 75 साल पूरे होने के मौके पर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा- आज का दिन एक और वजह से भी खास है। आज के ही दिन 11 मई 1998 को देश ने पोकरण में परमाणु परीक्षण किया था। तब दुनियाभर की शक्तियां भारत को दबोचने मैदान में उतर गई थीं।

पीएम ने कहा- भारत के लिए सारे रास्ते बंद कर दिए गए थे। लेकिन हम डरे नहीं, डटे रहे। भारत ने पोकरण परमाणु परीक्षण को ऑपरेशन शक्ति नाम दिया था। क्योंकि शिव के साथ शक्ति आराधना ही हमारी परंपरा रही है। मैं भगवान सोमनाथ के चरणों में नमन करते ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भारत को कोई झुका नहीं सकता

- सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि कोई भी राष्ट्र तब तक मजबूत नहीं बन सकता, जब तक वह अपनी जड़ों से जुड़ा न रहे।
- भारत में विरासत और आधुनिकता एक-दूसरे से अलग नहीं हैं, दोनों साथ-साथ चलते हैं।
- हमारे देश में सांस्कृतिक और पवित्र स्थलों के पुनर्निर्माण को लेकर काफी राजनीति हुई है। दुर्भाग्य से आज भी ऐसी ताकतें हैं, जो राष्ट्रीय स्वाभिमान से ज्यादा तुष्टिकरण को महत्व देती हैं।
- लुटेरों ने सोमनाथ मंदिर की भव्यता मिटाने की कोशिश की। इस मंदिर को बार-बार तोड़ा गया, लेकिन हर बार इसका पुनर्निर्माण हुआ।
- दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती और न ही दबा सकती है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की सनातन संस्कृति को मिला नया गौरव: मुख्यमंत्री साय

■ 75 वर्ष पूर्व आज ही के दिन सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण का कार्य हुआ था पूरा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं के साथ गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर से वर्चुअली जुड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई पूजा - अर्चना का अवलोकन कर उनका संबोधन सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान सोमनाथ मंदिर के स्वर्णिम इतिहास, विदेशी आक्रांताओं द्वारा किए गए हमलों, मंदिर के पुनरनिर्माण यात्रा, वर्तमान सरकार द्वारा किये जा रहे आस्था के केंद्रों का संरक्षण एवं संवर्धन के संकल्प सहित विभिन्न विषयों पर अपनी बातें देशवासियों से साझा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशवासियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

देश चलाना मोदी के बस की बात नहीं: राहुल गांधी

■ सोना न खरीदें, विदेश न जाएं जैसी 7 अपीलें उपदेश नहीं, नाकामी के सबूत

नई दिल्ली (ए.)। राहुल गांधी ने सोमवार को पश्चिम एशिया में चल रहे संकट से निपटने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की हालिया 'सात अपीलों' पर पलटवार किया। उन्होंने इसे नाकामी करार दिया। कहा कि अब देश चलाना प्रधानमंत्री के बस में नहीं रह गया है। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल ने लिखा, 'कल मोदी जी ने जनता से त्याग मांगा।

सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम इस्तेमाल करो, खाद और खाने के तेल का उपयोग घटाओ, मेट्रो से चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं हैं। ये विफलता हैं।' उन्होंने कहा, '12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है। क्या खरीदें, क्या नहीं। कहां जाए, कहां नहीं।' दरअसल, रविवार को सिकंदराबाद में एक जनसभा में पीएम मोदी ने आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत पर जोर दिया था, ताकि विदेशी मुद्रा की बचत और पर्यावरण की रक्षा हो सके।

राहुल के आरोपों पर सीएम साय का पलटवार

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पश्चिम एशिया में जो युद्ध की स्थिति बनी हुई है, उसका प्रभाव संपूर्ण विश्व पर पड़ रहा है और उससे हमारा देश भी अछूता नहीं रहेगा। इसलिए प्रधानमंत्री ने पूरे देशवासियों को बहुत महत्वपूर्ण और उचित सलाह दी है। ऐसे समय में हमें डीजल-पेट्रोल की खपत सोच-समझकर और यथासंभव कम करनी चाहिए। इसमें कोई नाकामी नहीं है, बल्कि यह देशहित में उठाया गया एक जिम्मेदार कदम है। यदि कांग्रेस को इस पर आपत्ति है, तो उसे भी बताना चाहिए कि ऐसी वैश्विक परिस्थितियों में देशहित में क्या उपाय किए जाने चाहिए।

कोरबा में आरआई-पटवारी को बनाया बंधक, धक्का-मुक्की भी हुई

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में जमीन के सीमांकन के दौरान विवाद हो गया। परिवार के लोगों ने गलत नाप का आरोप लगाते हुए राजस्व निरीक्षक और हल्का पटवारी की कार के आगे बाइक खड़ी कर रास्ता रोक लिया। उन्हें 2 घंटे तक बंधक बना लिया। इस दौरान पटवारी और ग्रामीण हल्की धक्का-मुक्की भी हुई। वहीं परिवार के सदस्य ने रस्सी लाकर 'सुसाइड कर लूंगा' की धमकी दी। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी वायरल हो रहा है। इस मामले में पटवारी ने थाने में शिकायत की है। पुलिस ने 4 ग्रामीणों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इधर, ग्रामीणों ने कहा कि उनकी जमीन पर दूसरे पक्ष के लोग अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य कर रहे हैं। आरआई और पटवारी विपक्षी पक्ष से रिश्वत लेकर जमीन का सीमांकन कर रहे थे।

बंगाल सीएम अधिकारी ने बांटे मंत्रालय

बंगाल। ए.। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बनने के बाद सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को अपने नए मंत्रिमंडल के विभागों का बंटवारा कर दिया। भाजपा सरकार की इस पहली कैबिनेट में क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश साफ नजर आई।

दिलीप घोष, निशित प्रमाणिक, अग्निमित्रा पॉल और खुदीराम टुडू जैसे नेताओं को अहम मंत्रालय देकर भाजपा ने बंगाल में अपने कोर वोट बैंक और सामाजिक समीकरणों को मजबूत करने का संदेश दिया है।

सरकार द्वारा जारी सूची के अनुसार, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप घोष को ग्रामीण विकास और प्राणी विकास विभागों का प्रभार सौंपा गया है। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री निशित प्रमाणिक को उत्तर बंगाल विकास के साथ-साथ युवा कल्याण और खेल मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है।

कैबिनेट पोर्टफोलियो की मुख्य सूची

अशोक कीर्तनिया: खाद्य विभाग, **दिलीप घोष:** ग्रामीण विकास और प्राणी विकास मंत्री, **अग्निमित्रा पॉल:** महिला एवं बाल कल्याण और नगर निगम, **निशीथ प्रमाणिक:** उत्तर बंगाल विकास, युवा कल्याण और खेल, **खुदीराम टुडू:** जनजातीय विकास, कैबिनेट में दिखा सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरण, सुवेंदु अधिकारी की इस कैबिनेट में भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग साफ दिखाई दे रही है।

ट्रम्प ने ईरान की जंग रोकने का प्रस्ताव ठुकराया

■ बोले- मुझे पसंद नहीं आया, अमेरिका ने एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने की शर्त रखी

तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नए शांति प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'मैंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया। इसे स्वीकर नहीं किया सकता।' इससे पहले भी ट्रम्प ने ईरान पर खेल खेलने का आरोप लगाया था।

ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, तेहरान ने रविवार को पाकिस्तान के जरिए अमेरिका को अपना नया प्रस्ताव भेजा। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्ताव में युद्ध खत्म करने, फारस की खाड़ी और होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने, प्रतिबंध हटाने और परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत की बात कही गई थी।

अमेरिका ने इस हफ्ते ईरान को 14 सूत्रीय प्रस्ताव भेजा था। इसके तहत ईरान को कम से कम 12 साल तक यूरेनियम संवर्धन रोकना होगा और अपने पास मौजूद करीब ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भारत आएंगे ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची

नई दिल्ली. (ए.)। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक अनिश्चितता के बीच ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची इस सप्ताह भारत के दौरे पर आ रहे हैं। वे नई दिल्ली में आयोजित होने वाली ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। ईरान के विदेश मंत्री की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष गहराया हुआ है। यह बैठक सितंबर में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की आधारशिला रखेगी, जिसमें दुनिया की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं के नेता शामिल होंगे।

18 फरवरी को अमेरिका-ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद से अब्बास अराघची और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच कम से कम चार बार टेलीफोन पर बातचीत हो चुकी है। इस दौरान अराघची ने जयशंकर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रायपुर में क्रिकेटर : रजत पाटीदार आदिवासी इतिहास से हुए प्रभावित, गोदना कला देख पंड्या हतप्रभ

आरसीबी के खिलाड़ियों को भाया छत्तीसगढ़, खाई भाजी

रायपुर/नवप्रदेश। रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू ने इस साल रायपुर को अपना दूसरा होम ग्राउंड बनाया है। टीम अपने दो मैच खेलने के लिए रायपुर के मायरा रिसॉर्ट में रुकी हुई है। जहां टीम के खिलाड़ियों ने स्थानीय संस्कृति और खानपान का जमकर आनंद लिया। आरसीबी के प्लेयर्स को छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध कांदा भाजी, चरोटा भाजी और रागी से बने व्यंजन परोसे गए। गर्मियों से राहत के लिए खिलाड़ियों ने बस्तर के प्राकृतिक तिखुर शरबत का स्वाद भी चखा।

कैप्टन रजत पाटीदार ने कहा कि, मुझे यह बहुत पसंद आया, खासकर जब हम अंदर गए और उन्होंने ड्रम के साथ ट्रेडिशनल म्यूज़िक बजाया, जबकि लोग डांस कर रहे थे। हमें यहां के ट्राइबल कम्युनिटी और उनके इतिहास के बारे में भी जानने का मौका मिला, जो वाकई में खास था।

प्लेयर्स के लिए शाम की एक खास बात मशहूर गोदना आर्ट फॉर्म को खोजना था, जो ट्राइबल कल्चर में गहराई से जुड़ा एक ट्रेडिशनल टैटू प्रैक्टिस है, जो अब पीढ़ियों तक आर्ट को बचाए रखने के लिए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कुणाल पंड्या आदिवासी कला और संस्कृति से हुए प्रभावित

कुणाल पंड्या खास तौर पर आर्टवर्क के पीछे की कारीगरी और कहानी कहने के तरीके से बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि, मैं पहली बार रायपुर आ रहा हूँ और यह बहुत कमाल का रहा। मैंने छत्तीसगढ़ और रायपुर की रिच विरासत और कल्चर को एक्सप्लोर किया। यहाँ के लोग बहुत हुनरमंद हैं, हैंडीक्राफ्ट, कला और उन्होंने इसे कैसे संभालकर रखा है, इसके बारे में जानना वाकई बहुत अनोखा था। यह देखना कमाल का है कि कल्चर और परंपराओं को कैसे आगे बढ़ाया जा रहा है।

रायपुर के लक्ष्य ज्वेलर्स में एक करोड़ रुपए के गहनों की चोरी

■ देर-रात चोरों ने सोने-चांदी के जेवर किए पार, सुबह शोरूम खोलने पर चला पता, पुलिस जांच जारी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में लक्ष्य ज्वेलर्स में भारी मात्रा में ज्वेलरी की चोरी हुई है। देर-रात चोरों ने ज्वेलरी दुकान को निशाना बनाते हुए करीब एक करोड़ रुपए के जेवरात पार कर दिए। घटना खम्हारडीह थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार और रविवार की रात करीब 12:30 बजे चोर लक्ष्य ज्वेलरी शॉप में घुसे और दुकान से बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। रविवार को दुकान बंद होने के कारण इसकी जानकारी कारोबारी को नहीं हुई। सोमवार सुबह शॉप खोलने पर चोरी का पता चला।

सूचना मिलने के बाद खम्हारडीह थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

संक्षिप्त खबरें

एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर देवब्रत नाग ने बढ़ाया गांव का मान

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा पंचायत अंतर्गत डोगरीपारा गांव के होनहार युवा देवब्रत नाग, पिता श्री किशन नाग ने अंबिकापुर से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर पूरे गांव, क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है। देवब्रत की इस उपलब्धि से गांव में खुशी और गर्व का माहौल है। सीमित संसाधनों के बीच कठिन मेहनत, लगन और निरंतर संघर्ष के दम पर हासिल की गई यह सफलता आज क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है।ग्रामीणों ने बताया कि देवब्रत शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं और उन्होंने अपनी मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया। गांव के लोगों का कहना है कि देवब्रत की सफलता यह साबित करती है कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं भी अवसर मिलने पर बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल कर सकती हैं।देवब्रत नाग की इस उपलब्धि पर समाजसेवी रामाराव बघेल ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गांव का बेटा डॉक्टर बनकर पूरे क्षेत्र के लिए मिसाल बना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और मेहनत से हर सपना पूरा किया जा सकता है तथा देवब्रत की सफलता आने वाली पीढ़ी को नई दिशा देगी।इस अवसर पर ग्राम सरपंच उषा किरण, उपसरपंच सुनील सिहासर, समाजसेवी रामाराव बघेल, विकल गुप्ता, शैलेन्द्र धेनुसेवक, बलदेव निषाद, विश्वभर कश्यप, कैलाश नाग, अभिमन्यु निषाद देवेन्द्र साहू जवाहर नाग, अनिल, शत्रुघ्न, अमृत, दया राम कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने देवब्रत नाग को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि देवब्रत आगे चलकर समाज सेवा और गरीबों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। देवब्रत नाग की इस सफलता से डोगरीपारा सहित पूरे सिहावा क्षेत्र में हर्ष का माहौल है तथा ग्रामीणों ने इसे गांव के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है ।

ग्राम विकास समिति गैंदाटोला ने मेधावी आदिवासी छात्रा का किया सम्मान

छुरिया/नवप्रदेश। कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गांव और आदिवासी समाज का नाम रोशन करने वाली ग्राम गैंदाटोला की मेधावी छात्रा गीतांजली चंद्रवंशी का ग्राम विकास समिति गैंदाटोला द्वारा सम्मान किया गया। समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने छात्रा के निवास पहुंचकर गुलाल अभिषेक, पुष्प गुच्छ भेंट, हार-माला पहनाकर सम्मानित किया तथा प्रोत्साहन स्वरूप आर्थिक सहयोग राशि प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गैंदाटोला में अध्ययनरत छात्रा गीतांजली चंद्रवंशी ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में 93.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, वहीं गणित विषय में 99 अंक हासिल कर शानदार सफलता दर्ज की। सीमित संसाधनों और ग्रामीण परिवेश में रहकर मिली इस उपलब्धि से पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। छात्रा की सफलता को गांव और समाज के लिए गौरव का क्षण बताया जा रहा है।इस अवसर पर ग्राम विकास समिति गैंदाटोला के पदाधिकारियों ने छात्रा का सम्मान करते हुए कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। गीतांजली की सफलता माता-पिता, गुरुजनों के मार्गदर्शन और उसके अथक परिश्रम का परिणाम है। बेटियां ही देश और समाज का भविष्य हैं। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

ग्राम लखना में शॉर्ट सर्किट से खेतों में लगी आग

नवापारा राजिम /नवप्रदेश।। समीपस्थ ग्राम लखना में बस्ती से लगे खेतों में अचानक आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग तेजी से खेतों की ओर फैलने लगी, जिससे ग्रामीणों में भय का वातावरण बन गया।घटना की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल फायर ब्रिगेड की त्वरित व्यवस्था कर मौके पर भेजा गया। फायर ब्रिगेड एवं स्थानीय प्रशासन की सक्रियता के चलते आग पर शीघ्र नियंत्रण पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।ग्रामीणों के अनुसार आग बस्ती के समीप पहुंच रही थी, जिससे मकानों और खड़ी फसलों को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई थी। हालांकि प्रशासन और फायर ब्रिगेड की तत्परता के कारण आग को समय रहते बुझा लिया गया। राहत की बात यह रही कि घटना में अभी तक किसी प्रकार की फसल, मकान अथवा पशु हानि की सूचना नहीं है।प्रशासन द्वारा क्षेत्र में सतर्कता बरतने और विद्युत तारों की नियमित जांच कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन और फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

महासमुंद/ नवप्रदेश। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महासमुंद जिला कार्यकारिणी का निर्वाचन साहू सदन बीटीआई रोड में संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया मुख्य निर्वाचन अधिकारी डमरू मनहर (जांजगीर-चांपा) एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी यादराम हिरवानी (बिलाईगढ़) की देखरेख में आयोजित की गई। इस दौरान प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे, प्रदेश सहसचिव दिनेश बंजारे, राजमहंत पी.एल. कोसरिया, वरिष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एस.आर. बंजारे सहित जिला भर से आए आजीवन एवं साधारण सदस्य तथा सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।आरती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तय समय अनुसार नामांकन एवं नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उपाध्यक्ष, प्रवक्ता, कोषाध्यक्ष एवं सचिव पदों पर एक से अधिक नामांकन प्राप्त हुए।

सुशासन तिहार-2026: पोखरा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

■ प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल ने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की घोषणा की

गरियाबंद, / नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व पर प्रदेश में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 01 मई से लगातार समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पोखरा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण एवं समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए। नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएँ, शिकायतें और मांगें संबंधित विभागों के समक्ष प्रस्तुत की। सभी विभागों द्वारा शिविर स्थल पर ही स्टॉल लगाए गए थे, जहाँ प्राप्त आवेदनों का तुरंत परीक्षण और निराकरण किया गया। शिविर में कुल 335 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण स्थल पर ही किया गया।

इस दौरान खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल शिविर में उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दे रहे है। ताकि अधिक से अधिक लोग इन विभाग की योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास, पीएम जनमन, पीएम उज्ज्वला, पीएम स्वामित्व सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का कोई भी पात्र हितग्राही इन योजनाओं से वंचित न रहे। मंत्री श्री बघेल ने कहा कि शासन द्वारा सुशासन तिहार ग्रामीणों के लिए लगाई गई है। जहाँ वे अपनी समस्या, मांग, शिकायत और सुझाव निःसंकोच रख सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर समस्याओं का निराकरण करें। इसमें अनावश्यक देरी न होने दें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण शिविर के उद्देश्य को समझे। शिविर में दिए गए सभी आवेदनों का निराकरण करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने किसानों के हितों पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हमारी सरकार किसानों की वास्तविक चिंतक है। प्रदेश में किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदकर सरकार ने किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत किया है।

वटगन में सीसी रोड एवं कॉलेज में बाउंड्रीवाल निर्माण की स्वीकृति

आम जनता की समस्याओं का गंभीरतापूर्वक विचार कर त्वरित निराकरण करें: जायसवाल

■ राजस्व सम्बधित आवेदनों का 15 दिन में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश

■ विभिन्न योजना के हितग्राहियों को सामग्री एवं चेक वितरित

बलौदाबाजार /नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत वटगन में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पंचायत वटगन में सीसी रोड निर्माण, कॉलेज में बाउंड्रीवाल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही विभिन्न योजना के हितग्राहियों को सामग्री व चेक का वितरण किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि सुशासन तिहार एक ऐसा तिहार हैं जिसमें शासन और प्रशासन जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओ का समाधान कर उन्हें खुशी देने का प्रयास हैं किया जा रहा है. मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय स्वयं पूरे प्रदेश का दौरा कर लोगों के बीच पहुंच रहे हैं और योजनाओं की जमीनी हकीकत पर फीडबैक ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी - कर्मचारी अपने कार्यशैली में लोगों की समस्याओं के समाधान को सर्वोपरि रखें। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर गंभीरता पूर्वकविचार करते हुए तत्काल निराकरण करें, यहाँ निराकरण नहीं हो पाने वाले आवेदनों को 15 दिन में निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि हमारी सरकार सभी क्षेत्रों में लगातार विकास के कार्य कर रही हैं। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त किया जा रहा हैं। 5 नये मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं, चिकित्सकों एवं अन्य स्टॉफ की भी भर्ती शुरू हो गई है। *राजस्व सम्बंधित आवेदनो पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश* - प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने राजस्व सम्बंधित त्रुटि सुधार, बंटवारा, नामांतरण जैसे मामले के आवेदनों के निराकरण को गंभीरता से लेते हुए राजस्व अधिकारियो को निर्देशित किया कि यहां प्राप्त राजस्व सम्बंधित कोई भी आवेदन 15 दिन तक लंबित न हो। लंबित पाए जाने पर सम्बंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत लोगों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि समाधान शिविर लगाने का उद्देश्य है कि लोगों को कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े और एक छत के नीचे सभी विभागों से सम्बंधित कार्य हो सके। उन्होंने कहा कि लोगों के प्रति अधिकारी कर्मचारियों का व्यवहार शालीन होना चाहिए।

मां सरस्वती शिशु मंदिर सरखोर का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

कोलिहा (लवन।)/नवप्रदेश। छ. ग. शासन द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें मां सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरखोर का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ठ रहा। कक्षा 5वीं केंद्रीकृत प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा -2026 में 98.25% अंकों के साथ प्रथम स्थान पर भूमिका साहू एवं हर्षिता साहू, 97.45% अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर ओमन साहू, 96.80% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर भूपेश कुमार वर्मा, 95% अंकों के साथ चतुर्थ स्थान पर कु. निधि साहू, 94.80% अंकों के साथ पंचम स्थान पर आदित्य केवट, 94.45% अंकों के साथ षष्ठम स्थान पर कु. दीपिका यादव, 93.80% अंकों के साथ सप्तम स्थान पर नमन वर्मा, 93.35% अंकों के साथ अष्टम स्थान पर कु. काव्य साहू, 93% अंकों के साथ नवम स्थान पर अभिषेक केवट, 93.80% अंकों के साथ दशम स्थान पर अनुराग पटेल रहे। इसी प्रकार कक्षा - 8वीं केंद्रीकृत पूर्व माध्यमिक प्रमाण पत्र परीक्षा - 2026 में 97.42% अंकों के साथ प्रथम स्थान पर सिद्धीपाल जोशी, 96.68% अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर कु. सुहानी पटेल, 95.27% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर सरिता साहू, 94.23% अंकों के साथ चतुर्थ स्थान पर गरिमा साहू, 93.15% अंकों के साथ पंचम स्थान पर योमित साहू, 92.35% अंकों के साथ षष्ठम स्थान पर कु. भारती पटेल, 92.35% अंकों के साथ सप्तम स्थान पर अमन डहरिया, ,92.13% अंकों के साथ अष्टम स्थान पर रही।

सरकार आदिवासियों के खिलाफ उद्योगपतियों के हितों को प्राथमिकता दे रही है : विधायक

आदिवासी कांग्रेस की कार्यकारणी बैठक में शामिल हुए विधायक इन्द्र साव

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला आदिवासी कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक स्थानीय कांग्रेस भवन एवं चितावर मंदिर प्रांगण, कामता में जिला अध्यक्ष विशाल ध्रुव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को सशक्त बनाने एवं आदिवासी समाज को कांग्रेस की मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में भाटापारा विधायक इन्द्र साव ने भी शिरकत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज हमेशा से कांग्रेस पार्टी के साथ रहा है, लेकिन पिछले चुनाव में आदिवासी बहुल क्षेत्रों में पार्टी की हार चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस परिणाम से सबक लेते हुए पुनः आदिवासी समाज का विश्वास जीतने के लिए संगठित प्रयास करना होगा, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अहम होगी।

पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने रेलवे महाप्रबंधक से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा रेलवे स्टेशन, बलौदाबाजार भाटापारा संयुक्त जिले का सबसे बड़ा एवं अत्यंत महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। यह स्टेशन क्षेत्र के पाँच विधानसभा क्षेत्रों – भाटापारा, बलौदाबाजार, बिलाईगढ़, कसडोल एवं नवागढ़ सहित आसपास के हजारों ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों की जीवनरेखा के रूप में कार्य करता है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री इस स्टेशन से आवागमन करते हैं तथा स्टेशन की आय एवं यात्री संख्या को देखते हुए इसे हस्त-3 श्रेणी में रखा गया है।नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने रेलवे प्रशासन से यात्री सुविधाओं के विस्तार, अधोसंरचना विकास तथा विभिन्न बहुप्रतीक्षित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने की माँग की है। उन्होंने कहा कि भाटापारा रेलवे स्टेशन केवल एक स्टेशन नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक एवं व्यापारिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है।

तेलीन सत्ती माता महोत्सव केशकाल में धमतरी साहू समाज देगी सहभागिता

धमतरी/नवप्रदेश। जिला साहू संघ धमतरी की बैठक 9 मई शनिवार को साहू छात्रावास बांसपारा धमतरी में आहूत की गई थी। जिसमें अतिथि के रूप में प्रदेश कार्य समिति सदस्य टी आर साहू, प्रदेश संगठन सचिव ओम प्रकाश साहू ,कोंडागांव जिला अध्यक्ष राजेश मायाराम साहू ,बिरस प्रसाद साहू , विनोद साहू गिरिजा शंकर साहू डॉ योगेंद्र साहू रघुनंदन साहू व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में मां कर्मा की आरती पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया ।स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष गणेश राम साहू ने अपील करते हुए छः तहसील के पदाधिकारीयों को अपने वाहन व्यवस्था कर तेलीन सत्ती माता महोत्सव 17 मई दिन रविवार को स्टेडियम ग्राउंड केशकाल कोंडागांव में भाग लेने हेतु प्रेरित किया।टी आर साहू ने कहा कि तैलिक कुल गौरव तेलीन सत्ती महोत्सव हमारे समाज की आस्था संस्कृति एवं परंपरा का महत्वपूर्ण प्रतीक है। जिसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता होनी चाहिए। सामाजिक एकता का संदेश देते हुए सामाजिक समागम का हिस्सा बनकर कार्यक्रम को भव्य व ऐतिहासिक सफल बनाने में अपना अमूल्य सहयोग देने हेतु अधिक से अधिक संख्या में केशकाल आने हेतु अपील की गई।

10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में इतवारी राम यादव स्कूल का उत्कृष्ट परिणाम

भाटापाराः /नवप्रदेश।नगर के प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक (1930 में स्थापित) इतवारी राम यादव शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के बोर्ड परीक्षा परिणामों में अपनी उत्कृष्टता से विद्यालय को गौरवान्वित किया। संस्था की प्राचार्य डॉ. अर्चना वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में स्कूल के 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और अंचल का नाम रोशन किया है।

12वीं में 44 छात्रों ने मारी प्रथम श्रेणी की बाजी– विद्यालय के कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों के अनुसार, कुल 44 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके साथ ही 19 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी और 1 छात्र ने तृतीय श्रेणी हासिल की है।

वही कक्षा 10वीं में भी स्कूल का प्रदर्शन अत्यंत शानदार रहा है। 10वीं की परीक्षा में कुल 115 छात्र शामिल हुए थे, जिनमें से 34 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की है। इसके अलावा 38 छात्र द्वितीय श्रेणी और 16 छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं ।10वीं कक्षा में राहुल कुमार साहूः 95.00त के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान,सौरभ वमार्ः 88.17त के साथ द्वितीय स्थान औरदीपकुमार ध्रुवः 82.83त के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

प्राचार्य ने सफल विद्यार्थियों को दी बधाई

संस्था की प्राचार्य डॉ. अर्चना वर्मा और विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी सफल विद्यार्थियों और उनके पालकों को उनकी इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी है। प्राचार्य ने कहा कि यह उत्कृष्ट परिणाम बच्चों की कड़ी मेहनत, लगन और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का नतीजा है। विद्यालय परिवार आने वाले समय में भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर शिक्षा के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

12वीं कक्षा में इन छात्रों ने किया टॉपः
ओमकार सोनीः 86.2त के साथ प्रथम स्थान,
राघवेन्द्र साहूः 83.4त के साथ द्वितीय स्थान और
देवनारायणः 81.8त के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

मुलाकातः रेल महाप्रबंधक से मिलकर सांसद ने रखी मांग, भाटापारा के लोगों ने सांसद के प्रति जताया आभार

बिलासपुर से चलने वाली ट्रेनों का भाटापारा में हो स्टॉपेजः लक्ष्मी वर्मा

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से नव निर्वाचित राज्य सभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक से मुलाकात करते हुए दुर्ग से पूरी (व्हाया रायपुर बिलासपुर झारसुगडा,संबलपुर)ट्रेन चलाने,बिलासपुर से चलने वाली सभी 4 ट्रेनों का भाटापारा स्टॉपेज स्वीकृत करने सहित एक 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है।नगर वासियों ने भाटापारा के हितों को दमदारी से रखने के लिए श्रीमती वर्मा का आभार जताया है।

विदित हो कि दाधापारा से रायपुर के मध्य स्टेशनों का निरीक्षण करते हुए रेल महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश रायपुर स्टेशन पहुंचे थे। सांसद लक्ष्मी वर्मा ने उनसे मुलाकात करते हुए रेल यात्रियों के हितों और उनकी सुविधाओं को बढ़ाने ,उनकी मांगो पर सहानुभूति पूर्वक निर्णय लेने की उनके समक्ष बात रखी और क्षेत्र के यात्रियों के लिए 12 सूत्रीय मांग पत्र उनके सामने प्रस्तुत किया। अपने मांग पत्र में सांसद श्रीमती वर्मा ने बिलासपुर से चलने वाली

12441/12442 बिलासपुर नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 20825/20826 बिलासपुर नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस,12851/12852 बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेस और 22939/22940 बिलासपुर ओखा एक्सप्रेस का भाटापारा स्टॉपेज को स्वीकृती देने, रायपुर बिलासपुर के मध्य लोकल /मेमू/ ट्रेनों की संख्या को बढ़ाने,

रायपुर से प्रातःकालीन लोकल ट्रेन उस्लापुर के रास्ते अनुपपुर,शहडोल तक चलाने, हथबंद रेलवे स्टेशन के समपार गेट क्रमांक 391 पर स्वीकृत अंडर ब्रिज का कार्य प्रारंभ करने, 08261/08262 बिलासपुर यहलांका एक्सप्रेस को रि नंबर 18261/18262 के साथ शीघ्र चालू करने, भाटापारा रेलवे स्टेशन में चल रहे अमृत भारत स्टेशन निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने, 12771/12772 सिकंदराबाद रायपुर एक्सप्रेस को भाटापारा होते हुए बिलासपुर तक बढ़ाने, 18109/18110 टाटा नगर इतवारी एक्सप्रेस का हथबंद रेलवे स्टेशन पर पुनःस्टॉपेज देने, दुर्ग से पूरी के मध्य रोजाना एक इंटरसिटी एक्सप्रेस व्हाया रायपुर,भाटापारा, बिलासपुर झारसुगडा,संबलपुर मार्ग होकर चलाने,दुर्ग से कामख्या(गुवाहाटी)के लिए रायपुर,भाटापारा, बिलासपुर, झारसुगडा,टाटा नगर होते हुए नई ट्रेन प्रस्तावित करने,लोकल ट्रेनों के डिब्बों की संख्या 8 से बढ़ाकर 12 करने तथा पैराडाइज होटल और डब्लू आर एस के मध्य प्रस्तावित अंडर ब्रिज का काम शीघ्र चालू करने की मांग रखी है। श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने बताया कि रेलवे महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश ने उनके विषयों को गंभीरता से सुना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विजन अनुसार छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और सुगम रेल सुविधा उपलब्ध कराना हम सभी की प्राथमिकता है।

भाई की शादी में भाजपा नेत्री ने की हर्ष फायरिंग, बच्चे भी दिखे बंदूक के साथ, कांग्रेस बोली-प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट

रायपुर/नवप्रदेश। एक शादी समारोह के दौरान खुलेआम हर्ष फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें भाजपा से जुड़ी मंडी सदस्य मोनिका सिंह के परिवार के लोग हथियारों के साथ नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक हलकों से लेकर सोशल मीडिया तक इसको लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

शादी समारोह में हथियारों का प्रदर्शन: बताया जा रहा है कि यह कार्यक्रम मोनिका सिंह के भाई प्रतीक सिंह की शादी का था। समारोह में बड़ी संख्या में रिश्तेदार और मेहमान मौजूद थे। वायरल वीडियो में मोनिका सिंह के पति ऋतुपर्ण सिंह समेत कई लोग बंदूक और पिस्टल से हवा में फायरिंग करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में महिलाएं और युवतियां भी हथियार हाथ में लेकर रील बनाती नजर आ रही हैं। यह वीडियो फिल्म 'धुरंधर' के गाने पर बनाया गया बताया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर उठे सवाल: जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम में डीजे और तेज संगीत के बीच हथियारों का खुलेआम प्रदर्शन किया गया। वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं कि आखिर

सार्वजनिक समारोहों में इस तरह हथियारों का इस्तेमाल कैसे हो रहा है। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने कानून व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है और पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल खड़े किए हैं।

सरकारी कर्मचारी हैं ऋतुपर्ण सिंह: ऋतुपर्ण सिंह के बारे में बताया जा रहा है कि वे बिलासपुर में चतुर्थ श्रेणी के शासकीय कर्मचारी हैं। वहीं उनकी पत्नी मोनिका सिंह भाजपा से जुड़ी हुई हैं और मंडी सदस्य के पद पर कार्यरत हैं। वीडियो वायरल होने के बाद मामला राजनीतिक रंग भी लेने लगा है।

कांग्रेस ने सरकार को घेरा

कांग्रेस प्रवक्ता अभय नारायण ने इस घटना को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि जिन लोगों को हथियारों के लाइसेंस दिए गए हैं, उनके उपयोग की समय-समय पर जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था कमजोर होती दिखाई दे रही है और सरकार को ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाने चाहिए।

पुलिस बोली जांच होगी

इधर, रायपुर पुलिस का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन वायरल वीडियो के आधार पर पूरे घटनाक्रम की जांच की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वीडियो की सत्यता और उसमें दिख रहे लोगों की पहचान की जा रही है।

भाजपा नेता से करीबी की चर्चा

स्थानीय लोगों का कहना है कि राजधानी में इस तरह खुलेआम हर्ष फायरिंग होना गंभीर विषय है। कई लोगों ने आरोप लगाया कि प्रभावशाली लोगों के मामलों में पुलिस का रवैया अक्सर नरम दिखाई देता है। वहीं, चर्चा यह भी है कि ऋतुपर्ण सिंह भाजपा नेता सौरभ सिंह के करीबी माने जाते हैं और उन पर पहले भी शादी समारोहों में हर्ष फायरिंग करने के आरोप लग चुके हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

न्यूज गैलरी

मातृत्व दिवस पर वृद्धाश्रम पहुंची रायपुर पुलिस की महिला टीम

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस कमिश्नरेट की सीएडब्ल्यू विंग की महिला टीम ने मातृत्व दिवस के अवसर पर संवेदनशील पहल करते हुए टिकरापारा स्थित चितवन वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां रह रही माताओं के साथ समय बिताया और उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (सीएडब्ल्यू) डॉ. अर्चना झा, महिला थाना प्रभारी अर्चना धुरंधर तथा पिंक पेट्रोल यूनिट की महिला टीम शामिल रही। पुलिस अधिकारियों ने वृद्धाश्रम में मौजूद महिलाओं को पुष्प भेंट कर उनका सम्मान किया और उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही उनसे बातचीत कर उनके स्वास्थ्य एवं दैनिक जीवन से जुड़ी जानकारी भी ली। इस दौरान माताओं के साथ केक काटकर मातृत्व दिवस मनाया गया तथा उन्हें उपहार भी भेंट किए गए। पुलिस टीम ने उनके साथ समय बिताकर उन्हें अपनापन और सम्मान का एहसास दिलाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने पिंक पेट्रोल यूनिट द्वारा महिला सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी साझा की। इसके बाद पुलिस टीम मदर टेरेसा मनोरोग संस्था पहुंची, जहां मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही माताओं और बालिकाओं से मुलाकात की गई। यहां पुलिस अधिकारियों ने उन्हें फूल और मिठाइयां भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके साथ बैठकर बातचीत की। इस अवसर पर आयोजित छोटे से सांस्कृतिक कार्यक्रम में बालिकाओं ने मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

संबित मिश्रा ने रायपुर नगर निगम आयुक्त का पदभार संभाला

रायपुर/नवप्रदेश। संबित मिश्रा ने छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम के नए आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2018 बैच के अधिकारी संबित मिश्रा इससे पहले जिला प्रशासन बीजापुर में कलेक्टर के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने सोमवार को रायपुर नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन स्थित आयुक्त कार्यालय पहुंचकर औपचारिक रूप से कार्यभार संभाला। महात्मा गांधी सदन पहुंचने पर नवपदस्थ आयुक्त का निगम अधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान निगम के अपर आयुक्त सामान्य प्रशासन लोकेश्वर साहू तथा उपायुक्त सामान्य प्रशासन कृष्णा खटीक ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने नए आयुक्त को शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व में शहर के विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने की उम्मीद जताई।

अधिवक्ता पर जानलेवा हमला करने के चार आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजातालाब में पुरानी रंजिश के चलते वकील पर चाकू और लाठी से जानलेवा हमला करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को ओडिशा और महाराष्ट्र के अलग अलग शहरों से पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक 8 मई को राजातालाब निवासी वकील रजीमुद्दीन पर पड़ोस में रहने वाले आरोपियों ने चाकू और लाठी से हमला कर दिया था। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में पीड़ित के भाई जियाउद्दीन ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद सिविल लाइन थाना, तेलीबांधा थाना और एसीसीयू टीम ने तकनीकी जांच शुरू की। जांच के आधार पर आरोपी मोहम्मद फजल खान, मोहम्मद सरताज शरीफ, फैजान हुसैन और अब्दुल कलाम उर्फ राजा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों को ओडिशा और महाराष्ट्र के अलग-अलग जिलों से पकड़ा। रविवार को सभी आरोपियों का जुलूस निकालकर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया।

मॉल पार्किंग में शिक्षक परिवार से मारपीट, काउंटर एफआईआर

रायपुर/नवप्रदेश। मैग्नेटो मॉल की पार्किंग में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और उसके भाई पर शिक्षक के परिवार से मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगा है। मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। दोनों पक्षों की शिकायत पर तेलीबांधा थाना पुलिस ने काउंटर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। जानकारी के अनुसार ग्राम सकरी खरोरा निवासी शिक्षिका धनिशा धीवर शनिवार रात अपने परिवार और बच्चों के साथ मैग्नेटो मॉल घूमने आई थीं। रात करीब 8.30 से 9 बजे के बीच उनका चालक गोपेश साहू पार्किंग से वाहन निकाल रहा था। इसी दौरान इन्फ्लुएंसर सोमा देवांगन, गरिमा और रोहन भी अपनी कार से बाहर निकल रहे थे। आरोप है कि कार चालक रोहन वाहन से उतरकर गोपेश साहू से गाली-गलौज करने लगा और धौंस दिखाने लगा। शिकायत के मुताबिक जब गोपेश पार्किंग स्टाफ से बात करने जा रहा था, तब रोहन, सोमा देवांगन और गरिमा ने उसके साथ झूमाझटकी की।

ऑपरेशन 'निश्चय' के तहत रायपुर रेंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई

378 किलो गांजा जब्त, 12 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रेंज पुलिस ने ऑपरेशन 'निश्चय' के तहत गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए महासमुंद, धमतरी और गरियाबंद जिलों में संयुक्त नाकेबंदी कर 378.060 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। मामले में 12 अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत 1 करोड़ 89 लाख 3 हजार रुपये बताई गई है, जबकि 11 वाहनों सहित कुल जब्त संपत्ति की कीमत करीब 1 करोड़ 98 लाख 5 हजार रुपये आंकी गई है।

पुलिस के अनुसार, तस्करों ने गांजा तस्करी के लिए बेहद शातिर तरीका अपनाया था। आरोपी बाहर से कपड़ा फेरीवालों (स्ट्रीट वेंडर्स) की तरह दिखाई देते थे, लेकिन मोटरसाइकिलों की पिछली सीट पर कपड़ों के ढेर के पीछे विशेष लोहे के जालीदार कम्पार्टमेंट बनाकर गांजा छिपाया गया था। पुलिस ने तकनीकी सूचना, लगातार निगरानी और अंतरराज्यीय चेक पोस्टों पर सघन वाहन जांच के जरिए इस तस्करी नेटवर्क का खुलासा किया।

पुलिस जांच में सामने आया कि गांजा उड़ीसा के बालिगुड़ा और तितरी रायगढ़ा क्षेत्रों से लाकर मध्यप्रदेश में खपाने की तैयारी

थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले भी तस्कर एम्बुलेंस, केला परिवहन, मूवर्स एंड पैकर्स, ऑटो, बस और ट्रेन की आड़ में गांजा तस्करी की कोशिश कर चुके हैं, जिन्हें रायपुर रेंज पुलिस ने विफल किया था।

महासमुंद जिले में बड़ी कार्रवाई: महासमुंद पुलिस ने थाना बसना और कोमाखान क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए कुल 247 किलोग्राम गांजा जब्त किया। इस दौरान सात मोटरसाइकिलें, छह मोबाइल फोन और गांजा छिपाने के लिए उपयोग किए गए लोहे के जाले भी बरामद किए गए। कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपियों में मेताप टाटिया, रमेश चौहान, राजू कुमावत टाकिया, दीपक राजपूत, प्रकाश बंजारा सहित अन्य आरोपी शामिल हैं।

धमतरी में 131 किलो गांजा जब्त

धमतरी पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 131.005 किलोग्राम गांजा जब्त कर दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया, जबकि एक विधि से संघर्षरत बालक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों में राजेश ओबनी और दौलत सिंह शामिल हैं। पुलिस ने तीन मोटरसाइकिलें, मोबाइल फोन और नगदी भी जब्त की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह पूरा नेटवर्क संगठित गिरोह के रूप में काम कर रहा था और अलग-अलग राज्यों में इसी नए तरीके से गांजा सप्लाई की जा रही थी। मामले में आगे की जांच जारी है और अन्य तस्करों की तलाश की जा रही है।

पावर कंपनी की उपलब्धियों के लिए डॉ. रोहित यादव का जताया आभार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज मुख्यालय स्थित सेवाभवन में आयोजित समारोह में अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव को वित्त विभाग का सचिव नियुक्त किए जाने पर शुभकामनाएं दी गईं और उन्हें छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष पद से भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर पावर कंपनी की ओर से प्रबंध निदेशकों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रोहित यादव ने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा में रहते हुए उन्हें राज्य शासन और केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में कार्य करने का अवसर मिला, लेकिन पावर कंपनी में काम करने का अनुभव विशेष रहा। उन्होंने कहा कि यहां के अधिकारी-कर्मचारियों की लगन, समर्पण और टीमवर्क सराहनीय है तथा किसी भी लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी पूरी तन्मयता से कार्य करते हैं।

उन्होंने पावर कंपनी की कार्यसंस्कृति, तकनीकी समझ और जिम्मेदारीपूर्ण कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां का अनुभव उनके लिए सीखने वाला रहा है। कार्यक्रम में पावर कंपनीज के प्रबंध निदेशक एस.के. कटियार, राजेश कुमार शुक्ला और भीमसिंह कंवर ने कहा कि डॉ. यादव के मार्गदर्शन में पावर कंपनी ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, स्मार्ट मीटर परियोजना और अन्य योजनाओं में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। कार्यालयों में ई-ऑफिस और बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रणाली को तेजी से लागू किया गया, जिससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और गति आई।

अधिकारियों ने बताया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली मैदानी कठिनाइयों को समझते हुए आवश्यक प्रावधान किए गए, जिसके परिणामस्वरूप गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में सफलता मिली। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा जनरेशन कंपनी को 76.44 प्रतिशत पीएलएफ के साथ देशभर में विद्युत उत्पादन के लिए तीसरा स्थान दिया गया। वहीं उपभोक्ता सेवाओं में सुधार के चलते डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की रैंकिंग बी से ए श्रेणी में पहुंची।

चाकू लहराकर दहशत फैलाने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार, टिकरापारा पुलिस की कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने टिकरापारा क्षेत्र में चाकू लहराकर दहशत फैलाने और महिला से मारपीट करने वाले दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी तुषार सेन उर्फ राजा और उसका छोटा भाई भूषण सेन मामूली विवाद के दौरान हाथ-मुक्कों से मारपीट करने के साथ ही ईंट-पत्थर फेंककर क्षेत्र में दहशत फैलाने लगे। इस दौरान आरोपी चाकू लहराकर लोगों को धमका रहे थे।

घटना थाना टिकरापारा क्षेत्र स्थित न्यू सुभाष नगर की है। प्रार्थिया पार्वती निखारें ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि 10 मई 2026 की शाम करीब

6:15 बजे वह अपने घर के सामने कपड़े धो रही थीं। इसी दौरान क्षेत्र में झगड़ा कर रहे आरोपी उन्हें देखकर गाली-गलौज करने लगे और थाना में रिपोर्ट करने की बात कहकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। आरोपियों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से ईंट-पत्थर फेंके और हाथ में धारदार चाकू लेकर लहराने लगे। मामले में थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 406/2026 के तहत धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया।

पुलिस उपायुक्त संदीप पटेल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राहुल देव शर्मा तथा सहायक पुलिस आयुक्त नवनीत पाटित के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मरई के नेतृत्व में टीम गठित कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम ने लगातार पूछताछ, तकनीकी जानकारी और संभावित ठिकानों पर दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी तुषार सेन उर्फ राजा के खिलाफ थाना कोतवाली और टिकरापारा में पहले से चार आपराधिक मामले दर्ज हैं।

नगरीय प्रशासन विभाग की नई सचिव शंगीता आर. ने संभाला कार्यभार

इंद्रावती भवन पहुंचकर योजनाओं की समीक्षा की

रायपुर/नवप्रदेश। शंगीता आर. ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की नई सचिव के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद सोमवार को नवा रायपुर स्थित इंद्रावती भवन पहुंचकर विभागीय संचालनालय और स्टेट अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (सूडा) कार्यालय का भ्रमण किया।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात कर कार्यस्थल पर समयबद्ध उपस्थिति, प्रशासनिक कुशलता और तन्मयता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा कर विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं की प्रगति की

जानकारी ली तथा योजनाओं के समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश दिए। सचिव शंगीता आर. ने अधिकारियों की बैठक लेकर नगरीय निकायों के कार्यों, अधोसंरचना विकास, स्वच्छता, जलप्रदाय, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन और अन्य शहरी विकास परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

उन्होंने अधिकारियों को लंबित कार्यों को तय समय-सीमा में पूरा करने तथा सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय योजनाओं के बेहतर संचालन, कार्यों में तेजी लाने और नागरिक सुविधाओं को और अधिक मजबूत बनाने पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान शंगीता आर. ने अपने प्रशासनिक जीवन से जुड़ा एक विशेष अनुभव भी साझा किया।

उपलब्धि: सन् 2000 में प्रसिद्ध लैप्रोस्कोपिक एवं बैरियाट्रिक सर्जन डॉ. ओम तांतिया ने शुरू किया अस्पताल

ILS हॉस्पिटल्स ने 20,000 से अधिक मरीजों का सफल उपचार कर ट्रस्ट एंड फेथ को किया मजबूत

रायपुर/नवप्रदेश। ILS हॉस्पिटल्स रायपुर ने अपने संचालन के पहले वर्ष में 20,000 से अधिक मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस दौरान अस्पताल ने क्षेत्र के मरीजों के बीच मजबूत ÷Trust & Faith" स्थापित किया है।

अस्पताल द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, एक वर्ष में 2,200 से अधिक डायलिसिस, 800+ कैथ लैब एवं कार्डियक प्रक्रियाएं, 450+ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी प्रक्रियाएं, 10 किडनी ट्रांसप्लांट, 500 से अधिक सर्जरी तथा 7,100 से अधिक रेडियोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक की गई हैं।

ये उपलब्धियां अस्पताल की अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, अनुभवी चिकित्सकों, मरीज-केंद्रित दृष्टिकोण और समुदाय के बढ़ते विश्वास को दर्शाती हैं। ILS हॉस्पिटल्स की स्थापना वर्ष 2000 में प्रसिद्ध लैप्रोस्कोपिक एवं बैरियाट्रिक सर्जन डॉ. ओम तांतिया द्वारा मात्र 8 बेड से की गई थी। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में आज यह समूह देश के प्रमुख मल्टीस्पेशियलिटी हेल्थकेयर संस्थानों में शामिल हो चुका है, जो 800 से अधिक बेड के साथ सेवाएं प्रदान कर रहा है। समूह

आधुनिक चिकित्सा सेवाओं, अत्याधुनिक तकनीक, नैतिक चिकित्सा पद्धतियों और मरीज-केंद्रित देखभाल के लिए जाना जाता है। इस अवसर पर ILS हॉस्पिटल्स समूह के ग्रुप COO, डॉ. विशाल गोयल ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से समूह उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं और उच्च गुणवत्ता वाले उपचार के लिए जाना जाता रहा है। उन्होंने बताया कि ILS हॉस्पिटल्स रायपुर, समूह का पांचवां अस्पताल है, जिसने छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में तेजी से अपनी मजबूत पहचान बनाई है। उन्होंने यह भी कहा कि समूह का उद्देश्य हर मरीज को उन्नत उपचार, आधुनिक तकनीक और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। ILS हॉस्पिटल्स रायपुर के COO, डॉ. सौरभ चोर्डिया ने कहा कि अस्पताल उच्च गुणवत्ता और विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है, जहां मरीज संतुष्टि सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अस्पताल के समर्पित डॉक्टरों, कुशल नर्सिंग स्टाफ, प्रशिक्षित पैरामेडिकल टीम और सभी कर्मचारियों को दिया।

ILS हॉस्पिटल्स रायपुर आने वाले समय में भी स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए मरीजों के विश्वास और भरोसे को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

OPD केयर कार्ड का शुभारंभ: एक वर्ष की सफल पूर्णता के अवसर पर ILS हॉस्पिटल्स रायपुर ने 'OPD केयर कार्ड' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह पहल आम जनता के लिए किफायती, सुलभ और समुदाय-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। यह लंबे समय से चिंता का विषय रहा है कि OPD सेवाएं अधिकांश बीमा योजनाओं में शामिल नहीं होती हैं, जिससे मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है।

सुविचार

आपका सम्मान उन शब्दों में नहीं है जो आपके सामने कहे गए हों बल्कि उन शब्दों में हैं जो आपकी अनुपस्थिति में आपके लिए कहे जाते हों।

टीएमसी में गहराती अंतर्कलह

बंगाल विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त खाने के बाद अब टीएमसी में अंतरकलह गहराने लगी है। टीएमसी सुप्रीमों ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी की पराजय का ठिकरा अपने ही नेताओं के सिर पर फोड़ना शुरू कर दिया है। जबकि टीएमसी के कई विधायक और अन्य नेता टीएमसी की हार के लिए ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। यह बात ममता बनर्जी को नागवार गुजर रही है और उन्होंने ऐसे नेताओं पर भी अनुशासन की तलवार चलानी शुरू कर दी है। उन्होंने टीएमसी के तीन राष्ट्रीय प्रवक्ताओं को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है इसके अलावा दर्जनभर अन्य नेताओं को भी पार्टी से निलंबित कर दिया है। गौरतलब है कि टीएमसी के प्रवक्ता रिजू दत्ता ने पार्टी की हार के लिए अभिषेक बनर्जी की कार्यशैली को जिम्मेदार ठहराया था इसी से ममता बनर्जी नाराज हो गई। अपने निष्कासन के बाद रिजू दत्ता ने टीएमसी की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाएं हैं और उन्होंने एक चौकाने वाला यह बयान दिया है कि चुनाव में टीएमसी की हार के बाद उनकी कार को भाजपाईयों ने घेर लिया था तब उन्हें अपने जान की चिंता सताने लगी थी। खासतौर पर अपने मुस्लिम ड्रायवर को लेकर वे चिंतित हो उठे थे लेकिन भाजपाईयों ने उन्हें कुछ नहीं कहा और जाने दिया। रिजू दत्ता ने यह भी कहा है कि जिस दिन मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या हुई थी और शुभेंदु अधिकारी अस्पताल से बाहर निकले थे तो उन्होंने एक बयान देकर पांच हजार से ज्यादा टीएमसी कार्यकर्ताओं की जान बचा दी थी। मुख्यमंत्री ने आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील की थी कि वे कानून अपने हाथ में न लें दोषियों के खिलाफ सरकार कड़ी से कड़ी कार्यवाही करेगी। यदि शुभेंदु अधिकारी ऐसा नहीं कहते तो उस दिन हजारों टीएमसी कार्यकर्ताओं की हत्या हो जाती। इसी तरह टीएमसी के विधायक नियामत शेख और अखरूज्जमा ने टीएमसी की हार का कारण हुमायूं कबीर को पार्टी से निकालना बताया है जिन्होंने अपनी अलग पार्टी बनाकर टीएमसी को नुकसान पहुंचाया। मुस्लिम वोट बट गये और हिन्दू वोट एकजुट हो गये। टीएमसी के अन्य नेताओं ने भी पार्टी की हार का कारण ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी की मनमानी को बताया है। कुल मिलाकर टीएमसी में अब अंतरकलह गहराने लगी है और पार्टी अब टूट की कगार पर पहुंच रही है। यह गनीमत है कि भाजपा ने टीएमसी नेताओं के लिए अपने दरवाजे अभी बंद रखें हैं वरना बड़ी संख्या में विधायक और अन्य नेता टीएमसी से पल्ला झाड़कर भाजपा में शामिल हो गये होते। देर सवेर टीएमसी का टूटना तय माना जा रहा है।

तमिलनाडु के नए सीएम के सामने चुनौतियां

तमिलनाडु में जोसेफ विजय ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है और इसी के साथ ही उन्होंने अपने एक चुनावी वादे को अमलीजामा पहनाते हुए दो सौ यूनिट तक बिजली को फ्री करने की फाइल पर हस्ताक्षर कर दिये हैं। अब उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने चुनावी घोषणा पत्र में किये गये वादों को पूरा करना है। गौरतलब है कि उन्होंने हर परिवार की एक महिला को ढाई हजार रूपये मासिक सम्मान निधि देने की, शादी के समय आठ ग्राम सोना देने की तथा हर परिवार को साल में छह रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त देने की तथा बेरोजगारों को 4000 रूपये महिना देने की तथा महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा प्रदान करने की और आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 18 हजार रूपये महिना वेतन देने और किसानों का कर्ज माफ करने सहित और भी ढ़ेरों घोषणाएं कर रखी है। इन सभी घोषणाओं को यदि अमलीजामा पहनाया जाता है तो इस पर 12 लाख करोड़ रूपये सालाना खर्च आएगा जबकि तमिलनाडु सरकार का बजट 2 लाख करोड़ रूपये है ऊपर से दुबर पर दो अषाढ़ वाली बात यह है कि तमिलनाडु पर 11 लाख करोड़ का कर्जा है। कर्ज के मामले में तमिलनाडु की गिनती देश के सबसे बड़े कर्जदार राज्यों में होती है। ऐसी स्थिति में जबकि पहले ही तमिलनाडु कर्ज से सिर से पांव तक लदा हुआ है ऐसे में इन चुनावी घोषणाओं को पूरा करने के लिए नये मुख्यमंत्री जोसेफ विजय के पास संसाधन कहां से आएंगे। यह विचारणीय मुद्दा है। तमिलनाडु सरकार जब तक 11 लाख करोड़ का कर्ज अदा नहीं करेगी। तब तक उसे नया कर्ज भी प्राप्त नहीं होगा। बहरहाल देखना दिलचस्प होगा कि तमिलनाडु की नई सरकार ने वहां की जनता को सुनहरे सपने दिखाकर उनका वोट हासिल किया है उन सपनों को वह कैसे साकार करेगी। यदि वह इसमें विफल रही तो तमिलनाडु की जनता इस नई सरकार को भी उखाड़ फेंकने में देर नहीं लगाएगी। वैसे भी अल्पमत वाली यह सरकार कागज की नांव की मानिंद है जिसका देर तक और दूर तक सफर कर पाना नामुमकिन होता है। यदि एक भी सहयोगी दल ने समर्थन वापस लिया तो यह सरकार गिर सकती है।

सिनेमाई नायक से जननायक बनने की विजय यात्रा

नरेंद्र तिवारी

भारत की राजनीति विविध रंगों से सजी हुई हैं। राज्यों की राजनीति की ये सज़ावट वक़्त के साथ बदलती भी रहती हैं। पांच राज्यों के हालिया चुनाव में भी राजनीति के विविध रंग नजर आए। विविधताओं से भरी राजनीति सिर्फ राजनैतिक दलों के झंडो की विविधता के रूप में ही नहीं दिखती, यह विभिन्न राजनैतिक विचारों के रूप में भी नजर आती हैं। यह लोकतंत्र की सज़ावट हैं। पांच राज्यों के चुनावों में सबसे अधिक सुर्खियों में रहा पश्चिम बंगाल जंहा भाजपा के मजबूत संगठन ने ममता बेनर्जी के अभेद किले को भेदने में सफ़लता पाई। यहाँ शुभेन्दु अधिकारी के नैतृत्व में भाजपा की सरकार बनी। असम में हेमंत विश्वशर्मा ने अपना जादू बरकरार रखा। केरलम में कांग्रेस ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया। पूंडूचेरी में एनडीए गठबंधन विजय रहा। किंतु इन सबसे अलग, सबसे जुदा और परिवर्तनकारी सुर्खियां तमिलनाडु ने बटोरी जंहा राजनीति के मैदान में महज दो बरस पहले निर्मित एक नए नवेले राजनितिक दल के नेता थालपति विजय ने परदे के नायक की छवि के बल पर विधानसभा चुनाव में सफ़लता प्राप्त कर 60 सालो से भी अधिक समय से राजनीति कर रहे स्थापित दलों को धुल चटाई।

थलापति विजय का 10 मई 2026 को चैन्नई के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में तमिलनाडु राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करना एक फ़िल्मी अभिनेता का असल राजनीति में महज नेता बन जाने की कहानी भर नहीं, यह राज्य के मुखिया याने मुख्यमंत्री के पद पर काबिज होने की सफ्लतम कहानी हैं। यह कहानी भी फ़िल्म जैसी हैं। किंतु सच ये हैं की यह फ़िल्मी नहीं असल कहानी हैं। सिनेमाई किरदार को लेखक लिखता भी गढ़ता भी इसमें थोड़ी असली कहानी के साथ कल्पनाशीलता होती हैं। परदे का यह नायक बेईमानी के खिलाफ लडता हैं। गुंडों, बलात्कारियों, शराब तस्करों का भंडाफोड़ करता हैं। जनता के लिए लड़कर दर्शकों को ईमानदारी और नैतिकता का पाठ पढ़ाता हैं। जीवन की वास्तविकताओं से बिल्कुल अलग फ़िल्मी कहानी को महज तीन घंटे में प्रदर्शित करना होता हैं। हिंदी सिनेमा की नायक फ़िल्म में एक दिन का मुख्यमंत्री राज्य की बेहतरी के लिए फ्टाफ्ट त्वरित निर्णय लेकर स्थापित मुख्यमंत्री की चुनौती को स्वीकार करता हैं। अपने कार्य से जन समस्या का त्वरित निराकरण फ़िल्म में ही सम्भव हैं। असल राजनीति में यह सम्भव नहीं हैं। इस फ़िल्म में नायक अनिल कपूर के अभिनय की तारीफ हुई थी। फ़िल्म ने उनकी छवि को निखारा भी था।

तमिलनाडु राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण करने वाले थालपति विजय के सामने अब फ़िल्मी नायक की छवि को बरकरार रखने का बड़ा सवाल खड़ा हुआ हैं। वह इसलिए की राज्य की असल राजनीति अनेकों बुराइयों से घिरी हुई होती हैं। असल में मुख्यमंत्री सम्पूर्ण राज्य का होता हैं। किंतु वह अपनी पार्टी के विधायक दल का नेता होता हैं। इस कारण अपनी राजनैतिक पार्टी के संरक्षण का जिम्मा भी उसी का होता हैं। एक मुख्यमंत्री जब विकास राशि का वितरण कर रहा होता हैं तब उसे अपनी पार्टी के विधायकों का अधिक ध्यान रखता होता हैं। अभी जैसे एक राजनैतिक जुमला डबल इंजिन की सरकार के रूप में प्रचलित हैं। इस राजनैतिक जुमले का अर्थ ही यही हुआ की केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार होगी तभी विकास तेजी से होगा।

राजनैतिक दल जनता के द्वारा दी गयी धनराशि से नहीं चलाया जा सकता हैं। यह बड़े-बड़े उद्योगपतियों के दिए मोटे चंदे से चलता हैं। यह ओद्योगिक घराने चंदा देकर व्यवसायिक लाभ कमाने में माहिर होते हैं।

फ़िल्मी नायक तो फ़िल्म में इस व्यवस्था का विरोधी होता हैं। किंतु थालपति विजय इन बुराइयों का असल मुख्यमंत्री रहते कैसे सामने कर पाते हैं, यह देखने वाली बात होगी। राजनीति में व्याप्त भाई भतीजा वाद से निपटना विजय के लिए खासा मशक्क़त भरा हो सकता हैं। ऐसा नहीं हैं की थालपति विजय के पूर्व तमिलनाडु में कोई फ़िल्मी अभिनेता मुख्यमंत्री नहीं बना हो। एमजी रामचंद्रन वर्ष 1977 से 1987 तक 10 बरस तमिलनाडु के सीएम रहे हैं। जयललिता एक लोकप्रिय अभिनेत्री रही जो मुख्यमंत्री बनी, एम करुणानिधि तमिल फिल्मो के पटकथा लेखक से राजनेता बने तमीलनाडु राज्य के मुख्यमंत्री भी रहे हैं। किंतु इन तीनो को मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने में लम्बा समय लगा, जबकि विजय को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर पहुंचने के लिए महज दो साल का सघर्ष करना पढ़ा इस लिहाज से तमिलनाडु की जनता ने थालपति विजय को कम समय में ही मुखिया की कुर्सी पर बैठा दिया।

अब सवाल यह उठता हैं की फ़िल्म में नायक का किरदार निभाने वाले सुपर स्टार असल जीवन की काँटों भरी राजनीति में तमिलनाडु राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में उसी तरह जनता के प्रिय बने रहेंगे, जैसे फ़िल्म के नायक के रूप में उनकी छवि जनता के मन में अंकित हैं। फ़िल्म में गरीबो का मसीहा, ईमानदार अफ्सर, सिद्धांत वादी नेता, माफ़ियाओ का दुश्मन मुख्यमंत्री के रूप इन भूमिकाओ का निर्वहन कर पाएगा। जबकि मुख्यमंत्री के रूप में अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू की गयी मुहीम उन्हें जनता का असली नायक बना सकती हैं। टीवीके पार्टी के नेता के रूप में उन्होंने जनता से समाजिक न्याय और सच्चे धर्मनिरपेक्ष राज्य की स्थापना का वादा भी किया हैं। तमिलनाडु राज्य के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें गठबंधन के साथियों के साथ अपने घोषणा-पत्र में किये वायदो को भी पूरा करना हैं। महिलाओं को 2500 रु मासिक सहायता, स्नातको के लिए 4000 रु बेरोजगारी सहायता और मुफ्त एलपीजी सिलेंडर जैसे लोक लुभावन वादे भी पुरे करना हैं। तब क्या यह माना जाए की जनता घोषणाओं के आकर्षण पर मतदान करती हैं। तमिलनाडु राज्य के चुनाव में नायक की छवि और घोषणाओं ने मिलकर कम समय में चुनाव में सफ्लता प्राप्त की हैं। आने वाले समय में यह सवाल कायम रहेगा की क्या नायक की छवि से न्याय कर पाए मुख्यमंत्री थालपति विजय।राजनीति के विविध रंगों में दक्षिण के रंग भी असरकारी हैं। जिस प्रकार से फ़िल्मी नायको, नायिकाओं के प्रति आस्था यहाँ बताई जाती हैं वह काबिलेगौर हैं। फ़िल्मी कलाकारों को ईश्वर की तरह पूजने और उनके मंदिर बनाए जाने की दक्षिण राज्यों की संस्कृति और परम्परा हैं। अभिनेताओं और अभिनेत्रियों के प्रति तमिलनाडु राज्य की जनता का प्रेम आस्था और विश्वास हैं। यह कला का सम्मान भी हैं। इसी जनता ने एमजी रामचंद्रन, जे जयललिता को भी मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचाया था। पटकथा लेखक एम करुणानिधि भी इसी क्रम में शामिल हैं। अब थालपति विजय भी सिनेमाई नायक से राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं। उम्मीद करनी चाहिए विजय की यह यात्रा सफ्लता के सोपान चढ़ेगी। तमिलनाडु राज्य का यह जननायक तमाम राजनैतिक मजबूरियों के बावजूद अपने नायक को जिन्दा रख पाएँगा।

समाज के लिए नर्सों के योगदान को नमन

योगेश कुमार गोयल

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर विशेष

दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता हैं, जिनकी इस वर्ष हम 206वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती को 12 मई को एक विशेष थीम के साथ 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' के रूप में मनाया जाता है और इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। इस वर्ष यह दिवस 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं।' थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस विषय का उद्देश्य सुरक्षित वातावरण, उचित वेतन और नेतृत्व के अवसरों के माध्यम से नर्सों को सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि रोगी देखभाल और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार किया जा सके। 'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 206 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना। फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंचकर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यों के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से 'लेडी विद द लैंप' कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थी 1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटी, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई और उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई। सेवाभाव से किए गए फ्लोरेंस नाइटिंगेल के कार्यों ने नर्सिंग व्यवसाय का चेहरा ही बदल दिया था, जिसके लिए उन्हें रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति द्वारा सम्मानित किया गया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति फ्लोरेंस की सेवा भावना को देखते हुए ही नर्सिंग को उसके बाद महिलाओं के लिए सम्मानजनक पेशा माना जाने लगा और उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने की प्रेरणा मिली। फ्लोरेंस के अथक प्रयासों के कारण ही रोगियों की देखभाल तथा अस्पताल में स्वच्छता के मानकों में अपेक्षित सुधार हुआ। 90 वर्ष की आयु में 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस नाइटिंगेल का निधन हो गया, जिनकी कब्र सेंट मार्गरेट गिरजाघर के प्रांगण में है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1999 - रूस के उपप्रधानमंत्री सर्गेई स्तेपनिश कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त, अमेरिकी वित्तमंत्री रोबर्ट रूबिन का अपने पद से इस्तीफ़ा। 2002 - मिस्र, सीरिया व सऊदी अरब ने पश्चिम एशिया मामले में शांति समझौते की इच्छा जताई। 2007 - पाकिस्तान के कराची शहर में हिंसा। 2008 - जजों की बहाली के मुद्दे को लेकर कोई समझौता न होने के कारण पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ने साझा सरकार से हटने का निर्णय लिया। चीन में आये भीषण भूकम्प से हज़ारों लोग मारे गये। 2010 - बिहार के चर्चित बथानी टोला नरसंहार मामले में भोजपुर के प्रथम अपर ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव ने तीन दोषियों को फाँसी तथा 20 को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई। 1989 - शिखा पांडे - भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी हैं। 1666 - पुरंदर की संधि के तहत छत्रपति शिवाजी महाराज औरंगजेब से मिलने आगरा पहुंचे। 1784 - पेरिस समझौता प्रभावी हुआ। 1847 - विलियम क्लेटन ने ओडोमीटर का आविष्कार किया। 1915 - क्रांतिकारी रासबिहारी बोस ने जापानी नौका सानुकी मारू पर सवार होकर भारत छोड़ा। 1965 - इजरायल और पश्चिम जर्मनी ने राजनयिक संबंध शुरु करने के लिए पत्रों का आदान प्रदान किया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खुद को जब ला-यज़ाल करते हैं आप साहिब कमाल करते हैं। फैसला क्यों हमारी किस्मत का आप सिक्का उछाल करते हैं। है सदाक़त औ इश्क़ मेरी वफ़ा लोग कितने सवाल करते हैं। जब कलम ने लिखा हो इश्क़-ए-रब हर्फ़ वस्ल-ए-जमाल करते हैं। रब ने लोगों को लियाकत बख्शी जीस्त पर क्यों मलाल करते हैं। धूप जितनी खिली पलाश खिले हौसले भी जलाल करते हैं। उनकी देखी जो चश्मपोशी "तनुज" खुद को खुद बद-आ'माल करते हैं।
– सतीश मैथिल तनुज

नदियों की धारा सी चलती है जिंदगी । कभी मंद कभी उफान सी है जिंदगी । सुख दुख के पत्थरों पर लहराती हुई-खुशी, वेदना समेटे रहती है जिंदगी ।
– पूनम झा प्रथमा

वाह रे वाह पप्पू ! कर दी न पप्पू वाली बात । नाम सार्थक कर दिया। दो पप्पुओं में शायद प्रतियोगिता है कि कौन असली कौन नकली पप्पू।जिस महिला ने लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते हुए किसी दूसरे दल को वोट देने के लिए धमकाया वह सादगी की मूर्ति हो गई। मान गए नाम सार्थक कर दिया।
– नवीन शंकर शर्मा

देखा मैंने कि शनैः शनैः कैसे पीले गुलमोहर और लाल अमलतास अच्छे लगने लगे थे कुछ दिन उसकी छांव में बैठने की निश्चिंतता ने अथाह खुशी भर दी थी मैं रो पड़ी जब जिंदगी के हर वाक्य में है की जगह 'थी' ...हुई जा रही थी भूत और वर्तमान को बांटता वह झीना सा पर्दा अब कहीं दूर जा गिरा है अंर्तमन में भावनाओं की प्रवाह सुखद रुप ले रही है। **– सपना चन्द्रा**

रात भर तड़फ पसीना आ गया गर्मियों का जब महीना आ गया एक पैसा भी नहीं अब जेब में दर्द में ज़ख्मों को' सीना आ गया दर बदर भटकूँ यहाँ मैं देर तक दोस्तों के साथ पीना आ गया याद माँ की जब मुझे आई कभी पास जाने का करीना आ गया आज पीछे हैं पड़े मेरे सभी हाथ में जब से नगीना आ गया पाँव माँ के छु लिए तो ये लगे घर मेरे मक्का मदीना आ गया।
– संजय कुमार गिरि



जिसे जीना आता है वह बिना किसी सुविधा के भी खुश मिलेगा "। जिसे जीना नही आता वह सभी सुविधाओ के होते हुए भी दुःखी मिलेगा " जिंदगी म्यूजिक प्लेयर नहीं है जिसमें आप अपनी पसंद के गीत सुन सके। जिंदगी एक रेडियो है उसमें जो भी आ रहा है उसीसे मनोरंजन करें। **– अरूणा राव**

पास कुछ नहीं खुशी के लिए वक़्त कम है ज़िन्दगी के लिए क़ाफ़िया , रदीफ़के साथ-साथ दर्द रखना शायरी के लिए पास मेरे दिल है टूटा हुआ क्या बचा है आशिक़ी के लिए नफ़रती हवा है चारों तरफ़ क्या करे कोई हँसी के लिए लाल आँखें जबसे सूरज किया एक डर है आदमी के लिए जश्न है फ़लक पे तारों के बीच चाँद खुश है चाँदनी के लिए क्यूँ बुझा रही हवा है चराग़ हम तरसते रौशनी के लिए हाथ थाम लीजे 'ऐनुल' मियाँ हम बने हैं दोस्ती के लिए। **– 'ऐनुल' बरौलवी**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज के दिन आपको आकस्मिक धन लाभ की प्राप्ति होगी। घर के सदस्यों के साथ ही बाहर के लोग भी आपका यथा सामर्थ्य सहयोग करेंगे।

वृषः आज के दिन भी आपको सफलता के कई अवसर मिलेंगे परन्तु आज आपको भ्रम में डालने वाले प्रसंग भी साथ मिलते रहेंगे। जिन कार्यो में अनुभवियों की सलाह लेंगे।

मिथुनः आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। सार्वजनिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र पर व्यवहारिकता से नए संबंध बनाएंगे। कार्य व्यवसाय में थोड़ा उतार चढ़ाव लगा रहेगा ।

कर्कः आज के दिन आपमे लापरवाही अधिक रहेगी। सेहत अथवा अन्य आवश्यक कार्यो की अनदेखी बाद में पछताने का कारण बनेगी संयम की कमी के चलते विपरीत फल मिलेंगे।

सिंहः आज के दिन आपमे दिखावे की मनोवृत्ति रहेगी। दिनचार्य में भी आडम्बर अधिक रहेगा। आज जिस भी कार्य को करेंगे बेमन से ही लोक लाज के कारण ही करेंगे।

कन्याः आज का दिन भी आपकी आशाओ पर खरा उतरेगा आज आप प्रत्येक कार्य को ज्यादा चौकन्ने होकर करेंगे फिर भी अगर आप किसी कार्य मे असफल होते है तो इसका कारण किसी अन्य व्यक्ति की कमी ही रहेगी।

तुलाः आपके लिए आज का दिन सुख-शांति दायक रहेगा लेकिन अधूरे कार्यो को पूर्ण करने की जल्दी में दौड़-धूप लगी रहेगी।

वृश्चिकः आज दिन के आरम्भ में अन्य दिनों की तुलना में अधिक पूजा पाठ करेंगे। लघु धार्मिक यात्रा के भी योग है। कार्य व्यवसाय में आज भाग दौड़ अधिक करनी पड़ेगी परन्तु इसका परिणाम आशा से कम ही रहेगा लेकिन आज मेहनत का फल कम ही सही मिलेगा जरूर।

धनुः पिछले कुछ दिनों से चल रही आर्थिक स्थिति आज भी यथावत रहेगी प्रयास करने पर कही से खर्च लायक साधन जुटा लेंगे लेकिन मन मे भविष्य को लेकर दुविधा लगी रहेगी। सेहत में कुछ समय के लिये नरमी रहेगी।

मकरः आज आपके अंदर साहस की कमी रहेगी लोगो के सामने अपनी शेखी दिखाएंगे लेकिन अंदर से हालात कायर जैसे रहेंगे। लाभदायी ही रहेगी लेकिन सेहत का ध्यान रखना होगा।

कुंभः आज के दिन आप सौंदर्य के प्रति विशेष आकर्षित रहेंगे। मौज शौक साज सज्जा के सामान पर दिल खोल कर खर्च करेंगे। दर्द अकड़न की शिकायत आज भी रहेगी।

मीनः आज का दिन संघर्षमय रहेगा। दिन के प्रथम भाग में ही थोड़ी शांति अनुभव करेंगे लेकिन इसके बाद किसी कारण से भय बना रहेगा।

QUIZ TIME

1) आईसीसी के नए नियम अनुसार अब से कितने सेकंड में अगला ओवर शुरू करना होगा?

2) जेवियर माइली हाल ही में किस देश के राष्ट्रपति बनें है?

3) रूस की सहायता से प्राप्त भारत की पहली परमाणु पनडुब्बी का नाम क्या है?

4) भारतीय रेलवे की वन स्टेशन वन प्रोडक्ट पहल अब कितने स्टेशनों पर चालू है?

5) इंटरनेशनल एमी अवार्ड जीतने वाले पहले भारतीय कौन बने हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अब से नया ओवर 60 सेकंड के अंदर शुरू करना होगा, नहीं तो 5 रन की पेनल्टी लगेगी (2) अर्जेंटीना (3) आई.एन.एस.अरिहंत (4) 1037 (5) वीर दास

पहेली

शब्द सामर्थ्य -035

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 034 का हल

चैट जीपीटी से आईपीएल मैच की नकली टिकट बनाकर बेची, दुर्ग के 4 युवक लखनऊ में गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। आईपीएल मैच के दौरान स्टेडियम के बाहर चैट जीपीटी से नकली टिकट बनाकर बेचने वाले दुर्ग के 4 आरोपियों को यूपी में गिरफ्तार किया गया है। लखनऊ जिले की साइबर सेल और सुशांत गोल्फसिटी पुलिस ने यह कार्रवाई की है। आरोपियों के पास से बड़ी संख्या में फर्जी आईपीएल टिकट, लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और प्रिंटिंग सामग्री बरामद की गई है।

गिरफ्तार आरोपियों में दुर्ग निवासी श्रीकांत बोरकर, नूतन कुमार साहू, राजेंद्र चौधरी और विश्वजीत साहू शामिल है। लखनऊ सुपर जॉइंट और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में 7 मई को मैच खेला गया था। स्टेडियम के बाहर आरोपियों ने मैच देखने पहुंचे जालौन निवासी प्रदीप सिंह को दो टिकट बेचे। यूपीआई के माध्यम से 1000 रुपए ले लिए। एंट्री गेट पर टिकट स्कैन होते ही पता चला कि टिकट फर्जी है। पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तकनीकी जांच के आधार पर लखनऊ के दोदनखेड़ा चौराहे के पास चारों आरोपियों को पकड़ा। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी सोशल मीडिया से असली टिकटों की फोटो डाउनलोड करते थे। इसके बाद कोरल ड्रा की मदद से नकली टिकट तैयार करते थे। टिकट डिजाइन, साइज और पेपर क्वॉलिटी की जानकारी जुटाने के लिए आरोपियों ने चैट जीपीटी का सहारा लिया। आरोपियों ने बताया कि आर्थिक तंगी और नया कारोबार शुरू करने के लिए पैसों की जरूरत के कारण उन्होंने नकली टिकट बनाने का काम किया। गिरोह के सदस्य विश्वजीत साहू 2 डी और 3 डी डिजाइनिंग का काम यूट्यूब से सीखा था। इससे पहले दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में भी फर्जी टिकट बेचने की कोशिश की थी, लेकिन वहां सफल नहीं हुए।

यूपीआई ट्रांजैक्शन से पकड़े गए आरोपी

डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद ने बताया कि आरोपियों ने पीड़ित से 1000 यूपीआई के जरिए लिए थे। इसी आधार पर पुलिस ने ट्रांजैक्शन ट्रेस कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस अब गिरोह के नेटवर्क और अन्य संभावित मामलों की जांच कर रही है।

छोटे भाई ने फावड़े से किया हमला, बड़े की मौत

भिलाई/नवप्रदेश। रूआबांधा स्थित मायानगर एचएससीएल कॉलोनी में छोटे भाई ने बड़े भाई के सिर पर फावड़े से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर हालत में घायल को पहले दुर्ग जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे रायपुर के मेकाहारा अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने छोटे भाई को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक अशोक यादव (34) पिता रामनाथ यादव की शादी नहीं हुई थी। वो शराब का आदी था। उसका छोटा भाई मनोज यादव (32) है। दोनों भाई मजदूरी का काम करते थे और एक साथ मायानगर रूआबांधा एचएससीएल कॉलोनी में रहते थे। शराब पीने के बाद आपस में अक्सर विवाद होता था। रविवार 10 मई की शाम करीब 6 बजे दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई। उस समय छोटा भाई नशे की हालत में था। विवाद इतना बढ़ा कि मनोज यादव ने पास में रखा फावड़ा उठाकर बड़े भाई अशोक के सिर पर हमला कर दिया। हमले में अशोक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को दुर्ग जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए रायपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल (मेकाहारा) रेफर कर दिया। परिजन और मेडिकल टीम उसे रायपुर लेकर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी का कहना है कि आरोपी मनोज यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। शुरुआती जांच में पता चला है कि दोनों भाइयों के बीच पहले भी कई बार विवाद हो चुका था। शराब के नशे में यह विवाद और बढ़ गया। जिसके चलते उसकी हत्या कर दी।

न्यूज गैलरी

चलती ट्रेन में चढ़ते समय गिरा यात्री

दुर्ग। रेलवे स्टेशन पर बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ते समय एक यात्री का संतुलन बिगडने से वो चलती ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया। ड्यूटी पर तैनात आरपीएफके एएसआई निरंजन ने यात्री की जान बचा ली। यह घटना रविवार को रात के समय की है। बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस दुर्ग रेलवे स्टेशन से रवाना हो रही थी। इसी दौरान एक यात्री जल्दबाजी में ट्रेन में चढने की कोशिश करने लगा। यात्री का पैर फिसलने से वह प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच गैप में जा फंसा। करीब 50 मीटर इसी तरह घिसटता रहा। प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। वहां ड्यूटी कर रहे आरपीएफ के एएसआई निरंजन ने पहले ट्रेन रूकवाई। फिर दौड़ लगाकर यात्री को पकड़कर बाहर खींच लिया। उनकी सतर्कता और तेजी से बड़ा हादसा टल गया।

कुम्हारी चौक में धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप की 486 वीं जयंती

कुम्हारी। राजपूत क्षत्रिय एवं सर्व राजपूत समाज द्वारा शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486 वीं जयंती कुम्हारी चौक में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के चित्र पर समाज के वरिष्ठजनों ने पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया। केसरिया वस्त्र धारण किए समाज और युवा उपस्थित रहे। आयोजन में देशभक्ति और स्वाभिमान के स्वर गूंजे। समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और स्वधर्म रक्षा के आदर्शों को याद करते हुए युवाओं से उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एकजुटता का संदेश भी दिया।

दुर्ग में मिली गांधी जी की सन् 1935 की हस्तलिखित चिट्ठी

दुर्ग। शहर के वार्ड 37 निवासी अशोक ताम्रकार के पास सन 1935 में महात्मा गांधी द्वारा लिखित हस्तलिखित चिट्ठी सुरक्षित है। यह चिट्ठी महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता सेनानी उदय प्रसाद उदय को लिखी थी। ताम्रकार ने आज महात्मा गांधी द्वारा लिखी गई चिट्ठी को कलेक्टर अभिजीत सिंह को अवलोकन के लिये प्रस्तुत किया। भारत सरकार के ज्ञानभरतम मिशन अंतर्गत प्राचीन पांडुलिपियों की पहचान कर उन्हें डिजिटलाइज कर संरक्षित किया जा रहा है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी मौजूद थे।

प्रभारी सचिव बोरा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आज

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सचिव एवं दुर्ग जिले के प्रभारी सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में 12 मई मंगलवार को एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक सुबह 10:30 बजे एनसीओआरडी और 11 बजे जिला स्तरीय समीक्षा बैठक जिले के लोक निर्माण विभाग के मीटिंग हॉल में आयोजित होगी। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इस संबंध में जिले के सभी संबंधित विभाग प्रमुखों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी विभाग प्रमुखों को बैठक के निर्धारित एजेंडा के आधार पर अद्यतन जानकारी के साथ नियत समय पर उपस्थित होने कहा है।

कुम्हारी में आज जन समस्या शिविर

दुर्ग। सुशासन तिहार-2026 में आयोजित शिविरों की कड़ी में 12 मई को नगरीय निकाय क्षेत्रों में जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद कुम्हारी के अंतर्गत वार्ड 15 स्थित बैडमिंटन कोर्ट में विशेष शिविर लगाया जाएगा। शिविर में वार्ड 9 से 12 और 14 व 15 के नागरिक अपनी शिकायतों और मांगों का निराकरण कराने के लिए सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक पहुँच सकते हैं।

भिलाई और रिसाली निगम में उपचुनाव नहीं होंगे, आदर्श आचार संहिता समाप्त

दुर्ग। नगर निगम भिलाई के एक और रिसाली निगम के दो वार्डों में होने वाले उपचुनाव निरस्त कर दिये गए हैं। रिसाली के वार्ड 2 रूआंबांधा, वार्ड 39 पुरैना और भिलाई निगम के वार्ड 1 जुनवानी में पार्षदों के निधन के बाद से पद सीट खाली है। तीनों वार्डों में 11 मई से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने वाली थी। 1 जून को मतदान और 4 जून को मतगणना होनी थी। दोनों निगमों का कार्यकाल जनवरी में समाप्त होने वाला है। सांसद विजय बघेल ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर निर्वाचन प्रक्रिया पर आपत्ति करते हुए चुनाव निरस्त करने कहा था। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने दोनों नगर निगम के तीनों वार्डों में उपचुनाव निरस्त कर दिया। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित अधिसूचना के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने नगर निगम भिलाई और रिसाली में पार्षद पद के लिए होने वाले उप-चुनाव क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित अनुसूची के अनुसार पार्षद पद हेतु निर्धारित सारणी से सरल क्रमांक 1, 3, 5 और 12 को विलोपित (हटा) कर दिया गया है। सरल क्रमांक 3 के अंतर्गत दुर्ग जिले के भिलाई और रिसाली नगर निगम क्षेत्र आते थे, इसलिए इन क्षेत्रों में लागू आदर्श आचार संहिता को भी तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है।

बीएसपी में स्टील लैडल लाइफ का ऐतिहासिक कीर्तिमान, 153 हीट्स के साथ बना नया रिकॉर्ड

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी ने इस्पात निर्माण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए स्टील लैडल लाइफ में नया इतिहास रचा है। संयंत्र ने सिलिकॉन किल्ड स्टील में अब तक की सर्वश्रेष्ठ 153 हीट्स की स्टील लैडल लाइफ प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि पूर्व में एसएमएस-3 द्वारा स्थापित 148 हीट्स के रिकॉर्ड को पार करती है। भिलाई इस्पात संयंत्र के इतिहास की सर्वाधिक लैडल लाइफ के रूप में भी दर्ज हुई है।

यह उपलब्धि रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग, एसएमएस-3 विभाग और सेल रिफ्रैक्टरी कंपनी लिमिटेड, सेलम एसआरसीएल के उत्कृष्ट समन्वय, तकनीकी दक्षता और सामूहिक प्रयासों का नतीजा है। रिफ्रैक्टरी ब्रिक्स की गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति और प्रभावी एप्लीकेशन में एसआरसीएल की भूमिका इस सफलता में अत्यंत महत्वपूर्ण रही। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को मुख्य महाप्रबंधक रिफ्रैक्टरी प्रोसेनजीत दास व मुख्य महाप्रबंधक एसएमएस-3 त्रिभुवन बैठा के कुशल नेतृत्व, सतत मार्गदर्शन व निरंतर प्रोत्साहन में प्राप्त किया गया। रिफ्रैक्टरी से संबंधित कार्यों और तकनीकी निष्पादन का नेतृत्व सेक्शन प्रभारी सहायक महाप्रबंधक आरईडी मोहम्मद साबिर ने किया। उनके साथ सहायक महाप्रबंधक आरईडी जेआर मारकंडे और उप प्रबंधक आरईडी हर्षवर्धन सिंह ने निरंतर मॉनिटरिंग, वैज्ञानिक रिफ्रैक्टरी प्रबंधन, समयानुकूल तकनीकी सुधार और समर्पित प्रयासों के माध्यम से लैडल लाइफ को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

संचालन पक्ष में महाप्रबंधक एसएमएस-3 हिमांशु भूषण मलिक और उप महाप्रबंधक एसएमएस-3 मोहम्मद जावेद अंसारी के नेतृत्व में उत्कृष्ट प्रक्रिया नियंत्रण, अनुशासित संचालन व बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया गया, जिसने इस रिकॉर्ड उपलब्धि में अहम योगदान दिया। एसआरसीएल द्वारा रिफ्रैक्टरी ब्रिक्स की गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति, कुशल एप्लीकेशन, समयबद्ध निष्पादन एवं तकनीकी सहयोग ने लैडल प्रदर्शन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्लांट टीमों के साथ उनके घनिष्ठ समन्वय और प्रतिबद्धता ने इस उपलब्धि को साकार करने में विशेष योगदान दिया। 153 हीट्स की यह रिकॉर्ड लैडल लाइफ सभी संबंधित टीमों के अथक परिश्रम, सतत मॉनिटरिंग, बेहतर समन्वय एवं उत्कृष्ट कार्य संस्कृति का प्रतिफल है।

वैशाली नगर में साढ़े 3 करोड़ की लागत से बनेगा वृद्धाश्रम

■ विधायक रिकेश की संवेदनशील पहल

भिलाई नगर/नवप्रदेश। मातृ दिवस के अवसर पर विधायक रिकेश सेन ने समाज के बेसहारा और उपेक्षित बुजुर्गों के लिए वैशाली नगर क्षेत्र में लगभग साढ़े 3 करोड़ रुपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त वृद्धाश्रम निर्माण की घोषणा की है। विधायक रिकेश ने कहा कि कई माताएं और बुजुर्ग आज वृद्धाश्रमों में जीवन बिताने को मजबूर हैं। अगर हर व्यक्ति अपनी मां से सच्चा प्रेम करता, तो शायद कोई मां वृद्धाश्रम में दिखाई नहीं देती। विधायक सेन ने घोषणा की कि शांति नगर स्थित वैशाली नगर थाना के समीप मैदान में एक आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त वृद्ध आश्रम का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए कलेक्टर से स्वीकृति मिल चुकी है। यह आश्रम उन बुजुर्ग माताओं-पिताओं के लिए समर्पित होगा, जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है या जिनके अपने ही उनसे दूर हो गए हैं। जो लोग अपने माता-पिता की सेवा नहीं करना चाहते, उनके लिए विधायक रिकेश सेन हमेशा खड़ा रहेगा। वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को सम्मान, सुरक्षा, भोजन, स्वास्थ्य सुविधा और अपनापन मिलेगा।

34.38 लाख स्वीकृत

दुर्ग। अनुशंसित कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत भिलाई नगर, पाटन और अहिवारा विधानसभा क्षेत्रों में जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित कार्यों हेतु कुल 34 लाख 38 हजार 94 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। भिलाईनगर वार्ड 63 होसन्ना चौक में सार्वजनिक टीन शेड निर्माण व कांक्रीटीकरण हेतु 4.99 लाख सहित अन्य कार्य स्वीकृत है।

पीएम आवास का काम 7 साल बाद भी अधूरा, निगम ने ठेका एजेंसी का अनुबंध किया निरस्त

दुर्ग/नवप्रदेश। पीएम आवास योजना के तहत 444 आवासों का काम ठेका एजेंसी को निर्धारित 18 माह की समयसीमा में कार्य पूर्ण करना था, लेकिन 7 वर्ष बीतने के बाद भी एजेंसी द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया। 13 बार नोटिस जारी करने के बावजूद कोई प्रगति न होने पर निगम प्रशासन ने एजेंसी का अनुबंध निरस्त कर दिया है। नगर निगम दुर्ग के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के एएचपी घटक के तहत गोकुल नगर और गणपति विहार प्रोजेक्ट में कुल 444 आवास निर्माण व बाह्य विकास कार्य के लिये मेसर्स अशोक कुमार मित्तल कोरबा को वर्ष 2018 में कार्यादेश जारी किया था। एजेंसी द्वारा कार्य पूरा नहीं किया गया। निगम अधिकारियों ने कई बार स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य में कमियों और धीमी प्रगति के कारण एजेंसी को कुल 13 नोटिस जारी किए। एजेंसी को कई बार समयवृद्धि भी दी गई। इसके बावजूद कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई। कोविड-19 महामारी के दौरान भी विभाग द्वारा लगातार भुगतान व निर्देश जारी किए जाने के बावजूद एजेंसी ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना की।

गोकुल नगर परियोजना अंतर्गत 336 आवासों में से 35 हितग्राहियों को आवास आबंटित किए जा चुके हैं, किंतु निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण हितग्राही आवास ग्रहण करने और किश्त जमा करने में रुचि नहीं ले रहे हैं। गणपति विहार परियोजना के 108 आवास भी अपूर्ण पाए गए हैं। इन कार्यों का भुगतान एजेंसी की सुरक्षा निधि व धरोहर राशि से किए जाने का प्रस्ताव है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा परियोजना को 30 सितम्बर 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान प्रगति को देखते हुए लक्ष्य प्राप्ति संभव न होने पर नगर निगम दुर्ग द्वारा अनुबंध की कंडिका 1.15 के तहत मेसर्स अशोक कुमार मित्तल, कोरबा के साथ निष्पादित अनुबंध समाप्त कर कार्यादेश निरस्त कर दिया गया है। एजेंसी की धरोहर और सुरक्षित राशि राजसात करने तथा निगम की आगामी निविदाओं में भाग लेने से वंचित करने की कार्यवाही की गई है।

सुबह 4 बजे पुलिस का बड़ा सर्च ऑपरेशन 500 घरों और 200 ट्रक-ट्रेलरों की जांच

■ 7 संदिग्ध बाइक जब्त, 100 से ज्यादा जवानों ने चलाया अभियान

भिलाई/नवप्रदेश। जिले में कानून व्यवस्था मजबूत रखने और असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने बड़ा अभियान चलाया। खुर्सीपार इलाके में सोमवार तड़के 4 बजे से पुलिस ने सघन सर्च ऑपरेशन चलाते हुए कई बस्तियों, ट्रांसपोर्ट नगर और बाजार क्षेत्रों में पहुंचकर संदिग्ध लोगों और वाहनों की जांच की। सुबह 9 बजे तक चली कार्रवाई के दौरान करीब 500 मकानों और 200 ट्रेलर-ट्रक वाहनों की जांच की गई।

पुलिस ने 7 संदिग्ध मोटरसाइकिल जब्त की हैं। 3 लोगों को पूछताछ के लिए खुर्सीपार थाना लाया गया है। सुबह-सुबह पुलिस की बड़ी कार्रवाई से इलाके में हड़कंप की स्थिति रही। पुलिस टीम ने खुर्सीपार के डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर, शिवाजी नगर, अटल आवास देवार बस्ती, मछली मार्केट और ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में अलग-अलग टीम बनाकर जांच की। अभियान का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने किया। उनके साथ नगर पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी और 100 से ज्यादा पुलिस जवान मौजूद रहे। अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की डिक्की चेक की गई। ट्रांसपोर्ट नगर में खड़े ट्रक और ट्रेलरों के ड्राइवरों व क्लीनरों के लाइसेंस, वाहन के कागज और आधार कार्ड की जांच भी की गई। पुलिस ने खास तौर पर मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध गतिविधियों और धारदार हथियार रखने वालों पर नजर रखी।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल हुए सांसद, महापौर, कलेक्टर

■ प्राचीन शिव मंदिर देवबलोदा में की पूजा-अर्चना, शहरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

दुर्ग/नवप्रदेश। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 'अटूट आस्था के 1000 वर्ष' कार्यक्रम का आयोजन प्राचीन शिव मंदिर देवबलौदा में जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, महापौर अलका बाघमार, कलेक्टर अभिजीत सिंह, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, पूर्व मंत्री रमशिला साहू सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सांसद विजय बघेल और दुर्ग निगम की महापौर अलका बाघमार ने प्राचीन शिव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश व शहरवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई पूजा-अर्चना का सीधा प्रसारण किया गया।

इस अवसर पर सांसद बघेल ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। हजारों वर्षों से हमारी परम्पराएं समाज को एकता, विश्वास और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करती आ रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और धार्मिक विरासत से जोडने का कार्य करते हैं। देवबलौदा स्थित प्राचीन शिव मंदिर श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने भी भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की उन्नति एवं जनकल्याण की कामना की।

शिक्षा: रूंगटा यूनिवर्सिटी में हायर एजुकेशन, इनोवेशन और इंडस्ट्री रेडीनेस पर हुई चर्चा, आईआईटी के डायरेक्टर सहित विद्वानों ने रखी अपनी राय

पैकेज की दौड़ में पीछे छूट रहा शिक्षा का असल मकसद: प्रो. राजीव

भिलाई/नवप्रदेश। आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश ने रूंगटा यूनिवर्सिटी में हुई राउंड टेबल चर्चा के दौरान कहा कि आज छात्र कॉलेज में प्रवेश लेते ही सबसे पहला सवाल पूछते हैं कि मुझे कितने पैकेज की नौकरी मिलेगी? यही सबसे बड़ी गलती है। शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ पैकेज नहीं होना चाहिए। शिक्षा का काम है, व्यक्ति को बेहतर इंसान बनाना। उसके भीतर मूल्य पैदा करना। ताकि परिवार और समाज कह सके कि हां, वह सच में शिक्षित व्यक्ति है।

चर्चा के होस्ट रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी थे। हायर एजुकेशन के बदलते स्वरूप और इंडस्ट्री पर पूछे गए सवाल पर बोलते हुए प्रो. राजीव प्रकाश ने कहा कि शिक्षा को बहुत सीमित कर दिया गया है, सिर्फ साइंस, इंजीनियरिंग और मेडिकल शिक्षा पर जोर दिया गया, जबकि कला, साहित्य और मानविकी जैसे विषयों को पीछे कर दिया गया। इससे शिक्षा का संतुलन बिगड़ गया। सवाल यह नहीं होना चाहिए कि संस्थान सरकारी है या निजी। शिक्षा, शिक्षा होती है। सरकार चलाए या निजी प्रबंधन, वह केवल प्रशासन और मैनेजमेंट का फर्क है। किसी भी शिक्षण संस्थान को उत्कृष्ट बनाने के लिए जरूरी है कि वहां सही वातावरण और सहयोग की भावना हो। सरकारी और निजी संस्थानों के बीच प्रतिस्पर्धा की जगह सहयोग होना चाहिए।

प्रो. राजीव प्रकाश ने आगे कहा कि केवल कागजों पर समझौते साइन करने से कुछ खास नहीं होगा। असली बदलाव तब आएगा, जब शिक्षकों, छात्रों और संस्थानों के बीच वास्तविक संवाद और सहयोग होगा। कार्यक्रम में वर्ल्ड वाइड एजुकेशन इंस्टीट्यूट को रैंकिंग देने वाली संस्था क्यूएसआई गेज के एमडी रविन नायर भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज के छात्र सिर्फ यह नहीं देखते कि कौन सा विश्वविद्यालय सबसे बड़ा या प्रसिद्ध है। वे यह जानना चाहते हैं कि किस संस्थान की किसी विशेष विषय में पकड़ मजबूत है, वहां के शिक्षक कितने योग्य हैं, रिसर्च का स्तर कैसा है और इंडस्ट्री से उसका जुड़ाव कितना मजबूत है। इसलिए आज रैंकिंग और मूल्यांकन महत्वपूर्ण हो गए हैं।

प्रो. राजीव प्रकाश में बताया कि निजी विश्वविद्यालयों ने कई क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन किया है और रैंकिंग में भी बेहतर स्थान हासिल करते हैं, क्योंकि वे निर्णय जल्दी ले पाते हैं और बदलाव के लिए अधिक स्वतंत्र होते हैं। आजकल कई कंपनियां और संस्थान सिर्फ अपने प्रचार और बाजार पकडने पर ध्यान दे रहे हैं। सवाल यह नहीं है कि आप कितनी जल्दी लोगों तक पहुंच रहे हैं, बल्कि सवाल यह है कि आप समाज को क्या दे रहे हैं।

भिलाई की लीडिंग आईटी फर्म ऑगटेक नेक्स्टवेल्थ के को-फाउंडर सोमेश शर्मा ने चर्चा में कहा कि उद्योग और शिक्षा जगत को साथ आना होगा। अगर कोई विश्वविद्यालय वर्तमान समय की जरूरतों के अनुसार खुद को ढाल रहा है, अच्छा शोध कर रहा है और छात्रों को सही दिशा दे रहा है, तो एक नियोक्ता के रूप में वहां से छात्रों को प्लेसमेंट देने में कोई हर्ज नहीं होगा। आज भी कई कंपनियां मुख्य रूप से आईआईटी जैसे संस्थानों से ही छात्रों की भर्ती करना चाहती हैं। कम से कम 10 फीसदी अवसर उन नए और उभरते संस्थानों को भी मिलने चाहिए जो अच्छा काम कर रहे हैं। जब उद्योग और शिक्षा संस्थान साथ आएंगे, तभी असली बदलाव संभव होगा। कार्यक्रम में रूंगटा यूनिवर्सिटी के चांसलर संतोष रूंगटा, प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, सीईओ सोनल रूंगटा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. मनोज वर्गीस, डॉ. महेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. चिनमय चंद्राकर और रजिस्ट्रार डॉ. एजाजुद्दीन शामिल रहे।

48 घंटे में दिखा असर: अंकोरी मार्ग की जर्जर पुलिया की हुई अस्थायी मरम्मत

■ जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा की पहल पर प्रशासन ने लिया त्वरित संज्ञान

■ नई पुलिया व सड़क निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम अंकोरी से अंकोरी टांडा एवं बिरसिंगपाली को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग की क्षतिग्रस्त पुलिया एवं जर्जर सड़क को लेकर उठाई गई आवाज का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं अंकोरी क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा द्वारा मामले को प्रमुखता से उठाने और प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के बाद मात्र 48 घंटे के भीतर पुलिया की अस्थायी मरम्मत करा दी गई।

जानकारी के अनुसार, विगत दिनों प्रकाश सिन्हा ने क्षेत्र का दौरा कर जर्जर सड़क एवं टूटी पुलिया का निरीक्षण किया था। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें आवागमन में हो रही भारी परेशानियों और दुर्घटना की आशंका से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे लोगों को जान जोखिम में डालकर आवाजाही करनी पड़ती है।

अंकोरी टांडा-बिरसिंगपाली मार्ग जर्जर, टूटी पुलिया से खतरा

ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रकाश सिन्हा ने तत्काल जिला कलेक्टर महासमुंद एवं संबंधित विभाग को ज्ञापन सौंपकर पुलिया की मरम्मत, तकनीकी जांच तथा स्थायी समाधान की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षतिग्रस्त पुलिया की अस्थायी मरम्मत कर आवागमन को सुचारु कर दिया।

मुख्यमंत्री सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता आशीष कुलदीप ने बताया कि आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल अस्थायी मरम्मत कार्य कराया गया है। साथ ही सड़क के पूर्ण नवीनीकरण एवं नवीन पुलिया निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव एवं डिमांड भेज दी गई है।

इस त्वरित कार्रवाई पर सभापति प्रकाश सिन्हा ने जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं कार्यपालन अभियंता आशीष कुलदीप का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा जनहित के मुद्दों पर शीघ्र संज्ञान लेने से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही स्थायी समाधान के रूप में नई पुलिया एवं सड़क निर्माण कार्य को स्वीकृति मिलेगी, जिससे ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी।

राख में बदलते घर, बेबस होते परिवार और नेताओं की खामोशी आम जनता पर पड़ रही भारी

107 पंचायतों का विखं, फायर ब्रिगेड नहीं, आखिर कब जागेगा प्रशासन?

छुईखदान/नवप्रदेश। विकासखंड में एक बार फिर आगजनी की दर्दनाक घटना ने प्रशासनिक लापरवाही और जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता को उजागर कर दिया है। ग्राम पंचायत बुढ़ानभाट में गरीब किसान कमलेश चंदेल का आशियाना आग की लपटों में ऐसा घिरा कि कुछ ही मिनटों में पूरा घर राख के ढेर में तब्दील हो गया। घर में रखा अनाज, कपड़े, बिस्तर, नगदी, जरूरी दस्तावेज और वर्षों की मेहनत से जुटाया गया सामान जलकर खाक हो गया। परिवार आज खुले आसमान के नीचे जीवन गुजारने को मजबूर है।

लेकिन यह सिर्फ एक परिवार की त्रासदी नहीं है। यह उस पूरे विकासखंड की पीड़ा है, जहां 107 पंचायतें होने के बावजूद आज तक स्थायी फायर ब्रिगेड की व्यवस्था नहीं हो सकी। हर बार आग लगती है, लोग बर्बाद होते हैं, प्रशासन जांच और कागजी कार्रवाई में उलझा रहता है, और फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है।

आग लगने के बाद दमकल वाहन दूर शहरों से रवाना होता है। जब तक वाहन पहुंचता है, तब तक गरीबों की जिंदगी की सारी पूंजी जलकर राख हो चुकी होती है। यही कारण है कि बुढ़ानभाट की घटना में भी ग्रामीण केवल बाल्टी और पाइप के सहारे आग बुझाने की कोशिश करते रहे,

आखिर कब तक जलते रहेंगे गरीबों के सपने?

छुईखदान क्षेत्र में लगातार आगजनी की घटनाएं सामने आती रही हैं। गर्मी के मौसम में छोटी सी चिंगारी भी विकराल रूप ले लेती है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब इतने बड़े विकासखंड में सैकड़ों गांव और हजारों परिवार रहते हैं, तब यहां स्थायी फायर ब्रिगेड केंद्र क्यों नहीं है?

लेकिन आग ने सब कुछ निगल लिया।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते फायर ब्रिगेड केंद्र की स्थापना कर दी जाती, तो आज कई गरीब परिवार बर्बादी से बच सकते थे। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर 107 पंचायतों वाले विकासखंड की सुरक्षा भगवान भरोसे क्यों छोड़ी गई है?

लोगों का कहना है कि गरीब आदमी के लिए घर जलना सिर्फ संपत्ति का नुकसान नहीं होता, बल्कि पूरी जिंदगी उजड़ जाती है। वर्षों की मेहनत, सपने और भविष्य एक ही रात में खत्म हो जाते हैं।

हर साल करोड़ों का नुकसान, फिर भी कोई स्थायी व्यवस्था नहीं : छुईखदान क्षेत्र में हर वर्ष आगजनी की घटनाओं से लाखों-करोड़ों रुपए की संपत्ति का नुकसान होता है। कई परिवार कर्ज में डूब जाते हैं, बच्चों की पढ़ाई छूट जाती है और लोग बेघर होकर दूसरों के सहारे जीवन बिताने को मजबूर हो जाते हैं। इसके बावजूद शासन-प्रशासन अब तक स्थायी समाधान निकालने में विफल रहा है।

ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने मांग की है किः छुईखदान मुख्यालय में तत्काल स्थायी फायर ब्रिगेड केंद्र स्थापित किया जाए। प्रत्येक पंचायत स्तर पर प्राथमिक अग्निशमन संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

पीड़ित परिवार को तत्काल राहत राशि और स्थायी आवास दिया जाए। राशन, कपड़े, बर्तन और बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था प्रशासन करे। भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए विशेष आपदा प्रबंधन योजना बनाई जाए।

जनता पूछ रही — आखिर जिम्मेदार कौन?

आज पूरा छुईखदान क्षेत्र एक ही सवाल पूछ रहा है – आखिर कब तक गरीबों के घर यूं ही जलते रहेंगे? क्या प्रशासन और जनप्रतिनिधि किसी बड़ी जनहानि का इंतजार कर रहे हैं?

यदि अब भी फायर ब्रिगेड जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई, तो

प्रशासनिक उदासीनता से बढ़ रहा लोगों का आक्रोश

घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी पीड़ित परिवार को पर्याप्त राहत नहीं मिल पाई है। परिवार गांव के सार्वजनिक मंच में शरण लेने को मजबूर है। छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग बिना पर्याप्त भोजन और मूलभूत सुविधाओं के रात काट रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन केवल पंचनामा और औपचारिक कार्रवाई तक सीमित है, जबकि वास्तविक मदद अब तक नहीं पहुंची।

भाजपा और कांग्रेस दोनों सरकारों ने सिर्फ वादे किए

क्षेत्रवासियों में इस बात को लेकर भारी नाराजगी है कि वर्षों से भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के नेता सत्ता में रहे, लेकिन छुईखदान जैसे बड़े विकासखंड को फायर ब्रिगेड जैसी मूलभूत सुविधा तक नहीं मिल सकी। चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, विकास के दावे किए जाते हैं, लेकिन जब जनता संकट में होती है तब नेता और अधिकारी नजर नहीं आते।

जबरजस्ती किया गया डायवर्सन, 4 साल बाद कृषि भूमि में तब्दील

सुशासन तिहार-25 का आवेदन डस्टबिन में, समस्या का समाधान नहीं

छुरा/नवप्रदेश। आम लोगों में यह धारणा राजस्व विभाग के प्रति बना हुआ है कि बिना लेन-देन किये कोई भी कार्य होना न मुमकिन है। महिला कृषक जग बाई साहू चार साल से राजस्व विभाग के तहसीलदार एसडीएम की लापरवाही के कारण अपने कृषि भूमि का उपज को समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पा रही थी न खाद बीज कर्ज ले पा रही थी। कृषि भूमि को डायवर्सन कराने के लिए कभी आवेदन नहीं किया इसके बाद भी डायवर्सन हो गया, डायवर्सन को हटाने के लिए सुशासन तिहार 25 में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधायक रोहित साहू को आवेदन दिया, तहसीलदार एसडीएम कार्यालय में अनेकों बार अर्जी लगाने के बाद भी साहब को मोटी रकम नहीं दे पाए जिसके कारण मामला चार साल तक अधर में लटका रहा।

नवप्रदेश ने किया था खबर का प्रकाशन

सुशासन तिहार -25 का आवेदन डस्टबिन में , समस्या का समाधान नहीं शीर्षक से खबर प्रकाशित किया जिसके बाद प्रभारी एसडीएम विशाल महाराणा एवं तहसीलदार मंयक अग्रवाल ने मामले को संज्ञान में लेते हुए राजस्व रिकार्ड की जांच कर चार साल की समस्या को दूर कर दिया। पीड़ित परिवार ने कहा कि सुशासन तिहार नाम बड़े दर्शन छोटे वाले कहावत है। दैनिक नवप्रदेश एवं तहसीलदार एसडीएम को साधुवाद जिनके कारण अब खाद बीज कर्ज मिलेगा एवं पंजीयन हो सकेगा जिसके बाद धान समर्थन मूल्य बिक्री कर सकेंगे।

ट्रक की ठोकर से ट्रैक्टर-थ्रेसर क्षतिग्रस्त

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना थाना अंतर्गत रेमड़ा मोड़ के पास ट्रक की ठोकर से ट्रैक्टर एवं थ्रेसर मशीन क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम साल्हेतराई निवासी धर्मेंद्र पटेल 09 मई की दोपहर ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीके 1225 में धान मिंजाई करने वाली थ्रेसर मशीन जोड़कर बसना जा रहे थे। दोपहर करीब 03:15 बजे एनएच-53 स्थित रेमड़ा मोड़ के पास वे मजदूरों को ट्रैक्टर में बैठा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए ट्रक क्रमांक बीआर 02 जी 9081 के चालक ने ट्रैक्टर को ठोकर मार दी। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक के बाजू वाली सीट पर बैठे साल्हेतराई निवासी विश्वजीत बरिहा के दाहिने हाथ में चोट आई। वहीं ट्रैक्टर एवं थ्रेसर मशीन भी क्षतिग्रस्त हो गई। शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 184, 125(ए) एवं 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

बाजार से युवक की बाइक पार

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना स्थित स्टेट बैंक शाखा के पास खड़ी बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मुकेश निषाद 09 मई 2026 को अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 जीयू 9199 को शाम करीब 7 बजे स्टेट बैंक शाखा बसना के पास खड़ी कर बाजार गए थे। करीब आधे घंटे बाद लौटने पर बाइक वहां नहीं मिली। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चलने पर उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

इलाज के दौरान युवक की मौत, केस दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना थाना अंतर्गत जगत चौक भूकेल के पास फरवरी माह में हुई सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में अब पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम भूकेल निवासी मिनीकेतन पोर्ते (27) 02 फरवरी 2026 को बाइक क्रमांक सीजी 06 एचडी 0801 बजाज प्लेटिना से दीवार पुट्टी का काम करने बसना गया था। काम से लौटते समय एनएच-53 पर बिहारी ढाबा, जगत चौक भूकेल के पास पीछे से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 06 एचए 5468 के चालक ने उसकी बाइक को ठोकर मार दी। दुर्घटना में मिनीकेतन बाइक सहित डिवाइडर से टकरा गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए रायपुर ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस एवं 184 एमव्ही एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

महिला पर फ्रीव्हील पाना से हमला

■ पुरानी रंजिश में मारपीट, गंभीर हालत में रायपुर रेफर

महासमुंद/नवप्रदेश। बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम खैरझिटकी में पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला पर साइकिल के फ्रीव्हील पाना से हमला कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल महिला को रायपुर रेफर किया गया है।

थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार ग्राम जलगढ़ निवासी रेशमलाल साहू को विजय बारिक ने फोन कर बताया कि कुंती साहू के साथ मारपीट हुई है। सूचना मिलने पर रेशमलाल अपनी पत्नी सुप्रभा साहू के साथ खैरझिटकी पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि उनकी दीदी कुंती साहू घर की परछी में घायल अवस्था में पड़ी थीं। उनके सिर और हाथ से खून बह रहा था।

रेशमलाल को उनके जीजा राजकुमार साहू ने बताया कि कुंती साहू घर के सामने सड़क पर खड़ी थीं। इसी दौरान गांव का नूराधन साहू वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश की बात पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसने साइकिल के फ्रीव्हील पाना से कुंती साहू के सिर, हाथ, कमर और चेहरे पर हमला कर दिया।

मारपीट होते देख राजकुमार साहू, प्रेमानंद साहू एवं दीपेश साहू ने बीच-बचाव किया। घायल महिला को पहले शासकीय अस्पताल सरायपाली ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल महासमुंद और बाद में रायपुर के डीकेएस अस्पताल रेफर किया गया।

जिले में आबकारी-पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

पांच थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ दबिश, 216 लीटर से अधिक अवैध महुआ शराब जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने आबकारी एवं पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए सरायपाली, महासमुंद, बसना, पटेवा और बागबाहरा थाना क्षेत्रों के पांच अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान कुल 216.840 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई, जबकि शराब निर्माण में उपयोग किए जा रहे लगभग 1000 किलो महुआ पास को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद विशेष अभियान चलाया गया। संयुक्त टीम ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में हाथ भट्टी निर्मित शराब, उपकरण और कच्चा माल बरामद किया।

सरायपाली क्षेत्र में सबसे बड़ी कार्रवाई : सरायपाली थाना क्षेत्र अंतर्गत करगीपाली चौकी के ग्राम कनकबीर निवासी मोतीलाल बरिहा (26 वर्ष) के यहां दबिश देकर करीब 200 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 40 हजार रुपए बताई जा रही है।

कार्रवाई के दौरान शराब निर्माण में प्रयुक्त छोटे-बड़े पांच एल्युमिनियम बर्तन भी जब्त किए गए, जिनकी कीमत लगभग 5 हजार रुपए आंकी गई है। मौके पर रखे आठ ड्रमों में भरे करीब 1000 किलो महुआ पास को अधिकारियों ने नष्ट कर दिया।

अन्य आरोपियों से भी शराब बरामद : इसी थाना क्षेत्र में बैतारी निवासी आकाश साहू (36 वर्ष) के कब्जे से 8.640 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 3840 रुपए बताई गई है।वहीं बरतियाभाठा निवासी ओमप्रकाश चौहान (20 वर्ष) से 3 लीटर महुआ शराब बरामद की गई।बागबाहरा थाना क्षेत्र के कर्रापारा निवासी जीतू ठाकुर (21 वर्ष) के पास बिक्री के लिए रखी गई 1.800 लीटर देशी शराब जब्त की गई।

बिना लाइसेंस संचालित हो रहा था अवतार ढाबा, खाद्य विभाग की छापेमार कार्रवाई

महासमुंद/नवप्रदेश। अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन महासमुंद उमेश कुमार तथा अनुविभागीय अधिकारी पिथौरा के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने शिकायत प्राप्त होने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पिथौरा क्षेत्र स्थित एक ढाबे में औचक निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई एवं खाद्य निरीक्षक पिथौरा दिव्यांशु देवांगन की संयुक्त टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग-53 स्थित टप्पा सेवईया के मेसर्स अवतार ढाबा में दबिश दी। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं। जांच में पाया गया कि ढाबे में कार्यरत कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र एवं जल परीक्षण रिपोर्ट का संधारण नहीं किया गया था। जांच के

दौरान यह भी खुलासा हुआ कि फर्म बिना खाद्य अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन के खाद्य कारोबार संचालित कर रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने प्रकरण दर्ज कर ढाबा संचालक को बिना वैध लाइसेंस एवं पंजीयन के खाद्य व्यवसाय संचालित नहीं करने संबंधी नोटिस जारी किया है।

अज्ञात बाइक की ठोकर से बुजुर्ग घायल दूध बेचकर लौट रहे थे घर

महासमुंद/नवप्रदेश। सांकरा थाना क्षेत्र के सल्डीह मार्ग पर दूध बेचकर लौट रहे एक बुजुर्ग को अज्ञात बाइक सवार ने पीछे से ठोकर मार दी। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भगतदेवरी निवासी उदार्थो नायक (62) 08 मई 2026 को दूध बेचकर साइकिल से भैरोपुर से वापस लौट रहे थे। शाम करीब 06:30 बजे भगतदेवरी-सल्डीह मार्ग स्थित पुलिया के पास पीछे से आए अज्ञात बाइक चालक ने उनकी साइकिल को ठोकर मार दी। दुर्घटना में उदार्थो सड़क पर गिर गए, जिससे उनके सिर, दोनों पैर, हाथ, माथे और नाक में चोटें आईं। घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए बसना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों पर कार्रवाई

■ गिल ढाबा और पुष्पांजलि होटल के सामने बसना पुलिस की दबिश

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने 08 मई को गिल ढाबा एवं पुष्पांजलि होटल के सामने लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गिल ढाबा के सामने लोगों को शराब पीने की सुविधा दी जा रही है। सूचना पर पुलिस ने दबिश दी। पुलिस को देखकर शराब सेवन कर रहे लोग भाग निकले। मौके पर साल्हेतराई निवासी मनप्रीत सिंह गिल (33) मिला, जिसने लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराना स्वीकार किया।

तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 02 नग देशी प्लेन शराब की खाली पौवा शीशी एवं 02 नग डिस्पोजल गिलास बरामद किए। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया।

इसी तरह बस स्टैंड बसना स्थित पुष्पांजलि होटल के सामने पुलिस ने दबिश दी। यहां भी शराब सेवन कर रहे लोग पुलिस को देखकर भाग गए। मौके पर वार्ड-11 निवासी राजू निषाद (54) मिला। पूछताछ में उसने लाभ कमाने के उद्देश्य से लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराना स्वीकार किया।

पुलिस ने आरोपी के पास से 02 नग देशी प्लेन शराब की खाली पौवा शीशी एवं 02 नग डिस्पोजल गिलास जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

विडंबना: दूरस्थ अंचल के गरीब परिवार के विद्यार्थियों को अधिक से अधिक मिले लाभ

250 सीटर अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में 120 सीटें खाली

आखिर 250 सीटर अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में सेट पूर्ण क्यों नहीं होता बड़ा सवाल

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड मुख्यालय में शासन द्वारा आदिवासी समाज के गरीब, जरूरतमंद एवं दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों के विद्यार्थियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 250 सीटर अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास का निर्माण वर्ष 2020- 2021 में कराया गया था। इस छात्रावास का मुख्य उद्देश्य यह था कि विकासखंड के अंतिम छोर के गांवों के गरीब परिवार से आने वाले छात्र यहां रहकर सुरक्षित वातावरण, बेहतर शैक्षणिक सुविधा और नियमित अध्ययन के माध्यम से अपने भविष्य को संवार सकें।

शासन की मंशा स्पष्ट रही है कि आर्थिक रूप से कमजोर, दूरस्थ एवं

वनांचल क्षेत्रों के विद्यार्थी केवल आवासीय सुविधा के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहें। इसी सोच के साथ नगरी मुख्यालय में विशाल छात्रावास भवन तैयार किया गया, ताकि छात्र शहर के बेहतर शैक्षणिक माहौल में रहकर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें और उच्च शिक्षा की ओर आगे बढ़ सकें।लेकिन वर्तमान स्थिति शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना पर सवाल खड़े कर रही है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 में 250 सीटर अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में केवल 130 छात्र ही उपस्थित रहे, जबकि लगभग 120 सीटें खाली पड़ी रहीं। इससे पहले वर्ष 2024 में भी करीब 100 सीटें रिक्त थीं। जिसमे लगातार बड़ी संख्या में सीटों का खाली रहना यह दर्शाता है कि छात्रावास की सुविधा का लाभ पात्र विद्यार्थियों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है।

कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि दूरस्थ गांवों में समय रहते सही जानकारी पहुंचाई जाए और विद्यार्थियों के पालकों को छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया जाए, तो अधिक संख्या में छात्र यहां प्रवेश ले सकते हैं। वनांचल क्षेत्र के अनेक गांवों में आज भी छात्र शिक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कई विद्यार्थियों को प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर विद्यालय पहुंचना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। वहीं कई छात्रों को किराए के मकानों में रहकर अपनी जेब से अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ता है, जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जब शासन द्वारा इतनी बड़ी सुविधा उपलब्ध कराई गई है, तो उसका पूरा लाभ पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचना चाहिए। छात्रावास की खाली सीटों को भरना बेहद आवश्यक है, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों के जरूरतमंद छात्रों को शिक्षा का बेहतर अवसर मिल सके और वे पढ़ाई बीच में छोड़ने को मजबूर न हों।

स्थानीय समाजसेवियों ने भी प्रशासन से मांग की है कि नए शिक्षा सत्र में छात्रावास की सभी सीटों को भरने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। गांव-गांव तक सूचना पहुंचाई जाए, पात्र विद्यार्थियों की पहचान कर शीघ्र प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाए तथा अभिभावकों को छात्रावास की सुविधाओं के प्रति जागरूक किया जाए। इससे शासन की महत्वाकांक्षी योजना का वास्तविक लाभ आदिवासी समाज के बच्चों तक पहुंच सकेगा।

सांकरा के साप्ताहिक बाजार में 4 लोगों के मोबाइल पार

सब्जी खरीदने पहुंचे लोगों को बनाया निशाना

महासमुंद/नवप्रदेश। सांकरा के साप्ताहिक सब्जी बाजार में अज्ञात चोरों ने चार लोगों के मोबाइल पार कर दिए। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भोकलूडीह निवासी खीरसागर साहू 08 मई की शाम करीब 4 बजे सांकरा बाजार सब्जी खरीदने गए थे। इसी दौरान उनकी शर्ट की ऊपरी जेब से अज्ञात चोर ने वन प्लस कंपनी का मोबाइल चोरी कर लिया।

उसी समय आसपास मौजूद बड़े टेमरी निवासी टेकनाथ भोई, ग्राम चिखली थाना पिथौरा निवासी प्रकाश विशाल तथा देवसराल निवासी अभेष निषाद के मोबाइल भी अज्ञात चोरों ने पार कर दिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

नारायणपुर में समाधान शिविर आज

बेमेतरा। जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत नारायणपुर के शास. हाई स्कूल मैदान में 12 मई को समाधान शिविर आयोजित किया गया है। ग्राम नारायणपुर कलस्टर में ग्राम भिलौनी, झुलना, चकवाय, नारायणपुर, अमलडीहा. लोहडंगिया, दर्री, मोहलाईन, घुरसेना, चिचोली, अकोली करमसेन, टेमरी टोहड़ी एवं नवागांव ग्राम पंचायत के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है। शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे निर्धारित किया गया है। समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं से पात्र अनेक हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। शिविर में प्राप्त आवेदनों का यथासंभव निराकरण किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। शिविर में शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने ग्रामीण जनों को शिविर में उपस्थित होकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

आदर्श आचरण संहिता लागू: उप निर्वाचन वाले क्षेत्रों को सुशासन तिहार से किया मुक्त

बालोद। नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के संबंध में अधिसूचना जारी करने के पश्चात् संपूर्ण राज्य के साथ-साथ बालोद जिले के नगर पचांयत पलारी एवं जिले के उप निर्वाचन वाले ग्राम पंचायतों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि जिले के नगर पंचायत पलारी एवं बालोद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हथौद, डेंगरापार, लाटाबोड़, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कंवर, धनेली, कोलिहामार, बालोदगहन, डढारी, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत डुड़िया, सियनमरा, साजा, बोरगहना, सांकरी, हलदी, कसौंदा, मचैद, जेवरतला, देवरी ख. बोरगहन फु खपरी ब, परना, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कापसी, कोरगुड़ा, करेंगांव, डेंगरापार, भण्डेरा, टटेंगा, बैहाकुआं, कसही लो एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ठेमाबुजुर्ग, अवारी में पंच एवं सरपंच पद का निर्वाचन मई 2026 में संपन्न होना है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन की घोषणा की तिथि से निर्वाचन कार्यवाहियां संपन्न होने तक आदर्श आचरण संहिता लागू रहेगी।

बालोद में पत्नी की हत्या करने वाले दो पतियों को आजीवन कारावास

बालोद। जिले में पत्नी की हत्या के दो अलग-अलग मामलों में न्यायालय ने आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एक मामले में पति ने घरेलू विवाद के चलते पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी, जबकि दूसरे मामले में चरित्र शंका के कारण पति ने पत्नी का गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया था। दोनों मामलों में न्यायालय ने ठोस साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाया। पहले मामले में एस.एल. नवरत्न, प्रधान सत्र न्यायाधीश, बालोद ने आरोपी केवलचंद साहू पिता जयराम साहू, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम सांगली, चौकी कंवर, थाना गुरूर को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 200 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। दोनों मामलों में न्यायालय ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत गवाहों, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों को पर्याप्त मानते हुए आरोपियों को दोषी करार दिया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इन फैसलों को महिलाओं के खिलाफगंभीर अपराधों पर न्यायालय की सख्त कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।

विकासखंडवार शिक्षकों मिला प्रशिक्षण

बेमेतरा। जिला के अंतर्गत आने वाले समस्त आईसीटी संचालित विद्यालय में आई.सी.टी. योजना अंतर्गत आई.सी.टी. लैब एवं स्मार्ट क्लासरूम का उपयोग नियमित अध्ययन-अध्यापन में किया जाना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अनुसार शिक्षा में आधुनिक तकनीक के उपयोग को प्रोत्साहित करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। इस दिशा में इन संसाधनों के सार्थक उपयोग को प्रभावी बनाने के लिए 4 मई से एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण (40-40 के वैच में) आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण पूरे जिला में विकासखंड वार आयोजित किया जा रहा है। विकासखंड के शिक्षकों का प्रशिक्षण स्थल शासकीय बालक उच्चतर शाला बेमेतरा है। मास्टर ट्रेनर साजन वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नई शिक्षा सत्र में बच्चों को शुरुआती दौर में ही कम्प्यूटर की समझ एंव उपयोग की जानकारी दी।

ऑक्सीजोन की चीख: रेत माफियाओं की लूट में दम तोड़ रही कुदरत की धरोहर

रमेश निवल बालू

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिस ऑक्सीजोन को शहरवासियों के लिए हरियाली, स्वच्छ हवा और सुकून के प्रतीक के रूप में विकसित किया गया था, आज वही ऑक्सीजोन अवैध रेत खनन और भ्रष्ट तंत्र की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। कभी परिवारों, बच्चों और पर्यटकों से गुलजार रहने वाला यह प्राकृतिक स्थल अब रेत माफियाओं की बर्बरता और प्रशासनिक उदासीनता का दर्दनाक उदाहरण बन चुका है।

सोशल मीडिया से लेकर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तक लगातार मुद्दा उठने के बावजूद ऑक्सीजोन में अवैध खुदाई का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा। ऐसा प्रतीत होता है मानो कुदरत की इस अनमोल धरोहर को बचाने वाला कोई नहीं बचा।

जनता की खामोशी और भ्रष्टाचार की बढ़ती जड़ें

जनता हर चुनाव में विकास और संरक्षण की उम्मीद के साथ अपने प्रतिनिधियों को चुनती है, लेकिन चुनाव खत्म होते ही वही उम्मीदें दम तोड़ने लगती हैं। लोग पांच साल के लिए खामोश हो जाते हैं और इसी खामोशी का फायदा उठाकर भ्रष्टाचार अपनी जड़ें और मजबूत कर लेता है।

जिस ऑक्सीजोन को संरक्षण और संवर्धन की जरूरत थी, वहां कथित तौर पर रेत माफियाओं को खुली छूट मिल गई है। सवाल यह

उठता है कि आखिर यह अवैध कारोबार किसके संरक्षण में फल-फूल रहा है?

नेता-अफसरों की 'जुगलबंदी' पर उठ रहे सवाल

स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा आम हो चुकी है कि बिना प्रशासनिक संरक्षण के ऑक्सीजोन में इतनी बड़े स्तर पर अवैध खुदाई संभव ही नहीं है। आरोप यह भी हैं कि जिम्मेदार अधिकारी माफियाओं के सामने बेबस या फिर सांठगांठ का हिस्सा बने हुए हैं।

सबसे हैरान करने वाली बात सत्ता और विपक्ष की कथित चुप्पी है। सदन में एक-दूसरे पर तीखे आरोप लगाने वाले नेता इस मुद्दे पर एक समान खामोश दिखाई दे रहे हैं। जनआक्रोश बढ़ने पर कभी-कभार कार्रवाई के नाम पर मामूली चालान काट दिए जाते हैं, लेकिन पेनल्टी भरने के बाद फिर वही खेल शुरू हो जाता है।

पर्यावरण और भविष्य दोनों खतरे में

रेत की अंधाधुंध खुदाई ने ऑक्सीजोन के प्राकृतिक सौंदर्य को गहरी चोट पहुंचाई है। हरियाली खत्म हो रही है, पर्यावरण असंतुलित हो रहा है और वह स्थान जो लोगों को सुकून देता था, अब विनाश की कहानी कह रहा है। यह केवल एक पिकनिक स्पॉट की बर्बादी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों से उनकी प्राकृतिक धरोहर छीनने जैसा अपराध है।

अब जागने का वक्त

राजनांदगांव की कई ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहरें पहले ही उपेक्षा का शिकार हो चुकी हैं। यदि अब भी जिम्मेदार नहीं जागे, तो ऑक्सीजोन भी केवल तस्वीरों और यादों तक सीमित रह जाएगा। जरूरत इस बात की है कि जनता अपनी खामोशी तोड़े और जवाबदेही तय करे। क्योंकि जब समाज जागता है, तभी व्यवस्था बदलती है। ऑक्सीजोन को बचाने की लड़ाई केवल पर्यावरण की नहीं, बल्कि शहर की पहचान और आने वाले भविष्य को बचाने की लड़ाई है।

भोरमदेव मंदिर परिसर में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल हुए डिप्टी सीएम

■ **सोमनाथ से भोरमदेव तक गूंजा सांस्कृतिक स्वाभिमान का स्वर**

कवर्धा/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा आज भोरमदेव मंदिर परिसर में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं के साथ गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर से वर्चुअली जुड़े और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई पूजा - अर्चना का अवलोकन कर उनका संबोधन सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान सोमनाथ मंदिर के स्वर्णिम इतिहास, विदेशी आक्रांताओं द्वारा किए गए हमलों, मंदिर के पुनर्निर्माण यात्रा, वर्तमान सरकार द्वारा किये जा रहे आस्था के केंद्रों का संरक्षण एवं संवर्धन के संकल्प सहित विभिन्न विषयों पर अपनी बातें देशवासियों से साझा की। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन भारत की पुरातन संस्कृति और सभ्यता के गौरवपूर्ण स्मरण का अवसर है। उन्होंने कहा कि इतिहास के कई महत्वपूर्ण प्रसंग समय के साथ लोगों की स्मृतियों से ओझल हो जाते हैं, जबकि इन्हीं घटनाओं ने देश की सांस्कृतिक चेतना को आकार दिया है। उन्होंने कहा कि लगभग एक हजार वर्ष पूर्व विदेशी आक्रांताओं ने भारत पर आक्रमण कर सोमनाथ मंदिर के वैभव को ध्वस्त किया और इसकी संपदा को लूटने का प्रयास किया। यह क्रम कई बार चला, लेकिन आज उन आक्रांताओं का नामोनिशान नहीं है, जबकि सोमनाथ मंदिर वैभवशाली स्वरूप में देश के सामने खड़ा है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ हमारी संस्कृति और आत्मसम्मान का मानबिंदु है। इस दौरान भोरमदेव मंदिर पर्यटन कॉरिडोर विकास कार्यों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि 146 करोड़ रुपये की लागत से भोरमदेव मंदिर कॉरिडोर परियोजना का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस दौरान जिपं अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिपं उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण सदस्य भगत पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिपं सदस्य वीरेंद्र साहू, पूर्व जिपं अध्यक्ष संतोष पटेल, जनपद उपाध्यक्ष बोड़ला नंद श्रीवास, कलेक्टर गोपाल वर्मा, सीईओ जिपं अभिषेक अग्रवाल, रामकिंकर वर्मा, विजय पाटिल, उमंग पाण्डेय, मनीराम साहू, लोकचंद साहू आदि मौजूद थे।

नगर निगम उप चुनाव और पंचायत निर्वाचन को लेकर धारा 144 लागू

कवर्धा/नवप्रदेश। नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2026 के तहत कबीरधाम जिला अंतर्गत नगर पंचायत स. लोहारा में अध्यक्ष पद तथा जनपद पंचायत क्षेत्र के रिक्त पंच एवं सरपंच पदों के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराई जानी है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गोपाल वर्मा ने निर्वाचन अवधि के दौरान संबंधित क्षेत्रों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गोपाल वर्मा द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया गया है कि निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित क्षेत्रों में कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर आयुध अधिनियम 1959 की धारा 2(1) में वर्णित अस्त्र-शस्त्र एवं विस्फोटक सामग्री जैसे बन्दूक, रायफल, पिस्तौल, भाला, बल्लम, बर्छा, लाठी अथवा अन्य हथियार लेकर नहीं घूमेगा तथा न ही उनका परिवहन करेगा। जारी आदेश के अनुसार आदेश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता के प्रावधानों के अंतर्गत दण्डनीय होगा। यह आदेश पुलिस, सीआरपीएफ, एसएएफतथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में तैनात शासकीय कर्मियों पर लागू नहीं होगा। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है तथा निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक प्रभावशील रहेगा।

जिला स्तरीय सेन जयंती आज छुईखदान में

खैरागढ़/नवप्रदेश। खैरागढ़ जिला सर्व सेन समाज के तत्वावधान में जिला स्तरीय संत शिरोमणी सेन जी महाराज जयंती समारोह का आयोजन 12 मई मंगलवार को छुईखदान में होगा। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण करेगी। 11 बजे पूजा-अर्चना , 12 से 2 बजे अतिथि स्वागत एवं मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम स्थल सरस्वती शिशु मंदिर, है। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक यशोदा वर्मा , छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मोना सेन शामिल होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व सेन समाज छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष पुनीत राम सेन एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, नगर पंचायत छुईखदान अध्यक्ष नम्रता गिरीराज वैष्णव, उपाध्यक्ष प्रकाश महोबिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार पटेल भाजपा मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर उपस्थित रहेंगे। सर्व सेन समाज के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सेन ने समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं से सहपरिवार उपस्थित होकर समारोह को सफल बनाने कहा है।

13 स्कूलों में बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम निराशाजनक, डीईओ ने मांगा जवाब

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के 13 सरकारी स्कूलो मे दसवीं बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम निराशाजनक आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी मुकुल साव ने संबंधित स्कूलो को नोटिस जारी कर 3 दिन मे प्राचार्यो से उनका स्पष्टीकरण मांगा है। जिला शिक्षा अधिकारी साव द्वारा जारी किए गए नोटिस मे संबंधित स्कूलो के परिणाम चिंताजनक आने पर इसे स्कूल प्राचार्य सहित शिक्षको के अध्ययन अध्यापन और सतत निगरानी मे लापरवाही बताते उदासीन रवैया निरूपित किया है ।

डीईओ साव ने जिले के छुईखदान ब्लाक के 11 और खैरागढ़ ब्लाक के दो स्कूल प्राचार्यो को नोटिस भेज कर जवाब मांगा है जवाब संतोषप्रद नही होने पर विभागीय कार्यवाही के चेतावनी दी गई है । जिले मे बोर्ड परीक्षाओ मे निराशाजनक परिणामों मे छुईखदान ब्लाक के शाउमाशा कटंगी मे 10वीं के परिणाम केवल 24 फीसदी और बारहवी कला का 56 फीसदी रहा। शा कन्या उमा शाला गंडई मे 10वीं का परिणाम 25 फीसदी, शासकीय हाईसकूल ठंडार मे 45 फीसदी, हाईस्कूल खुड़मुड़ी में 46 फीसदी, हाईस्कूल कुटेलीकला मे 53 फीसदी, शाउमाशा बुंदेली मे 54 फीसदी, शाउमाशा धोधा मे 56 फीसदी, शाउमाशा जंगल मे 54 फीसदी शाउमाशा बकरकटटा मे 12 वीं कला का परिणाम 20 फीसदी, शाउमाशा रामपूर में बारहवी कला मे 51 फीसदी, स्वामी आत्मानंद स्कूल साल्हेवारा मे 53 फीसदी ही सफल हो पाए। खैरागढ़ ब्लाक जालबांधा पीएमश्री स्कूल मे 10वीं का परिणाम 54 फीसदी ही रहा। आत्मानंद बख्शी स्कूल मे भी 12 वीं कृषि का परिणाम 34 फीसदी ही रहा।

प. बंगाल चुनाव ड्यूटी से लौटे सीएएफ जवान ने की आत्महत्या

■ **पत्नी से विवाद के बाद फांसी पर लटका मिला जवान**

बालोद/नवप्रदेश। जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भटगांव निवासी छस्त्र जवान ने धमतरी स्थित अपने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान जागेश्वर प्रसाद ठाकुर (उम्र 37 वर्ष) निवासी ग्राम भटगांव कलंगपुर, जिला बालोद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वे छस्त्र की 10वीं बटालियन एफ कंपनी सूरजपुर में पदस्थ थे और व र्तमान में सिविल लाइन रायपुर में ड्यूटी कर रहे थे। जानकारी के अनुसार जागेश्वर ठाकुर हाल ही में पश्चिम बंगाल चुनाव ड्यूटी से लौटे थे और पांच दिन के ब्रेक रेस्ट पर धमतरी स्थित सपना पिंक सिटी रोड के किराए के मकान में रह रहे थे।

जानकारी के मुताबिक घटना वाले दिन जवान का अपनी पत्नी से विवाद हुआ था। विवाद के बाद पत्नी नाराज होकर रिश्तेदार के घर चली गई थी। देर रात पत्नी ने जवान के छोटे भाई को फोन कर विवाद की जानकारी दी। जब छोटा भाई मकान पहुंचा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी प्रयास के बाद पीछे के रास्ते से कमरे के भीतर पहुंचने पर जागेश्वर ठाकुर फांसी के फंदे पर लटके मिले। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

धमतरी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीएम के बाद जवान का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम भटगांव कलंगपुर में किया गया। घटना के बाद परिवार और गांव में शोक का माहौल है।

नाम-परिवर्तन

मैं शकीला बेगम (SHAKEELA BEGAM) पति जमीर उल्ला (ZAMIR ULLAH) उम्र 47 वर्ष, निवासी मकान नं. 19/850, स्टील नगर, वार्ड नं. 19, केम्प-1 भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) जिसे अब तक (SHAKILA BEGUM, SAKILA BEGUM) पति (JAMIRULLAH) ने अपना नाम बदल कर शकीला बेगम (SHAKEELA BEGAM) पति जमीर उल्ला (ZAMIR ULLAH) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
शकीला बेगम
पति जमीर उल्ला
निवासी मकान नं. 19/850,
स्टील नगर, वार्ड नं. 19, केम्प-1
भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं जमीर उल्ला: (ZAMIR ULLAH) पिता (SHAFIK ULLAH) उम्र 51 वर्ष, निवासी मकान नं. 19/850, स्टील नगर, वार्ड नं. 19, केम्प 1 भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) जिसे अब तक (JAMIRULLAH, JAMIR ULLAH) पिता (SHAFIK ULLAH) ने अपना नाम बदल कर जमीर उल्ला (ZAMIR ULLAH) पिता (SHAFIK ULLAH) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
जमीर उल्ला
पिता (SHAFIK ULLAH)
निवासी मकान नं. 19/850,
स्टील नगर, वार्ड नं. 19, केम्प 1
भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202603100400242
/अ-02/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री/श्रीमती राजकुमारी सिंह पिता/पति राजेश कुमार सिंह निवासी बजरंग चौक शिव पारा दुर्ग द्वारा नीचे वर्णित ÷अनुसूची में उल्लेखित ग्राम, खसरा, रकबा भूमि के दर्शित प्रयोजन अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर के द्वारा जारी अधीसूचना दिनांक 22.12.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ भू- राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम 2025 में दिये गये निर्धारित प्ररूप-एक में भूमिस्वामी द्वारा भूमि उपयोग के व्यपवर्तन तथा स्वनिर्धारण की सूचना व घोषणा पत्र छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 यथासंशोधित 2022 की धारा 59/172 के तहत् इस न्यायालय में अन्य दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है :-

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	आवेदि.भू. खसरा नं.	रकबा हे. वर्गमीटर	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	201/4	0.011	आवासीय

अतएव उपरोक्त उपर वर्णित भूमि के व्यपवर्तन/ पुनर्निर्धरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा जारी होने की तिथि से 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति अथवा दावा स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति/अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि में दावा आपत्ति के पश्चात् दावा आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निखिल कुमार निषाद पिता लालचंद निषाद निवासी पीसेगांव दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपनी दादी रमतुल्ला पिता हीरामन निषाद की जन्म/मृत्यु दिनांक 14.03.2016 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रताप कुमार साहू पिता बुधारुराम साहू निवासी बोड़ेगांव दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्वयं प्रताप कुमार साहू आ. बुधारुराम साहू की जन्म/मृत्यु दिनांक 25.06.1989 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-27/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक जरीना बेगम आ./पति मोहम्मद अलताफ निवासी इस्लाम नगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 रा.नि.मं. कोहका व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 420/1 रकबा 2400 वर्गफीट हे. भूमि जरीना बेगम के नाम पर शामिलात खातें में दर्ज है। ऊपर वर्णित भूमि को खातेदारों द्वारा आपसी सहमति के अनुसार खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.05.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.कं./ अ-6/ वर्ष 2025-26 में आवेदिका/आवेदक उमेश कुमार आ. बिसौहा साहू निवासी लीला मंच कुरुद तह. व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 रा.नि.मं. कोहका व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 675 रकबा 0.190 हे. है। जो भूमिस्वामी रतियान आ. स्व. बिसाहू के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी स्व. रतियान आ. स्व. बिसाहू की मृत्यु दिनांक 05.03.1990 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 19.05.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं विजय जैन, पिता धनराज जैन, निवासी, एच नं. 26 ए, खंडेलवाल कालोनी, दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम विजय जैन, को त्याग कर नया नाम विजय कुमार जैन रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम विजय कुमार जैन से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ता
विजय कुमार जैन
एच नं. 26 ए, खंडेलवाल
कालोनी, दुर्ग, (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202526430103900193

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी लीलादेवी पिता/पति अखराज ओस्तवाल पता महावीर कालोनी दुर्ग, पिता/पति अखराज ओस्तवाल पिता/पति स्व. गुलाबचंद पता महावीर कालोनी दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 534/172 (0.0190) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता विपुल ओस्तवाल पिता/पति अखराज ओस्तवाल पता महावीर कालोनी दुर्ग, लक्ष्मी जैन पिता/पति अखराज ओस्तवाल पता महावीर कालोनी दुर्ग, ज्ञानचंद ओस्तवाल पिता/पति अखराज ओस्तवाल पता महावीर कालोनी दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14.05.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भाी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.कं./ अ-6/ वर्ष 2025-26 में आवेदिका/आवेदक दिलीप कुमार भगत आ. स्व. राजवंशी भगत निवासी शिक्षक नगर सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 1598 रकबा 0.0200 हे. है। जो भूमिस्वामी राजवंशी भगत आ. स्व. सहातू भगत के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी राजवंशी भगत आ. स्व. सहातू भगत की मृत्यु दिनांक 26.09.2023 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.05.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अहिवारा तह. अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)
सूचना-पत्र

प्रति,
आवेदक श्री महात्मा प्रसाद पिता माताधीरव यादव निवासी बानबरद
सीमावर्ती/ भूमिस्वामी :- 1. अनवर खां नि. बानबरद, 2. मदनलाल डालमिया नि. बारबरद, 3. रुपल नाग आ. यशवंत नाग नि. नंदिनीनगर, 4. कल्पना पिता/पति दिलीप वर्मा नि. खपरी, 5. गिरीश आ. भारतलाल नि. तिलई, 6. देवेन्द्र शर्मा नि. बानबरद, 7. वंदना वर्मा नि. बानबरद।

विषय :- सीमांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जाँच में उपस्थित होने बाबत्।

ग्राम बानबरद प.ह.न. 06 रा.नि.म. अहिवारा तहसील अहिवारा व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा न. 510 रकबा 0.11 हे. न्यायालय में सीमांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जाँच हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। माननीय न्यायालय तहसीलदार अहिवारा के ज्ञापन क्रमांक वाचक/तह. 2023-24 अहिवारा दिनांक के परिपालन में दिनांक 15.05.2026 को सुबह 11.00 बजे के बीच में सीमांकन, स्थल जाँच किया जाना है।

अतः दस्तावेज रजिस्ट्री बयनामा ले-आउट सहित नियत समय पर उपस्थित होवें, बाद की आपत्ति स्वीकार नही होगी।

मुहर
राजस्व निरीक्षक
अहिवारा(छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202601100800009
/ब-121/वर्ष 2025-26
ग्राम रुहा, प.ह.न. 09

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि आवेदक रामकुमार साहू पिता समेलाल साहू निवासी रूहा, तहसील धमधा, जिला-दुर्ग द्वारा फौती नामांतरण का आवेदन पेश किया गया है। कि मौजा ग्राम रूहा, प.ह.नं. 09, तहसील धमधा, जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 171 रकबा 0.61 कुल खसर 01 कुल रकबा 0.61 हे. भूमि दुर्गा बाई साहू पति रामकुमार साहू के नाम पर दर्ज है। जिनकी दिनांक 16/03/2026 को मृत्यु हो जानें के पश्चात् आवेदक आवेदन पत्र के साथ अन्य दस्तावेज संलग्न कर उक्त भूमि पर से भूमिस्वामी स्व. दुर्गा बाई साहू पति रामकुमार साहू का नाम को खाते से विलोपित कर उनके वारिसान (पुत्र) 1. ना.बा. प्रवीन कुमार पिता रामकुमार साहू, 2. ना.बा. यशवंत पिता रामकुमार साहू, (पुत्री) 1. ना.बा. टाकेश्वरी पिता रामकुमार साहू, 2. ना.बा. यामिनी पिता रामकुमार साहू के नाम पर दर्ज करनें का निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त प्रश्नाधीन वाद भूमि के संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 20.05.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
धमधा जिला दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202601100800010
/ब-121/वर्ष 2025-26
ग्राम रुहा, प.ह.न. 09

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि आवेदक ऋषि कुमार साहू पिता स्व. होरीलाल साहू निवासी रूहा, तहसील धमधा, जिला-दुर्ग द्वारा फौती नामांतरण का आवेदन पेश किया गया है। कि मौजा ग्राम रूहा, प.ह.नं. 09, तहसील धमधा, जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 63 रकबा 0.65 हे. कुल खसर 01 कुल रकबा 0.65 हे. भूमि होरीलाल साहू पिता काशीराम साहू के नाम पर दर्ज है। जिनकी दिनांक 10/02/2026 को मृत्यु हो जानें के पश्चात् आवेदक आवेदन पत्र के साथ अन्य दस्तावेज संलग्न कर उक्त भूमि पर से भूमिस्वामी स्व. होरीलाल साहू पिता काशीराम साहू का नाम को खाते से विलोपित कर उनके वारिसान (पुत्र) 1. ऋषि कुमार साहू पिता स्व. होरीलाल साहू (पुत्री) 1. रजीम बाई साहू पिता स्व. होरीलाल साहू, (पत्नी) चेती बाई साहू पति स्व. होरीलाल साहू के नाम पर दर्ज करनें का निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त प्रश्नाधीन वाद भूमि के संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 20.05.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
धमधा जिला दुर्ग(छ.ग.)

हमारी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है: शिवरतन शर्मा

■ **समाधान शिविर का उद्देश्य समस्याओं को समझना व जड़ मूल से खत्म करना है**

भाटापारा/नवप्रदेश। भाजपा वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा सुशासन तिहार के अंतर्गत तरेंगा में समाधान शिविर में सम्मिलित होकर ग्रामवासियो से सावंद किया।

शिवरतन शर्मा ने क्रमशः पहले सभी विभागों के स्टाल का निरिक्षण किया और प्राप्त आवेदनों एवं उन पर हुए निराकरणों के विषय में सम्बंधित अधिकारियो से जानकारी ली। शिवरतन शर्मा ने समाधान शिविर को सम्बोधित कर कहा की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक-एक गारंटी को धरातल पर उतारने का कार्य पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता से कर रहे हैं। हमारी भाजपा सरकार जनता से किए गए हर वादे को गंभीरता से लेते हुए उसे पूरा करने में जुटी है। विधानसभा चुनाव से पहले हमने वादा किया था कि सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास

योजना के अंतर्गत आवासहीन परिवारों को घर उपलब्ध कराएंगे। हमारी सरकार ने इस वादे को प्राथमिकता दी और सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सबसे पहले प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार लोगों की समस्या का निराकरण उनके घर उनके द्वार तक पहुंचकर कर रही है। हमारी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है। उन्होंने कहा की समाधान शिविर में हो रही समस्याओं के समाधान को देखकर नागरिक अपनी समस्याएं लेकर शिविर पहुंच रहे हैं। शिविर में तमाम विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रहती है और समस्या को ध्यान में रखते हुए अधिकारी समस्याओं का मौके पर ही निपटारा करते हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इसी वजह से नागरिक शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं। शिवरतन शर्मा ने बताया कि सरकार ने जिन समस्याओं के निदान को लेकर समाधान शिविर की पहल की थी। वह सार्थक हो रही हैं और जनता को त्वरित समाधान मिल रहा हैं,,समाधान शिविर का उद्देश्य समस्याओं को समझना व जड़ मूल से खत्म करना है। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायाब तहसीलदार, सीईओ, बीईओ, बीआरसी एसडीओ, बीएमओ, डीई, सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी, ग्रामवासी एवं पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्त्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

उड़ीसा के मंत्री नित्यानंद गोड़ का कर्णेश्वर धाम में हुआ आगमन

नगरी/नवप्रदेश। उड़ीसा राज्य के आदिम जाति कल्याण मंत्री नित्यानंद गौड़ का आगमन कर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर में हुआ। उनके आगमन पर मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। मंत्री श्री गौड़ जी ने भगवान कर्णेश्वर महादेव के दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं देशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में उन्होंने श्रद्धा भाव से दर्शन कर कर्णेश्वर धाम की आध्यात्मिक एवं प्राकृतिक सुंदरता की सराहना भी की। इस दौरान उन्होंने मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्यों से मुलाकात कर कर्णेश्वर धाम में संचालित धार्मिक एवं विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की। ट्रस्ट सदस्यों ने उन्हें श्रावण मास एवं माघी पूर्णिमा मेला की ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता से अवगत कराया। मंत्री श्री गौड़ जी ने कर्णेश्वर धाम की ख्याति एवं यहां उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की आस्था की सराहना करते हुए कहा कि यह स्थल धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने श्रावण मास एवं माघी पूर्णिमा मेला में पुनः शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार किया तथा भविष्य में फिर से कर्णेश्वर धाम आने का वादा भी किया। उनके आगमन से मंदिर ट्रस्ट एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला।

दरबार साहिब अमृतसर एवं गुरुद्वारा छ्ढ़ी पातशाही जी श्रीनगर साहिब यात्रा रवाना

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सिख संगठन द्वारा दरबार साहिब अमृतसर एवं छेवी पातशाही श्रीनगर साहिब धार्मिक यात्रा सोमवार को स्टेशन रोड गुरुद्वारा रायपुर से रवाना हुई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेश संयोजक अरूण छाबड़ा ने भाटापारा में दर्शनाथियो का स्वागत करते हुए एवं लंगर जलपान प्रबंध किया गया। लगभग 150 संगत इस यात्रा का हिस्सा बनी है, जिसके लिए रास्ते भर लंगर की व्यवस्था की गई है। हरमंदर साहिब, गुरुद्वारा ताज कौर समाद, गुरुद्वारा चरण कमल जम्मू , बाबा दीप सिंघ गुरुद्वारा, आदि ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन कर के 23 मई को यात्रा रायपुर पहुंचेगी। इस धार्मिक यात्रा का सफल संचालन करने वाले सेवादारों में जत्थेदार संगठन के संरक्षक सरदार हरपाल सिंह भांमरा, प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला, अरूण छाबड़ा, नरेन्द्रर सिंह बाली कन्हैया सेठी अनिल जयसवाल, राजा टूटेजा, विक्की सलूजा गुरमीत सिंह टोनी, यसदीप छाबड़ा, मोनू सलूजा सहित बड़ी संख्या से समाज के लोग उपस्थित थे।

5 महीना से थमी पेंशन, दाने-दाने को मोहताज विधवा और दिव्यांगजन - धनेंद्र

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री छ.ग.शासन ने भारत शासन के प्रधानमंत्री एवं छ.ग.शासन के मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित करते हुए, प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि केन्द्र और राज्य सरकार के सहयोग से संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन योजनाओं का लाभ पाने वाले लाभार्थी पिछले 5 महीनों से सरकारी उपेक्षा का शिकार हैं। अत्यंत भारी मन से मैं आप दोनो का ध्यान छ.ग. प्रदेश के उन लाखों असहाय बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगजनों की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, जो केन्द्र शासन के द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के भरोसे अपना जीवन यापन कर रहे हैं।



92 टन गैस चोरी और 80 लाख के लेन-देन की जांच तेज, अब तक बड़ी रकम बरामद नहीं

एलपीजी घोटाला: 3 दिन के रिमांड पर मास्टरमाइंड अजय यादव

■ **रिश्तेदारों और करीबियों तक पहुंची जांच**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के बहुचर्चित 1.5 करोड़ रुपये के एलपीजी गैस घोटाले में पुलिस जांच लगातार गहराती जा रही है। मामले के मुख्य आरोपी और तत्कालीन जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पुलिस ने तीन दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

अजय यादव पर शासकीय संपत्ति के गबन की साजिश रचने, कूट रचित दस्तावेज तैयार करने और शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। इसके बावजूद गिरफ्तारी के तीन दिन बाद भी राज्य शासन द्वारा उनका निलंबन आदेश जारी नहीं किए जाने को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

वहीं दूसरी ओर गौरव गैस एजेंसी संचालक पंकज चंद्राकर और व्यापारी मनीष चौधरी को न्यायालय ने जेल भेज दिया है। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की परतें खोलने में जुटी हुई है।

80 लाख में से सिर्फ 5 लाख का सामान और 8 हजार नकद बरामद न्न पुलिस सूत्रों के अनुसार चोरी कर बेची गई करीब 92 टन गैस के एवज में लगभग 80 लाख रुपये का लेन-देन हुआ था। जांच में सामने आया है कि इस रकम में से लगभग 50 लाख रुपये अजय यादव और करीब 20 लाख रुपये पंकज चंद्राकर और 10 लाख मनीष चौधरी को मिले थे।

हालांकि अब तक पुलिस इन दोनों आरोपियों से रकम बरामद नहीं कर पाई है। पुलिस को सिर्फ रायपुर के व्यापारी मनीष चौधरी के सोनू ट्रेडर्स से 5 लाख 11 हजार 900 रुपये के होम अप्लायंसेज और 8 हजार रुपये नकद मिले हैं। यही वजह है कि पुलिस लगातार अजय यादव से पूछताछ कर पैसों के लेन-देन और निवेश की कड़ियां जोड़ने का प्रयास कर रही है।

घरों से नहीं मिला कैश, लेकिन अहम दस्तावेज हाथ लगे

जांच के दौरान पुलिस ने अजय यादव और गौरव गैस एजेंसी संचालक पंकज चंद्राकर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित घरों पर छापेमारी की। हालांकि छापे में नकदी बरामद नहीं हुई, लेकिन पुलिस को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं। दस्तावेजों के आधार पर पुलिस अब संपत्तियों और आर्थिक लेन-देन की जांच कर रही है। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि पंकज चंद्राकर ने गैस चोरी से कमाए गए लगभग 20 लाख रुपये गौरव गैस एजेंसी के व्यापार को बढ़ाने में लगाए थे।

निलंबन नहीं होने पर उठ रहे सवाल

एक ओर पुलिस ने खाद्य अधिकारी अजय यादव को गंभीर आर्थिक अपराधों में गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है, वहीं दूसरी ओर अब तक उनका निलंबन नहीं होना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।
स्थानीय स्तर पर यह चर्चा तेज है कि इतने बड़े आर्थिक घोटाले में गिरफ्तारी के बावजूद कार्रवाई में देरी क्यों हो रही है। पुलिस की आगे की जांच और पूछताछ से आने वाले दिनों में कई और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

संपत्तियों और निवेश की खंगाली जा रही जानकारी

पुलिस अब दिसंबर 2025 से लेकर अब तक अजय यादव और पंकज चंद्राकर के करीबी लोगों, परिचितों और रिश्तेदारों द्वारा खरीदी गई संपत्तियों की जानकारी जुटा रही है।

जांच एजेंसियों को आशंका है कि घोटाले की रकम को प्रॉपर्टी और अन्य निवेशों में खपाया गया हो सकता है। इसी वजह से पुलिस का फोकस अब सिर्फ मुख्य आरोपियों तक सीमित नहीं रह गया है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस कभी भी गौरव गैस एजेंसी और खाद्य विभाग कार्यालय में दबिश दे सकती है। साथ ही गौरव गैस एजेंसी से जब्ती की कार्रवाई भी की जा सकती है।

सिंघोड़ा से आरंग तक की गतिविधियां जांच के घेरे में

मामले में पुलिस को कई महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक सबूत भी मिले हैं। जांच के दौरान पुलिस ने 26 मार्च को सिंघोड़ा थाना परिसर में खड़े गैस कैप्सूल को देखने पहुंचे अजय यादव और पंकज चंद्राकर का सीसीटीवी फुटेज जब्त किया है। इसके अलावा आरंग स्थित नेशनल हाईवे किनारे एक ढाबे में देर रात अजय यादव, पंकज चंद्राकर और मनीष चौधरी के बीच हुई बैठक का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस के हाथ लगा है।

ग्राम पंचायत चिचिया की सरपंच ने सांसद-जिलाध्यक्ष के समक्ष किया भाजपा की सदस्यता ग्रहण

गरियाबंद/नवप्रदेश। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रुपकुमारी चौधरी जी का गोहरापदर,अमलीपदर क्षेत्र के दौरे पर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात कर समस्याओं से रुबरू हुई,क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं ने विकास कार्यों के मांगपत्र सौंपा एवं कार्यकर्ताओं से विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से चर्चा की इस दौरान जिला उपाध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी के निवास में ग्राम पंचायत चिचिया की सरपंच फोटो बाई ध्रुव एवं अमलीपदर के पंच तुलाराम मांझी ने सांसद श्रीमती रुपकुमारी चौधरी एवं जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर के उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी के विचार धाराओं एवं कार्यशैली से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण किया,इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप,भाजपा जिला मंत्री डां.मनीष सिन्हा, सुरोति ध्रुवा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष हलमन सिंह ध्रुवा, अजजा मोर्चा जिला महामंत्री तानसिंह मांझी, अजा मोर्चा जिला महामंत्री चैनसिंह कश्यप, पि.व.मोर्चा जिला महामंत्री जयराम साहू, मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा, डां.योगीराज माखन कश्यप, आनंद राम यादव, शिवराज यादव, सोभित राम ध्रुवा, मिश्रीलाल यादव, गोविंद नागेश, फागुराम नागेश, हीरालाल मांझी, अरविंद तिवारी, परसराम प्रधान, सरपंचगण जयराम मांझी, गोरेलाल ध्रुव, हेमोबाई नागेश, दुरुप सिंह ओंटी, लम्बोदर ध्रुव, चंद्रशेखर सिन्हा, डोकेन्द्र सोनवानी, लक्ष्मण नागेश, लखीधर सोना, त्रिभुवन ताम्रकार, पदमन नागेश सहित कार्यकर्ता एवं आमजनता उपस्थित रहे।

247 किलो गांजा जब्त, 10 आरोपी गिरफ्तार

■ **बाइक में बनाए थे गुप्त कम्पार्टमेंट, 7 मोटरसाइकिल और 6 मोबाइल भी बरामद**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 247 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। कार्रवाई में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तस्करी में प्रयुक्त 7 मोटरसाइकिल, 6 मोबाइल फोन और गांजा छिपाने के लिए इस्तेमाल किए गए 5 लोहे के विशेष जाले भी बरामद किए गए हैं। जब्त संपत्ति की कुल अनुमानित कीमत 1 करोड़ 28 लाख 44 हजार रुपये बताई गई है।

जानकारी के अनुसार थाना बसना पुलिस को ओडिशा से महासमुंद की ओर गांजा तस्करी की सूचना मिली थी। पुलिस ने घेराबंदी कर पांच मोटरसाइकिलों को रोककर जांच की। पूछताछ के दौरान आरोपी खुद को कपड़ा विक्रेता बताकर घूमना बता रहे थे, लेकिन तलाशी लेने पर पुलिस हैरान रह गई। मोटरसाइकिलों की पिछली सीट के नीचे लोहे के विशेष कम्पार्टमेंट बनाकर उसमें गांजा छिपाया गया था। इसी दौरान पुलिस ने एक अन्य मामले में 23 किलो गांजा के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं थाना कोमाखान पुलिस ने टेमरी जांच नाका पर कार्रवाई करते हुए एक होंडा साइन मोटरसाइकिल से 9 किलो 60 ग्राम गांजा बरामद किया।

जब्त सामग्री

247 किलो गांजा,7 मोटरसाइकिल, 6 मोबाइल फोन, गांजा छिपाने में प्रयुक्त 5 लोहे के जाले, पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

गिरफ्तार आरोपी

मेताप टाटिया (20), जिला खंडवा, मध्यप्रदेश, रमेश चौहान (30), जिला बैतूल, मध्यप्रदेश, राजू कुमावत टाकिया (25), जिला बैतूल, मध्यप्रदेश,दीपक राजपूत (27), जिला ललितपुर (उप्र.-मप्र. बॉर्डर), प्रकाश बंजारा (23), जिला रायसेन, मध्यप्रदेश मोहम्मद रिहान (37), जिला अनुपपुर, मध्यप्रदेश, मनोज सिंह (36), जिला अनुपपुर, मध्यप्रदेश ,चंद्रशेखर (22), जिला नागपुर, महाराष्ट्र, जितेंद्र (24), जिला नागपुर, महाराष्ट्र, विकास (19), जिला नागपुर, महाराष्ट्र ।

युवा कांग्रेस की बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा

कुरूद/नवप्रदेश। कांग्रेस भवन में कुरूद विधानसभा युवा कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसमें संगठन की मजबूती और आगामी कार्यों की रूपरेखा एवं जनहित के मुद्दों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी ने कहा कि युवा कांग्रेस जनता की समस्या बेरोजगारी, किसानों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ेगी। विधानसभा युकाध्यक्ष देवव्रत साहू ने कहा कि जब युवा मैदान में उतरते हैं, तो बदलाव की नई इबारत लिखी जाती है। हम सब मिलकर कुरूद विधानसभा में कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस संगठन को और मजबूत, सक्रिय और जनहितैषी बनाने का संकल्प लेते हैं। उपाध्यक्ष गुरुदेव महिपाल, एनएसयूआई के योगेश साहू महासचिव तुकेश साहू, यक्ष साहू भखारा युकांध्यक्ष पुखराज साहू, सुबोध झा ने भी संगठन को मजबूती के लिए अपनी बातें रखी। बैठक में पार्षद अर्जुन ध्रुव, भुवनेश्वर सिंह, योगिराज, दिवाकर चंद्राकर, सुरेश साहू, घनश्याम, युवराज, तुलेश, उमेश, नागेश साहू, कुलदीप कश्यप, मित्रभाण सिन्हा, बैतल साहू, सोमप्रकाश, पूनाराम साहू, दुष्यंत ढीढ़ी, चुनेश्वर साहू, टिकेश्वर सिन्हा, गौतम देवांगन, भुवन साहू, रूपेन्द्र चन्द्राकर, चोवा, पूरण साहू, राहुल नगारची, सुरेन्द्र साहू, योगेश, अमितेश निर्मलकर, कोमल साहू, रिखीराम ध्रुव आदि उपस्थित थे।

सिरपुर में मनाया 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, अटूट आस्था के 1000 वर्ष'

गंधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में हुआ विशेष आयोजन, एलईडी स्क्रीन पर देखा गया सोमनाथ से सीधा प्रसारण

महासमुंद/नवप्रदेश। पुरातात्विक एवं धार्मिक नगरी सिरपुर स्थित गंधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सोमवार सुबह 9 बजे 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष' के अंतर्गत विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोमनाथ से हो रहे मुख्य आयोजन का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। साथ ही भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। इस अवसर पर अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान गंधेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि सोमनाथ देश का पहला ज्योतिर्लिंग है। सन 1026 में आक्रांताओं द्वारा बार-बार हमले किए गए, लेकिन हर बार माता अहिल्याबाई होलकर ने मंदिर का जीर्णोद्धार कर उसके वैभव को बनाए रखा। उन्होंने कहा कि ÷यदि हम धर्म की रक्षा करेंगे, तो धर्म हमारी रक्षा करेगा।

संस्कृति और स्वाभिमान का महापर्व : योगेश्वर : विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना और गौरव का महापर्व है। यह आयोजन देश के इतिहास, त्याग और सभ्यतागत मूल्यों की याद दिलाने के साथ नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति पर जिसने भी हमला किया, अंततः हमारी संस्कृति ने ही उसे संरक्षण दिया। इसलिए अपनी संस्कृति और धर्म की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का परम कर्तव्य है।

श्रद्धालुओं को वितरित किया गया प्रसाद : कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने सोमनाथ से सीधा प्रसारण देखा।

सोमनाथ भारत की सनातन चेतना का प्रतीक: रूपकुमारी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति, आत्मगौरव और अटूट आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हजार वर्षों के संघर्ष और अनेक आक्रमणों के बावजूद सोमनाथ मंदिर आज भी अडिग खड़ा है, जो भारतीय सभ्यता की अमर चेतना और सांस्कृतिक शक्ति को दर्शाता है।

सोढ़ूर नहर विस्तार: वन विभाग से एनओसी प्रदान करने की मांग

साथ छूटे ग्रामों को जोड़ने पर हुई महत्वपूर्ण बैठक

नगरी/नवप्रदेश। क्षेत्र के किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सोढ़ूर नहर विस्तार, वन विभाग से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) प्राप्त करने तथा ग्राम पंचायत एवं ग्राम सर्वे में छूटे हुए गांवों को पुनः जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सबसे पहले सोढ़ूर नहर विस्तार योजना को लेकर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नहर विस्तार होने से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा मिलेगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी। लंबे समय से इस मांग को लेकर ग्रामीण प्रयासरत हैं और अब इसे शीघ्र पूर्ण कराने की दिशा में ठोस पहल करने पर सहमति बनी।

दूसरे प्रमुख विषय के रूप में वन विभाग से एनओसी प्राप्त करने के संबंध में चर्चा हुई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए क्षेत्र के सांसद एवं वन मंत्री से मुलाकात कर आवश्यक पहल की जाएगी, ताकि वन भूमि संबंधी अड़चनें दूर हो सकें और विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके। उपस्थित जनों ने कहा कि वन विभाग की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र की कई लंबित योजनाओं को गति मिलेगी।

पेज 1 का शेष...

पीएम का नया आर्थिक मंत्र: ...

करें और मेट्रो, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें।

पीएम मोदी ने सोना न खरीदने की बात क्यों कही?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह बयान ऐसे समय आया है जब मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। होर्मुज़ जलडमरूमध्य के आसपास तनाव बढ़ने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में बड़ा उछाल देखा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक हाल के हफ्तों में कच्चा तेल लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 126 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। इससे भारत का आयात बिल तेजी से बढ़ने लगा है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से खरीदता है। ऐसे में तेल महंगा होने का सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था और विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ता है। इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी ने ईंधन बचाने और विदेशी मुद्रा बचाने पर जोर दिया। इसी दौरान उन्होंने लोगों से शादी-ब्याह में एक साल तक सोना न खरीदने की बात कही, जिसने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा।

पोकरण परमाणु परीक्षण...

हुए ऑपरेशन शक्ति की बधाई देता हूं।

विरासत और विकास साथ-साथ आगे बढ़ने वाली शक्तियां

गुजरात में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की अविनाशी चेतना और सांस्कृतिक आत्मविश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 75 वर्ष पहले सोमनाथ मंदिर की पुनर्स्थापना ने स्वतंत्र भारत की सांस्कृतिक चेतना का उद्घोष किया था और आज यह महोत्सव अगले हजार वर्षों की प्रेरणा का प्रतीक बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रभास पाटन का पवित्र क्षेत्र अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा से भरा हुआ है और ऐसा अनुभव हो रहा है मानो पूरी सृष्टि 'जय सोमनाथ' का उद्घोष कर रही हो।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की...

को 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 75 वर्ष पूर्व आज ही के दिन सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण का कार्य पूर्ण हुआ था और इसी ऐतिहासिक अवसर को देशभर में स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर अनेक बार बाहरी आक्रांताओं द्वारा हमले किए गए, लेकिन मंदिर की आस्था और परंपरा को समाप्त नहीं किया जा सका। श्री साय ने कहा कि पहली बार आक्रमण के दौरान मंदिर के पुजारियों और श्रद्धालुओं ने मंदिर नहीं छोड़ा तथा अपने प्राणों का बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका त्याग आज भी इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है।

ट्रम्प ने ईरान की जंग...

440 किलो 60% एनरिच्ड यूरेनियम अमेरिका को सौंपना होगा। इसके बदले अमेरिका प्रतिबंधों में ढील देगा, ईरान की फ्रीज की गई अरबों डॉलर की संपत्तियां छोड़ेगा, साथ ही ईरानी बंदरगाहों पर लगी नौसैनिक नाकेबंदी हटाएगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम और हाईली एनरिच्ड यूरेनियम पर पूरी तरह समझौता करने को तैयार नहीं है। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि उनका जवाब सकारात्मक और व्यावहारिक है और अब फैसला अमेरिका को करना है। दोनों देशों ने 8 अप्रैल से लागू सीजफायर खत्म होने की घोषणा नहीं की है।

भारत आएंगे ईरान के विदेश...

को पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति और तेहरान पर हुए अमेरिकी व इजरायली हमलों के बारे में जानकारी दी थी। दिल्ली दौरे के दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता होने की संभावना है, जिसमें क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक सुरक्षा पर गंभीर चर्चा होगी।

ब्रिक्स देशों से समन्वय की अपील

ईरानी विदेश मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय का आह्वान किया है। उन्होंने बार-बार इस बात को दोहराया है कि ईरान 'आत्मरक्षा के अपने वैध अधिकार' का प्रयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली में होने वाली बैठक में ईरान, ब्रिक्स के मंच से वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति स्पष्ट कर सकता है और सदस्य देशों से सहयोग की उम्मीद कर सकता है।

आरसीबी के खिलाड़ियों को...

टेक्सटाइल और कपड़ों के डिज़ाइन में बदल गया है।

आरसीबी के सीईओ राजेश मेनन ने स्वागत से हुए प्रभावित : आरसीबी के सीईओ राजेश मेनन ने रायपुर की गर्मजोशी और स्वागत की तारीफ करते हुए कहा कि यहां उन्हें बिल्कुल घर जैसा महसूस हो रहा है। सीएम विष्णु देव साय की पहल से रायपुर में 10 साल बाद आईपीएल की वापसी हुई है, जिससे राज्य की पहचान खेल जगत में और मजबूत होगी।

रायपुर के लक्ष्य ज्वेलर्स...

की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस दुकान और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है।

श्वान जनित समस्याओं से मुक्ति की पहल, जगदलपुर में शुरू हुआ पहला एबीसी सेंटर

■ महापौर संजय पांडेय ने श्वान पूजा कर किया शुभारंभ

■ हर माह 500 आवारा श्वानों के बधियाकरण व टीकाकरण का लक्ष्य

जगदलपुर। नव प्रदेश। शहर में बढ़ती आवारा श्वानों की समस्या और रेबीज के खतरे को नियंत्रित करने की दिशा में नगर निगम जगदलपुर ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए शहर के पहले एनीमल बर्थ कंट्रोल सेंटर (एबीसी) की शुरुआत की।

महाराणा प्रताप वार्ड स्थित एसएलआरएम डोंगरी सेंटर के पास महापौर संजय पांडेय, एमआईसी सदस्यों, पार्षदों और निगम अधिकारियों ने श्वान पूजा कर,उन्हें दूध और आहार खिलाकर केंद्र का शुभारंभ किया। महापौर संजय पांडेय ने बताया कि शहर में लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम ने पशु प्रेमी संगठनों और पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से अलग-अलग समितियों का गठन किया है। ये समितियां श्वानों को सुरक्षित तरीके से पकड़ने, उपचार, बधियाकरण और निगरानी का कार्य करेंगी। अभियान में स्ट्रे सेफ फाउंडेशन और स्नेह एनीमल वेलफेयर सोसायटी की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

वैज्ञानिक तरीके से होगा संचालन

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि बधियाकरण प्रक्रिया पूरी तरह वैज्ञानिक पद्धति से की जाएगी। ऑपरेशन के बाद निकाले गए अंगों का सुरक्षित निष्पादन पशु विभाग के विशेषज्ञों की निगरानी में किया जाएगा। अभियान की निगरानी के लिए निगम अधिकारियों,पशु चिकित्सकों और पशु प्रेमियों की संयुक्त समिति बनाई गई है।

धरमपुरा क्षेत्र से पकड़े गए 22 आवारा श्वानों को सेंटर के प्री-केयर केनल में रखा गया है, जहां उनका बधियाकरण, डी-वार्मिंग और रेबीज टीकाकरण किया जाएगा। उपचार के बाद तीन दिन तक पोस्ट-केयर में रखकर स्वस्थ होने पर उन्हें उसी स्थान पर छोड़ा जाएगा जहां से पकड़ा गया था। निगम ने प्रतिमाह 500 श्वानों के बधियाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। महापौर संजय पांडेय ने शहरवासियों से इस अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह पहल श्वानों की संख्या नियंत्रित करने के साथ-साथ रेबीज जैसी बीमारियों की रोकथाम में भी मददगार सिद्ध होगी। निगम ने नागरिकों से आवारा श्वानों की जानकारी टोल फ्री नंबर 1100 अथवा स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत श्रीवास और लुप्तेश जगत को देने की अपील की है।

करंदोला गांव में कब्रिस्तान निर्माण के प्रयास पर ग्रामीणों और संगठनों ने जताया विरोध

वन भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, चर्च और कब्रिस्तान निर्माण को लेकर बढ़ा विवाद

■ वन मंत्री केदार कश्यप को बदनाम करने की साजिश होने का भी लगाया गया आरोप

जगदलपुर/ नव प्रदेश। बस्तर संभाग में वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा कर चर्च और कब्रिस्तान बनाए जाने के आरोपों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। भानपुरी थाना क्षेत्र के करंदोला गांव में हाल ही में एक मतांतरित महिला के अंतिम संस्कार को लेकर उत्पन्न विवाद के बाद यह मामला फिर चर्चा में आ गया है।

आरोप है कि वन भूमि पर कब्जा कर कब्रिस्तान विकसित करने की कोशिश की जा रही थी, जिसका ग्रामीणों और हिंदूवादी संगठनों ने विरोध किया।सूत्रों के अनुसार करंदोला गांव में वन विभाग की तार फेंसिंग और बाड़ हटाकर करीब पांच डिसमिल भूमि पर कब्रिस्तान निर्माण की तैयारी की जा रही थी। ग्रामीणों के विरोध के बाद मामला तूल पकड़ गया और कथित प्रयास को रोक दिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में धर्मांतरण और वन भूमि पर कब्जे को लेकर बहस तेज हो गई है।मामले को राजनीतिक रंग भी मिलने लगा है। आरोप लगाया जा रहा है कि कुछ कांग्रेस नेता अप्रत्यक्ष रूप से ऐसे मामलों को संरक्षण देकर केदार कश्यप की छवि धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि भानपुरी तहसील, बकावंड विकासखंड और बस्तर ब्लॉक के कई हिस्सों में वन भूमि पर चर्च और कब्रिस्तान बनाए जाने की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं।विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल और हिंदू जागरण मंच से जुड़े कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से वन भूमि पर हो रहे कथित अतिक्रमण की निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि वन भूमि की सुरक्षा को लेकर प्रशासन को समान रूप से कार्रवाई करनी चाहिए।

वन भूमि संरक्षण को लेकर उठे सवाल

स्थानीय लोगों का आरोप है कि वन विभाग छोटे अतिक्रमणों पर त्वरित कार्रवाई करता है, लेकिन चर्च और कब्रिस्तान निर्माण जैसे मामलों में अपेक्षित सख्ती नहीं दिखाई जा रही। ग्रामीणों ने शासन से पूरे मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

माताओं के चेहरे पर खिली मुस्कान, आनंदवाहिनी ने मनाया मातृ दिवस

■ आस्था निकुंज वृद्धाश्रम पहुंचकर मातृशक्तियों का किया सम्मान, बांटे फल-फूल और प्रसाद

जगदलपुर। नव प्रदेश। पुरी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगतगुरु शंकराचार्य भगवान के संगठन आदित्य वाहिनी आनंदवाहिनी द्वारा मातृ दिवस के अवसर पर धरमपुरा स्थित आस्था निकुंज वृद्धाश्रम में वृद्ध माताओं के साथ आत्मीयता और सम्मान के साथ मातृ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान आनंदवाहिनी की मातृशक्तियों ने वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां निवास कर रही माताओं का फूल-माला से स्वागत किया तथा फल,फूल और प्रसाद वितरित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

आनंदवाहिनी की महिलाओं ने वृद्ध माताओं के साथ समय बिताकर उन्हें अपनापन और सम्मान का एहसास कराया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भावनात्मक और आत्मीय वातावरण देखने को मिला। संगठन की ओर से बताया गया कि प्रतिवर्ष मातृ दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम पहुंचकर यहां निवासरत माताओं के साथ यह दिन मनाया जाता है।आदित्य वाहिनी जिला बस्तर की अध्यक्ष गीता शुक्ला ने बताया कि पूज्य गुरुदेव के आशीर्वाद से आनंदवाहिनी द्वारा प्रत्येक वर्ष वृद्धाश्रम पहुंचकर मातृ दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यहां आकर वृद्ध माताओं के साथ समय बिताने से आत्मिक संतोष और विशेष अनुभूति होती है।

उन्होंने कहा कि संगठन का प्रयास रहता है कि वर्ष में कम से कम एक दिन यहां आकर वृद्ध माताओं के साथ समय बिताया जाए और उन्हें सम्मान दिया जाए। कार्यक्रम ने समाज को यह संदेश भी दिया कि वृद्धजनों का सम्मान और उनके प्रति संवेदनशीलता हर व्यक्ति का दायित्व है।

मातृ दिवस के अवसर पर आयोजित यह आयोजन सेवा, सम्मान और संस्कारों का सुंदर उदाहरण बनकर सामने आया। कार्यक्रम में गीता शुक्ला, शिखा घोष,डॉ सुषमा झा,ममता राणा, विभा सिंगर,रेखा जायसवाल, पूजा ठाकुर, बबली शुक्ला, सुनीता कुशवाहा,प्रीति दास, कल्पना अधिकारी, सुनीता झाड़ी, अनीता गोरला, शांति यादव, रितिशा जायसवाल, काव्या शुक्ला, पायल शुक्ला,यशोदा रामटेके सहित आनंदवाहिनी की अन्य मातृशक्तियां उपस्थित रहीं।

वृद्धाश्रम में गूंजे अपनत्व और सम्मान के स्वर

मातृ दिवस पर आनंदवाहिनी की महिलाओं ने वृद्ध माताओं के साथ बैठकर बातचीत की, उनका हाल जाना और उन्हें सम्मानित किया। वृद्ध माताओं ने भी इस आत्मीय पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संगठन की महिलाओं को आशीर्वाद दिया।

सेवा और संस्कार ही संगठन की पहचान

आनंदवाहिनी द्वारा समय-समय पर सामाजिक और सेवा कार्यों का आयोजन किया जाता रहा है। संगठन की महिलाओं ने कहा कि समाज में बुजुर्गों के सम्मान और सेवा की भावना को मजबूत करना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

संक्षिप्त खबरें

65वीं बार रक्तदान कर अजयपाल बने उम्मीद की धड़कन

जगदलपुर। नव प्रदेश।जब किसी अनजान जरूरतमंद की जिंदगी बचाने के लिए कोई व्यक्ति बार-बार अपना रक्त दान करे, तो वह केवल सामाजिक कार्यकर्ता नहीं बल्कि मानवता की मिसाल बन जाता है। बस्तर के जगदलपुर निवासी अजयपाल सिंह जसवाल ने 65वीं बार रक्तदान कर ऐसी ही प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। मानव सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहने वाले अजयपाल सिंह जसवाल को रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया गया।राजधानी रायपुर स्थित अटल बिहारी वाजपेई ऑडिटोरियम में 08 मई 2026 को आयोजित गरिमामयी समारोह में महामहिम राज्यपाल पुरस्कार के तहत उन्हें उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों, जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराने और 65वीं बार रक्तदान करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री साहू जी एवं राज्य रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरपर्सन डोमन साहू ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान किया।समारोह में रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। खचाखच भरे ऑडिटोरियम में अजयपाल सिंह जसवाल के सामाजिक योगदान की विशेष सराहना की गई।

सुरों की जंग में चमके बस्तर के नए सितारे

जगदलपुर/ नवप्रदेश। द म्यूजिकल ग्रुप जगदलपुर द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित बस्तर आइडल 2026 का ग्रैंड फिनाले निर्मल स्कूल प्रांगण में भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। संगीत के इस महोत्सव में बस्तर सहित आसपास के जिलों और उड़ीसा से आए प्रतिभागियों ने अपनी गायकी का ऐसा जादू बिखेरा कि पूरा प्रांगण तालियों की गूंज से भर उठा। प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर एवं सीनियर दो वर्गों में किया गया था। कार्यक्रम के ऑडिशन 26 एवं 29 अप्रैल को तथा सेमीफाइनल 3 मई को आयोजित किए गए थे। लंबे मुकाबलों के बाद ग्रैंड फिनाले में प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों और निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।जसमीत और राजकुमार ने जीता बस्तर आइडल का खिताब जूनियर कैटेगरी में कुमारी जसमीत सिंह ने अपनी मधुर आवाज और प्रभावशाली प्रस्तुति के दम पर पहला स्थान हासिल किया। उन्हें पुरस्कार स्वरूप 31 हजार रुपए प्रदान किए गए। द्वितीय स्थान पर कु अदिति राम रहीं, जिन्हें 21 हजार रुपए तथा तृतीय स्थान पर कु अरुनीमा शर्मा रहीं,जिन्हें 11 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया।वहीं सीनियर वर्ग में राजकुमार डोंगरे ने बेहतरीन गायकी के दम पर ÷बस्तर आइडल 2026÷ का खिताब अपने नाम किया। उन्हें प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 हजार रुपए प्रदान किए गए। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले शिशलेश वालिया को 31 हजार रुपए तथा तृतीय स्थान पर रहीं, खुशी जोशी को 21 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया।

विश्व संकट के दौर में पीएम की अपील का समर्थन जरूरी: सुब्रतो

■ स्वदेशी अपनाने, संसाधनों की बचत का दिया संदेश

जगदलपुर। नव प्रदेश। वर्तमान में अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालातों का असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर दिखाई दे रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल, रसोई गैस, उर्वरक और प्लास्टिक उत्पादों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे समय में देशहित को सर्वोपरि रखते हुए प्रधानमंत्री की अपील का समर्थन करना आवश्यक है। यह बात सामाजिक चिंतक सुब्रतो विश्वास ने कही।

उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है और देश अपनी आवश्यकता का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। इसके बावजूद केंद्र सरकार ने आम नागरिकों पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ने दिया और पेट्रोल-डीजल के दामों को नियंत्रित रखने का प्रयास किया। हालांकि वैश्विक युद्ध के कारण विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ रहा है और आने वाले समय में आर्थिक चुनौतियां और गंभीर हो सकती हैं। सुब्रतो विश्वास ने कहा कि मध्य पूर्व के संकट के कारण समुद्री मार्गों से तेल परिवहन महंगा हो गया है, वहीं उर्वरक निर्माण में उपयोग होने वाले अमोनियम के आयात पर भी असर पड़ा है। इसका सीधा प्रभाव कृषि और आम उपभोक्ता की जरूरतों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में प्रधानमंत्री द्वारा स्वदेशी अपनाने, अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचने, एक वर्ष तक सोने की खरीद कम करने, रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में कमी लाने और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की अपील दूरदर्शी सोच का परिचायक है।

अनुशासन और आत्मरक्षा का संगम, जूडो-कराते शिविर में बढ़ रहा युवाओं का उत्साह

■ 11वें दिन प्रतिभागियों ने सीखी सेल्फ डिफेंस की विशेष तकनीक

जगदलपुर। नव प्रदेश।ग्रीष्मकालीन जूडो-कराते प्रशिक्षण शिविर का 11वां दिन ऊर्जा, अनुशासन और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। ऑल बस्तर जिला जूडो संघ एवं गोसुकुरियो कराते-डो एसोसिएशन शाखा जगदलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में बच्चों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी लगातार देखने को मिल रही है। स्थानीय विद्या ज्योति स्कूल ग्राउंड में आयोजित शिविर प्रतिदिन शाम 5 बजे से 6:15 बजे तक संचालित किया जा रहा है, जो 10 जून 2026 तक जारी रहेगा।शिविर में प्रतिभागियों को जूडो एवं कराते की बुनियादी तकनीकों, संतुलन,शारीरिक फिटनेस तथा आत्मविश्वास बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चे पूरे अनुशासन और खेल भावना के साथ अभ्यास कर रहे हैं। नियमित प्रशिक्षण से प्रतिभागियों में न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ रही है, बल्कि मानसिक मजबूती और आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता भी विकसित हो रही है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विशेष रूप से सेल्फडिफेंस तकनीकों का अभ्यास कराया गया,जिससे बच्चों और युवाओं में आत्मरक्षा के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ी। प्रशिक्षकों ने बताया कि ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें अनुशासन,आत्मविश्वास तथा सकारात्मक जीवनशैली की प्रेरणा देते हैं।शिविर के प्रशिक्षक अब्दुल मोईन ने अभिभावकों एवं प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए आगामी दिनों में और बेहतर प्रशिक्षण देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिविर को लगातार अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

आत्मरक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास पर भी जोर : शिविर में केवल जूडो-कराते की तकनीकों का ही प्रशिक्षण नहीं दिया जा रहा, बल्कि बच्चों को अनुशासन, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास और टीम भावना जैसे गुणों का भी व्यवहारिक प्रशिक्षण मिल रहा है।

उप निर्वाचन को लेकर प्रशासन सख्त,बस्तर में धारा 163 लागू

जगदलपुर। नव प्रदेश। जगदलपुर। बस्तर जिले में नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। नगरपालिक निगम जगदलपुर के वार्ड क्रमांक 16 इंदिरा गांधी वार्ड में प्रस्तावित उप निर्वाचन 2026 को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आकाश छिकारा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए हैं। प्रशासन का कहना है कि चुनावी माहौल में राजनीतिक गतिविधियों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। जारी आदेश के अनुसार निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी सार्वजनिक सभा,जुलूस अथवा आयोजन के दौरान धारदार हथियार,लाठी, बल्लम,तलवार अथवा अन्य घातक अस्त्रों के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों एवं समर्थकों के बीच विवाद अथवा तनाव की आशंका बनी रहती है।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि - 21/05/2026

स. क्र.	नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सु, दिनांक	सिस्टम निविदा क्र./ निविदा का क्रम	कार्य का नाम	कार्य की अनुमाति लागत (रू लाख में)
01	02	03	04	05
1	27/2026-27 दिनांक 06/05/2026	190285 (प्रथम आमंत्रण)	जिला-बीजापुर, उपसंभाग मद्देढ़ के अन्तर्गत डोड़ीमारका जंक्शन से पिल्लूर मार्ग के कि.मी. 4/6 पर (6 नग 1200 मी.मी. एच.पी.सी लम्बाई 10.00 मी.) रपटा ब्रिज का निर्माण कार्य।	32.66
2	28/2026-27 दिनांक 06/05/2026	190286 (प्रथम आमंत्रण)	जिला-बीजापुर, उपसंभाग मद्देढ़ के अन्तर्गत डोड़ीमारका जंक्शन से पिल्लूर मार्ग के कि.मी. 7/2 पर (9 नग 1200 मी.मी. एच.पी.सी लम्बाई 15.00 मी.) रपटा ब्रिज का निर्माण कार्य।	44.78
3	29/2026-27 दिनांक 06/05/2026	190287 (प्रथम आमंत्रण)	जिला-बीजापुर, उपसंभाग मद्देढ़ के अन्तर्गत डोड़ीमारका जंक्शन से पिल्लूर मार्ग के कि.मी. 9/4 पर (11 नग 1200 मी.मी. एच.पी. सी. लम्बाई 20.00 मी.) रपटा ब्रिज का निर्माण कार्य।	55.91
4	30/2026-27 दिनांक 06/05/2026	190288 (प्रथम आमंत्रण)	जिला-बीजापुर, उपसंभाग मद्देढ़ के अन्तर्गत डोड़ीमारका जंक्शन से पिल्लूर मार्ग के कि.मी. 10/6 पर (11 नग 1200 मी.मी. एच.पी. सी. लम्बाई 20.00 मी.) रपटा ब्रिज का निर्माण कार्य।	55.91
5	31/2026-27 दिनांक 06/05/2026	190289 (प्रथम आमंत्रण)	जिला-बीजापुर, उपसंभाग मद्देढ़ के अन्तर्गत डोड़ीमारका जंक्शन से पिल्लूर मार्ग के कि.मी. 11/8 पर (14 नग 1200 मी.मी. एच.पी. सी. लम्बाई 25.00 मी.) रपटा ब्रिज का निर्माण कार्य।	66.30
6	32/2026-27 दिनांक 06/05/2026	190290 (प्रथम आमंत्रण)	जिला-बीजापुर, उपसंभाग मद्देढ़ के अन्तर्गत डोड़ीमारका जंक्शन से पिल्लूर मार्ग के कि.मी. 5/8 पर (17+17 नग 1200 मी.मी. एच.पी.सी. लम्बाई 60.00 मी.) रपटा ब्रिज का निर्माण कार्य।	159.52
7	33/2026-27 दिनांक 06/05/2026	190291 (प्रथम आमंत्रण)	जिला-बीजापुर, ब्लाक-उसूर के अन्तर्गत चिलकापल्ली से पोलमपल्ली मार्ग पर रपटा ब्रिज का निर्माण कार्य। (पार्ट-1 एवं पार्ट-2)	131.82

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग बस्तर , मंडल जगदलपुर

जी- 262700631/8

कार्यालय कलेक्टर, जिला गरियाबंद (छत्तीसगढ़)
।। सार्वजनिक सूचना ।।

प्रकरण क्रमांक 20250422160009२/अ-82 — गरियाबंद, दिनांक 29/04/2026 06/05/26

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे अनुसूची में वर्णित निजी भूमि की अटल विहार योजनांतर्गत् पथर्रा राजिम पहुंच मार्ग हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग से 18.00 मीटर चौड़े सड़क निर्माण कार्य हेतु आवश्यकता है। अतएव राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की "आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016" के प्रावधानों के तहत् अनुसूची में वर्णित भूमि को कार्यपालन अभियंता, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, संभाग 03 मौलश्री विहार रायपुर छ.ग. के पक्ष में क्रय किये जाने हेतु विचार किया जा रहा है।

अनुसूची
(क्रय की जाने वाली भूमि/भू-धारकों का विवरण)

जिला	तहसील	ग्राम	स. क्र.	भूमि स्वामी का नाम/पिता या पति का नाम	क्रय हेतु प्रस्तावित भूमि (हेक्टे. में) खसरा नंबर	रकबा (हे.में)	प्रस्तावित रकबा	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
(01)	(02)	(03)	(04)	(05)	(06)	(07)	(08)	(09)
गरियाबंद	राजिम	राजिम	01.	श्रीमती इन्द्रौतिन, पति श्री राम कुमार देवांगन कोष्टा	795/7	0.042 हे.	0.01	अटल विहार योजनांतर्गत् पथर्रा-राजिम पहुंच मार्ग हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग से 18.00 मीटर चौड़े सड़क निर्माण
गरियाबंद	राजिम	राजिम	02.	श्री राम कुमार सेन पिता श्री घनश्याम सेन, जाति-नाई	796/4	0.269 हे.	0.09 हे.	
गरियाबंद	राजिम	राजिम	03.	ललित, सुशील, सुरेश, ईश्वर पिता-रघ्घू शांताबाई पति रघ्घू, नंदन पिता मंगलू आरती, भारती पिता कुमार, अहिल्या पति कुमार, कुमारी, कुन्ती पिता मंगलू मरार	794/1	0.541 हे.	0.018	
गरियाबंद	राजिम	राजिम	04.	रमेश कुमार, पवन कुमार, दीपक कुमार, गंगाबाई पिस. श्याम लाल पटेल मरार	796/3	0.507	0.081	
गरियाबंद	राजिम	राजिम	05.	नारायण कोमल पिस. शंकरलाल सावित्री पति शंकर लाल पटेल मरार	794/5	0.142 हे.	0.034 हे.	
गरियाबंद	राजिम	राजिम	06.	कन्हैया देवांगन, पिता पुरानिक देवांगन कोष्टा	796/9	0.042 हे.	0.042 हे.	अटल विहार योजनांतर्गत् पथर्रा-राजिम पहुंच मार्ग हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग से 18.00 मीटर चौड़े सड़क निर्माण
गरियाबंद	राजिम	राजिम	07.	जीवन देवांगन, पिता पुरानिक देवांगन कोष्टा	796/10	0.101 हे.	0.019 हे.	
गरियाबंद	राजिम	राजिम	08.	कोमल, सुरेश, हिमलेश्वरी पिस. भीखम, जेठीन पति भीखम साहू, तेली	793/1	0.304 हे.	0.081 हे.	
गरियाबंद	राजिम	राजिम	09.	किशन साहू, पिता प्रहलाद साहू तेली	796/7	0.142 हे.	0.036 हे.	
गरियाबंद	राजिम	राजिम	10.	उमादेवी साहू पति रामसाय साहू तेली	793/2	0.954 हे.	0.18 हे.	
				क्रय हेतु प्रस्तावित कुल खसरा नंबर 10 कुल रकबा 0.591 हेक्टेयर				

02/-यह भी सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के विषय में कोई दावा/आपत्ति हो, तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर आधार सहित लिखित में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजिम के समक्ष स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व))
राजिम

कलेक्टर
जिला गरियाबंद

संवाद - 47781/3 — प्रकरण क्रमांक 202504221600092

पीएमजीएसवाय में छत्तीसगढ़ का जलवा: उत्कृष्ट सड़क निर्माण के लिए मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ ने ग्रामीण सड़क निर्माण और गुणवत्ता के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में आयोजित कार्यक्रम में 10 मई 2026 को प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान के हाथों छत्तीसगढ़ को दिया गया। प्रदेश की ओर से पीएमजीएसवाय के सीईओ भीम सिंह और चीफ इंजीनियर कटारे ने यह सम्मान प्राप्त किया। राष्ट्रीय पुरस्कार1760 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूरा

छत्तीसगढ़ ने न केवल नई ग्रामीण सड़कों के निर्माण में उल्लेखनीय काम किया है, बल्कि

सड़कों की गुणवत्ता और रखरखाव को भी प्राथमिकता दी है। प्रदेश में 'जनमन सड़कों' का कुल 38 प्रतिशत हिस्सा है, जिसकी कुल लंबाई करीब 2900 किलोमीटर है। इनमें से 1760 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूरा कर लिया गया है, जो पूरे देश में सबसे अधिक बताया जा रहा है।

राष्ट्रीय पुरस्कारविकास और सुरक्षा दोनों दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण उपलब्धि इसके अलावा पीएमजीएसवाय-1 के तहत 98 प्रतिशत, जबकि पीएमजीएसवाय-2 और पीएमजीएसवाय-3 के तहत 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। खास बात यह है कि पिछले एक वर्ष में नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में भी योजना के तहत 52 सड़कों का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जो विकास और सुरक्षा दोनों दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

न्यूज गैलरी

प्रशासनिक कार्य संस्कृति में डिजिटल क्रांति का आगाज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 'ई-ऑफिस' प्रणाली सरकारी

कामकाज में पारदर्शिता, गति और जवाबदेही लाकर सुशासन का नया सवेरा लेकर आई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में, यह डिजिटल पहल भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस और सरकारी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। फाइलों का डिजिटल होना फाइलों में हेराफेरी की गुंजाइश को लगभग खत्म कर देता है, जिससे शासन में पारदर्शिता आती है। कागजी फाइलों के भौतिक परिवहन में लगने वाला समय बचता है, जिससे फाइलें तेजी से आगे बढ़ती हैं और निर्णय जल्दी लिए जाते हैं। डिजिटल तकनीक आज केवल सूचनाओं के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शासन की कार्यप्रणाली को नया आयाम दे रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया विजन और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के संकल्प को साकार करते हुए राज्य में ई-ऑफिस प्रणाली प्रशासनिक व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा बन चुकी है।छत्तीसगढ़ में अब शासकीय दफ्तरों की तस्वीर बदल रही है। वह दौर बीत रहा है जब कार्यालयों में धूल खाती फाइलों के ढेर और कछुआ गति से चलने वाली प्रक्रियाएं सामान्य मानी जाती थीं। अब डिजिटल फाइलों के माध्यम से कार्यों में न केवल तेजी आई है, बल्कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता भी सुनिश्चित हुई है। ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य ने डिजिटल गवर्नेंस में नए मानक स्थापित किए हैं। व्यापक नेटवर्क के तहत प्रदेश के 87 हजार 222 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी इस डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ चुके हैं। अब तक 5 लाख 46 हजार 903 से अधिक फाइलों का सफल डिजिटल संचालन किया गया है। 30 अप्रैल 2026 की स्थिति में प्रदेश का 33 वां जिला सक्ती 15 हजार 735 फाइलों के डिजिटल संचालन के साथ राज्य में अग्रणी रहा है। ऑनलाइन फाइल ट्रैकिंग की सुविधा से अब यह जानना आसान है कि कौन सी फाइल किस अधिकारी के पास कितने समय से लंबित है। इससे कार्य के प्रति जवाबदेही बढ़ी है। कुशल निर्णय प्रक्रिया सचिवालय से लेकर जिला स्तर तक फाइलों की आवाजाही त्वरित होने से निर्णय लेने की प्रक्रिया व्यवस्थित और समयबद्ध हुई है। कागज के उपयोग में भारी कमी आने से यह प्रणाली पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा योगदान दे रही है। डिजिटल संधारण (Storage) के कारण दस्तावेजों के फटने, खोने या खराब होने का डर खत्म हो गया है और भंडारण की समस्या भी सुलझ गई है।

शिवाशा फाउंडेशन के चेयरमैन अनूप अग्रवाल का किया गया सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। बलवीर सिंह जुनैजा इंडोर स्टेडियम में जिला प्रशासन की ओर से आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में "लीड 36गढ़" कार्यक्रम की उल्लेखनीय सफलता और समाज के वंचित वर्गों के युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान हेतु शिवाशा फाउंडेशन के चेयरमैन अनूप अग्रवाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन की एडिशनल चीफ सेक्रेटरी आईएएस रिचा शर्मा ने की। इस अवसर पर कलेक्टर गौरव सिंह तथा सीईओ कुमार विश्वरंजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने ÷लीड 36गढ़÷ पहल को राज्य के वंचित, ग्रामीण एवं कमजोर सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए एक प्रेरणादायी अभियान बताया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं का चयन कर उन्हें निःशुल्क सिविल सेवा परीक्षा की गुणवत्तापूर्ण तैयारी करवाई जाती है, जिससे उन्हें प्रशासनिक सेवाओं में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि इस वर्ष ÷लीड 36गढ़÷ से जुड़े कई विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी सहित विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर चयन प्राप्त किया है। चयनित अधिकांश विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर, ग्रामीण एवं वंचित पृष्ठभूमि से आते हैं, जिनकी सफलता आज पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का विषय बन चुकी है।

कांग्रेस ने बताया महज औपचारिकता, तो मंत्री कश्यप ने लिया आड़े हाथ

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में आम लोगों की शिकायतों के समाधान के लिए मनाए जा रहे सुशासन तिहार को सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हैं. एक तरफ जहां कांग्रेस इसे पूरी तरह से फेल बता रही है, तो दूसरी ओर भाजपा ने इस पर सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कांग्रेस शासनकाल में योजनाओं पर लगे ग्रहण की याद दिलाई है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सुशासन तिहार को लेकर मीडिया से चर्चा में कहा कि यह महज औपचारिकता है. ये जनता के बीच में जाकर टाइम पास करने, नौटंकी करने जा रहे हैं. हकीकत यह है कि राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र को पीएम आवास के लिए दंडवत होना पड़ रहा है. अधिकारियों को धमकाया जा रहा है. दरअसल, इन्होंने जनता के लिए कुछ काम ही नहीं किया है, ऐसे में अब जब पोल खुल रही है तो अधिकारी को धमका रहे हैं. सुशासन तिहार पूरी तरह से फेल है. पीसीसी चीफ दीपक बैज के सुशासन तिहार को लेकर दिए बयान पर मंत्री केदार कश्यप ने पलटवार करते हुए कहा कि आवास के लिए कांग्रेस सरकार ने 5 साल लोगों को तरसाया. आज़ादी के बाद आदिवासियों के साथ खिलवाड़ किया. हमारी सरकार ने 18 लाख से ज़्यादा पीएम आवास स्वीकृत किया है. आज आदिवासी की बात कर रहे, जब शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना और आवास तक पर नक्सलियों ने बुरी नजर लगाई, तब कांग्रेसियों के मुंह क्यो बंद थे।

संघर्ष और अनुशासन से मिलती है सफलता, सीएम साय ने मेधावी विद्यार्थियों को दिया प्रेरणा मंत्र

सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं, अनुशासन-मेहनत और स्वस्थ दिनचर्या ही उपलब्धि की कुंजी: साय

■ मुख्यमंत्री निवास में टॉपर्स से संवाद : संघर्ष, शिक्षा, स्वास्थ्य और सपनों पर हुई खुलकर चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास, सिविल लाइन्स रायपुर में कक्षा 10वीं और 12वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सपनों, पढ़ाई की दिनचर्या, भविष्य की योजनाओं और सफलता के अनुभवों पर खुलकर चर्चा की। मुख्यमंत्री निवास का माहौल पूरे समय उत्साह, प्रेरणा और आत्मीयता से भरा रहा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर मेहनत, अनुशासन, सकारात्मक सोच और समय का सही प्रबंधन ही जीवन में उपलब्धि दिलाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल अच्छे अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्ति और समाज के विकास की सबसे बड़ी शक्ति है। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया और पूछा कि वे भविष्य में क्या बनना चाहते हैं। विद्यार्थियों ने डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस और अन्य क्षेत्रों में जाकर देशसेवा करने की इच्छा जताई। मुख्यमंत्री ने उनकी आकांक्षाओं की सराहना करते हुए कहा कि बड़े सपने देखने वाले ही जीवन में बड़ी सफलता हासिल करते हैं।

विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने अपने संघर्षपूर्ण जीवन की यात्रा भी साझा की। उन्होंने बताया कि बचपन में पिता के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारियां कम उम्र में ही उनके कंधों पर आ गई थीं। खेती-किसानी, छोटे भाइयों की पढ़ाई और परिवार की देखभाल के बीच उन्होंने कठिन संघर्ष किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे राजनीति में इतने बड़े दायित्व तक पहुंचेंगे, लेकिन जो भी जिम्मेदारी मिली, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाते गए। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियां ही व्यक्ति को मजबूत बनाती हैं। उन्होंने कहा कि चुनौतियां जीवन की सबसे बड़ी शिक्षक होती हैं और संघर्ष से ही आत्मविश्वास पैदा होता है। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ये मेधावी छात्र-छात्राएं प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है।

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। उन्होंने योग, नियमित व्यायाम और संतुलित जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देते हुए बताया कि वे स्वयं भी प्रतिदिन योग करते हैं और व्यस्त दिनचर्या के बावजूद स्वास्थ्य के लिए समय निकालते हैं।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने भोरमदेव मंदिर में की पूजा अर्चना

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा आज सोमनाथ अमृत महोत्सव कार्यक्रम के वर्चुअल प्रसारण में सम्मिलित होने के लिए भोरमदेव मंदिर परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने भोरमदेव में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की और जिलेवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।

इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री विशेषर पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य श्री वीरेंद्र साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष पटेल, श्री रामकिंकर वर्मा, श्री विजय पाटिल, श्री उमंग पाण्डेय, मनीराम साहू, लोकचंद साहू, रूपसिंह धुर्वे, रूपसिंह मरावी, रामजी मरावी, काशीराम उइके, आदित्य श्रीवास्तव, भूखन साहू, हेमचंद्र चंद्रवंशी, मिलूराम साहू, परदेशी पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि ने भी पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

युद्ध की आग में झुलसा प्लास्टिक उद्योग

रायपुर/नवप्रदेश। अमेरिका, इजरायल, ईरान युद्ध की आग में प्लास्टिक उद्योग भी बुरी तरह से झुलस गया है। इसके कारण प्लास्टिक का हर तरह का सामान जहां महंगा हो गया है, वहीं इसका उत्पादन भी कम हो गया है। यही नहीं, डिमांड भी कम हो गई है। सबसे अहम कच्चा माल प्लास्टिक दाना, जो पहले 100 रुपए किलो मिलता था, उसके दाम 180 से 200 रुपए हो गए हैं। प्लास्टिक स्क्रैब जो पहले 70-80 रुपए किलो मिलता था. उसके दाम 120 से 130 रुपए हो गए हैं। ऐसे में प्लास्टिक पाउच सहित सभी तरह से प्लास्टिक सामानों के दाम 20 से 50 फीसदी तक महंगे हो गए हैं। प्लास्टिक दाना बनाने के लिए आवश्यक पेट्रोकेमिकल्स (जैसे एथिलीन, प्रोपलीन) सीधे कच्चे तेल से बनते हैं। तेल महंगा होने से प्लास्टिक की उत्पादन लागत बढ़ गई है। ऐसे में प्लास्टिक दाना महंगा हो गया है। प्लास्टिक दाना महंगा होने के कारण उससे बनने वाले सभी तरह के प्लास्टिक के सामान भी महंगे हो गए हैं। नमकीन सहित अन्य उत्पाद, दूध, दही सहित अन्य तरह से उत्पादों की पैकिंग में काम आने वाले पाउच के दाम सीधे 50 फीसदी तक बढ़ गए हैं। नमकीन का काम करने वाले राजधानी के राधाकिशन सुंदरानी के मुताबिक, पहले नमकीन के जो पाउच 200 रुपए किलो मिलते थे, उसके दाम अब 300 रुपए किलो हो गए हैं। कारोबारियों के मुताबिक, इसी तरह से सामानों के लिए जो सिंगल यूज प्लास्टिक पन्नी पहले 100 से 120 रुपए किलो बिकती थी, उसके दाम 180 से 200 रुपए किलो हो गए हैं। इसी के साथ चावल, सीमेंट प्लास्टिक की बोरियों के दाम भी बढ़े हैं। तेलों की पैकिंग में भी इजाफा हो गया है। कारोबारियों के मुताबिक, पहले एक लीटर तेल की पैकिंग पर 90 पैसे से एक रुपए तक का खर्च आता था, अब इसका खर्च दो रुपए हो गया।

हजरत सैयद खाकी शाह का 60वां उर्स शहर भ्रमण कर पहुंचे मजार शरीफ

■ समाज के लोगों ने पढ़ी फातिहा और की दुआ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती थाने के सामने हजरत सैयद खाकी शाह रहमतुल्ला अलैह का 60वां उर्स पाक इस साल भी तीन दिन तक बड़े स्तर पर मनाया जा रहा है। पहले दिन संदल और चादर की रस्म अदा की गई। उर्स शहर में भ्रमण करते हुए मजार शरीफ पहुंचा। वहां फातिहा और दुआ की गई। चादर व संदल खादिमे आस्ताना सैय्यद जावेद अली और सैय्यद परवेज़ अली के निवास मदरबाड़ा से जुलूस के रूप में निकाला गया, जो शहर में भ्रमण करते हुए मजार शरीफ पहुंचा। वहां फातिहा और दुआ की गई। इस उर्स की खास बात यह है कि इसमें हर धर्म और समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होते हैं और आपसी एकता का संदेश देते हैं। आयोजन के दौरान लंगर का भी इंतजाम किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया।

सीरतुन्नबी कमेटी के सदर सोहेल सेठी, मो. फारूक, शेख शकील, मो. मुख्तार, हसन, शेख जावेद, लाहोटी जी, अज्जू भाई, फिरोज खान, गुड्डा सेठी, मुज़फ्फर खान, युनुस खान, अजीज मामदानी और डॉ. आदिल सहित कई लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री साय ने हाटकेश्वर मंदिर में पूजा-कर सुख समृद्धि की कामना की

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने महादेव से राज्य की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस दौरान कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

खाद के लिए पंजीयन हुआ आसान: सहकारी समिति, चॉइस सेंटर से करा सकेंगे किसान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इस खरीफसीजन से किसानों को सहकारी सोसाइटियों से खाद खरीदने के लिए भी पंजीयन कराना होगा। मोर जमीन मोर खाद नाम से संचालित छत्तीसगढ़ अन्नदाता उर्वरक वितरण पोर्टल के माध्यम से यह काम होगा। राज्य में यह व्यवस्था पहली बार लागू होने जा रही है। इससे पहले तक केवल पंजीकृत रकबे के आधार पर उर्वरक का वितरण किया जाता था। छत्तीसगढ़ अन्नदाता उर्वरक पोर्टल इस तरह काम करेगा। सबसे पहले इस सिस्टम में किसानों का पंजीयन किया जाएगा। यह पंजीकरण पोर्टल पर सिर्फ एक बार करना होगा। ऋणी किसान अपने क्षेत्र की सहकारी समिति या चॉइस सेंटर के माध्यम से यह पंजीयन करा सकते हैं। अऋणी किसानों केवल चॉइस सेंटर से ही पंजीयन करा पाएंगे। इसके लिए उन्हें आधारकार्ड और ई-केवाईसी अनिवार्य होगा। यह नया सिस्टम इस तरह से बनाया गया है कि किसान की जमीन का विवरण भुईयां पोर्टल और एग्रीस्टेक पोर्टल से अपने आप जुड़ जाएगा। इसके आधार पर ही खाद की मात्रा, किसान की फसल के प्रकार और जमीन के रकबे के आधार पर तय की जाएगी। अगर किसान अपनी फसल बदलता है तो इसी सूचना पोर्टल पर देनी होगी। इसका सत्यापन के 24 घंटे के भीतर किए जाने का प्रावधान है। अगर किसान भूमिहीन या अधिया वाला है तो भूमि स्वामी द्वारा पोर्टल में दी गई जानकारी के आधार पर पंजीयन करा सकते हैं।

योजना: जिन परिवारों का नाम पहले सर्वे में छूट गया, उन्हें अब दोबारा सर्वे कर आवास योजना से जोड़ा जा रहा

पीएम जनमन योजना में बड़ी राहत, 33 हजार से ज्यादा आवास मंजूर

रायपुर/नवप्रदेश। विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के लिए चलाए जा रहे पीएम जनमन अभियान के तहत राज्य सरकार ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब तक प्रदेशभर में 33 हजार से अधिक आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं, जबकि करीब 21 हजार मकान बनकर तैयार भी हो चुके हैं। शासन का दावा है कि जिन परिवारों का नाम पहले सर्वे में छूट गया था, उन्हें भी अब दोबारा सर्वे कर योजना से जोड़ा जा रहा है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियों तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें एक विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार को आवास योजना का लाभ नहीं मिलने की बात कही जा रही थी।

इस मामले पर जिला पंचायत गरियाबंद के सीईओ प्रखर चंद्राकर ने स्थिति स्पष्ट की है। सीईओ ने स्पष्ट की स्थिति उन्होंने बताया कि संबंधित परिवार पहले छत्तीसगढ़ में स्थायी रूप से निवास नहीं कर रहा था और लंबे समय से ओडिशा में रह रहा था। इसी वजह से वर्ष 2011, 2018 और 2024 के सर्वे में उनका नाम दर्ज नहीं हो पाया। कुछ समय पहले परिवार के वापस गांव लौटने के बाद पीएम जनमन योजना के तहत उनका सर्वे पूरा कर लिया गया है और जल्द ही आवास स्वीकृत किया जाएगा।

फिर से हो रहा सर्वे

राज्य सरकार ने केंद्र से विशेष अनुमति लेकर उन पात्र परिवारों का दोबारा सर्वे शुरु किया है, जो किसी कारणवश पहले सूची में शामिल नहीं हो सके थे। प्रशासन का कहना है कि यह प्रक्रिया अंतिम चरण में है और सर्वे पूरा होते ही पात्र हितग्राहियों को तत्काल योजना का लाभ दिया जाएगा।

समाधान शिविर में बने राशन कार्ड

प्रशासन ने यह भी बताया कि संबंधित परिवार के पास राशन कार्ड और जरूरी दस्तावेज नहीं थे। समाधान शिविर के दौरान अधिकारियों ने मौके पर ही उनका राशन कार्ड और मनरेगा जॉब कार्ड बनवाया। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

जिला प्रशासन का दावा

जिला प्रशासन का कहना है कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय अलग-अलग दूरस्थ स्थानों पर निवास करता है. इसलिए लगातार सर्वे कर नए पात्र परिवारों को जोड़ा जा रहा है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि सभी पात्र परिवारों को नियमानुसार आवास और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

स्पेन के कैनेरी द्वीप पर जा रहा हंतावायरस वाला शिप

नई दिल्ली। हंतावायरस से संक्रमित डच क्रूज शिप एमवी होंडियस पर फैली बीमारी को लेकर पूरी दुनिया में चिंता है, लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञ साफ कह रहे हैं कि यह कोविड-19 जैसी महामारी नहीं बनने वाली है. यह वायरस आसानी से व्यक्ति से व्यक्ति में नहीं फैलता. यह चूहों के मूत्र, मल या लार से हवा में फैलकर इंसानों तक पहुंचता है. क्रूज शिप पर पाए गए एंडीज वायरस के मामले में ही इंसान से इंसान में संक्रमण की बहुत दुर्लभ संभावना है. वह भी लंबे और घनिष्ठ संपर्क से. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्पष्ट किया है कि आम लोगों के लिए इसका जोखिम बहुत कम है. एमवी होंडियस क्रूज शिप पर हंतावायरस का प्रकोप फैल गया. अब तक कम से कम आठ लोग बीमार हो चुके हैं, जिनमें से तीन की मौत हो गई है. पांच यात्री संक्रमित पाए गए हैं. यह शिप दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र की यात्रा पर थी. क्रूज कंपनी ओशनवाइड एक्सपीडिशन्स ने बताया कि फिलहाल शिप पर कोई नया मरीज नहीं है. शिप पर कुल 140 यात्री और क्रू सदस्य हैं, जिन्हें अब स्पेन के कैनरी द्वीप समूह में उतारकर अलग किया जाएगा.

'बज़्म-ए-हबीब' ने मदर्स-डे पर नारी शक्ति को अवार्ड से किया सम्मानित

छत्तीसगढ़ से दैनिक नव प्रदेश की सब एडिटर शाहीन कुरैशी हुईं सम्मानित

लखनऊ/नवप्रदेश। गोपालगंज ज़िला अंतर्गत बरौली प्रखंड की साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था 'बज़्म-ए-हबीब' ने मदर्स डे के सुअवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली देश के विभिन्न राज्यों की पाँच महिलाओं को सम्मानित किया।

इन महिलाओं को 'बज़्म-ए-हबीब' साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था की समिति द्वारा चयनित कर ज़ैनब जहाँ सम्मान -2026÷ से अलंकृत किया गया। बज़्म-ए-हबीब के संस्थापक सचिव सह मशहूर शायर एवं साहित्यकार डॉ. ऐनुल बरौलवी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ की डॉ. रीमा सिन्हा को लेखन के क्षेत्र में, अलीगढ़ की प्रो. (डॉ.) शहनाज़ हसन को अध्यापन के क्षेत्र में , छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग की शाहीन कुरैशी को पत्रकारिता के क्षेत्र में, गुजरात के तापी ज़िला उकई सोनगढ़ की ई. रुखसाना हक़ को अभियंत्रण के क्षेत्र में और बिहार के सारण ज़िला की आरती साहनी को समाज-सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं प्रशंसनीय कार्य करने के कारण चयनित किया गया था। इन सभी महिलाओं द्वारा लेखन , अध्यापन, पत्रकारिता, अभियंत्रण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य करने के लिए ज़ैनब जहाँ सम्मान -2026 से अलंकृत किया गया है। संस्था द्वारा सम्मानित सभी नारी शक्ति का अवार्ड ऑनलाइन ज़ारी किया गया है।

संस्था सभी सम्मानित महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है। 'बज़्म-ए-हबीब' की अध्यक्षा शाफ़िया हसन और संस्थापक सचिव डॉ ऐनुल बरौलवी सहित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सम्मानित नारी शक्ति को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए हैं।

युद्ध थमा नहीं, जंग के बीच विदेशी मुद्रा बचाने की जरूरत : अश्विनी

नई दिल्ली/ए.। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश की आर्थिक स्थिति और तकनीकी प्रगति पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर युद्ध अभी थमा नहीं है। हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए लगता है कि शांति स्थापित होने में अभी काफी समय लगेगा। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से एक विशेष आग्रह किया है। हमें उन सभी वस्तुओं पर अपना खर्च घटाना होगा, जिन्हें खरीदने के लिए देश को विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। अश्विनी वैष्णव ने स्पष्ट किया कि नागरिक अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर विदेशी मुद्रा बचाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने डीजल और पेट्रोल का उदाहरण देते हुए कहा कि इनका कम उपयोग देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा होगा। मंत्री ने व्यापारियों और उद्यमियों से भी अपील की कि वे अपने स्तर पर विदेशी मुद्रा बचाने के रास्ते खोजें। उन्होंने जोर दिया कि हमें केवल बचत ही नहीं करनी है, बल्कि ज्यादा से ज्यादा विदेशी मुद्रा कमाने के प्रयास भी करने होंगे। ये दोनों प्रक्रियाएं साथ-साथ चलनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेलवे की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर भी बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि रेलवे ने वित्त वर्ष के लिए तय बजट का 98 प्रतिशत हिस्सा फरवरी के अंत तक ही इस्तेमाल कर लिया है। यह दिखाता है कि रेलवे के प्रोजेक्ट्स कितनी तेजी से पूरे हो रहे हैं। पिछले वित्त वर्ष में भी मार्च के पहले हफ्ते तक लगभग पूरा बजट खर्च हो चुका था। फरवरी के आखिरी हफ्ते तक यह आंकड़ा 98 प्रतिशत से ज्यादा था। इसके बाद काम की गति को थोड़ा संभालना पड़ा ताकि पूरा साल व्यवस्थित तरीके से पूरा हो सके। रेलवे के विस्तार पर बात करते हुए मंत्री ने कहा कि देश में 49,000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का बिजलीकरण हो चुका है। यह आंकड़ा जर्मनी के पूरे रेल नेटवर्क से भी बड़ा है। इसके अलावा, भारत ने अपने नेटवर्क में 36,000 किलोमीटर नई पटरियां जोड़ी हैं। यह विस्तार स्विट्जरलैंड जैसे छह देशों के कुल रेल नेटवर्क के बराबर है। अश्विनी वैष्णव ने दावा किया कि आने वाले समय में कई रूटों पर ट्रेनें हवाई जहाजों को कड़ी टक्कर देंगी। नए कॉरिडोर बनने से यात्रा का समय इतना कम हो जाएगा कि लोग फ्लाइट की जगह ट्रेन से जाना पसंद करेंगे। उन्होंने एयरलाइन क्षेत्र में निवेश करने वालों को भी संकेत दिया कि इन खास रूटों पर 99 प्रतिशत कब्जा रेलवे का होगा। यात्रा के समय को लेकर उन्होंने कुछ उदाहरण भी दिए। मुंबई से पुणे का सफर सिर्फ28 मिनट में पूरा होगा।

सेमीकंडक्टर निर्माण पर दिया बड़ा अपडेट

सेमीकंडक्टर निर्माण के मुद्दे पर मंत्री ने बड़ी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत ने इस दिशा में अपनी यात्रा साल 1962 में शुरू की थी। इस लक्ष्य को पाने के लिए देश के कई पूर्व प्रधानमंत्रियों ने अपने-अपने समय में गंभीर प्रयास किए। पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और डॉक्टर मनमोहन सिंह ने इस क्षेत्र में भारत को आगे ले जाने की कोशिश की। हालांकि, इन दशकों पुराने प्रयासों को असली सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में मिली है। आज भारत सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में देश की दो फैक्ट्रियां व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर चुकी हैं।

चंद्रनाथ रथ हत्याकांड : तीन आरोपियों को 13 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की एक अदालत ने सोमवार को चंद्रनाथ राय हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों को 13 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। चंद्रनाथ रथ मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक थे। पुलिस ने इस हत्याकांड के सिलसिले में तीन आरोपियों मयंक राज मिश्रा, विक्की मौर्य और राज सिंह को गिरफ्तार किया था।

इन सभी को सोमवार को अदालत में पेश किया गया था। चंद्रनाथ रथ हत्याकांड में पुलिस के हाथ एक महत्वपूर्ण सुराग लगा था। निवेदिता सेतु पर एक टोल प्लाजा पर किए गए यूपीआई भुगतान ने पुलिस को हत्या के तीन संदिग्धों तक पहुंचने में मदद की है। इन आरोपियों को उत्तर प्रदेश और बिहार से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का मानना है कि इस साजिश और हत्या में कम से कम आठ लोग शामिल थे। इस हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान मयंक राज मिश्रा और विक्की मौर्य के रूप में हुई है, जिन्हें बिहार के बक्सर से पकड़ा गया है। वहीं, तीसरा संदिग्ध राज सिंह उत्तर प्रदेश के बलिया से हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार किए गए तीनों लोगों से पहले मध्यग्राम पुलिस स्टेशन में पूछताछ की गई, इसके बाद उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। मामले में आगे की जांच जारी है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक / लो.क.वि./2026/301 रिसाली दिनाँक 08/05/26

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानसार है -

क्र.	कार्य का विवरण	सिस्टम टेंडर क्र.	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	वार्ड क्र. 04 रूआबांधा कुंदरा पारा बस्ती में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य।	190528	12.00	28.05.2026
2	वार्ड क्र. 29 लक्ष्मी नगर में कल्याणी शीतला मंदिर के पीछे रोड़ चौड़ीकरण एवं रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य।	190280	12.83	29.05.2026

(नोट - ई टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

विनेश और डब्ल्यूएफआई में फिर ठनी, खुद को भागीदारी के योग्य बताकर गोंडा पहुंचीं

गोंडा। भारतीय पहलवान विनेश फोगाट और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) में एक बार फिर ठन गई है। हाल ही में कुश्ती महासंघ ने विनेश को कारण बताओ नोटिस भेजा था और यह स्पष्ट किया था कि वह घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकती हैं। लेकिन विनेश ने इस नोटिस का जवाब देकर दावा कर दिया कि वह राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में भाग लेने के योग्य हैं। हालांकि, डब्ल्यूएफआई ने विनेश के शामिल होने का विरोध जताया है और दोहराया कि यह पहलवान इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के पात्र नहीं है। डब्ल्यूएफआई के विनेश को घरेलू टूर्नामेंट में अयोग्य घोषित करने के बावजूद वह गोंडा पहुंच गईं। महासंघ ने कहा कि अनुशासनात्मक कार्रवाई पूरी होने तक वह प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले सकती हैं। गोंडा पहुंचने के बाद विनेश ने डब्ल्यूएफआई के कारण बताओ नोटिस का जवाब देते हुए कहा कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की संहिता का रिटायर्ड खिलाड़ियों से जुड़ा नियम 5.6.1 उन पर लागू नहीं होता क्योंकि वह जून में ही यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग को संन्यास के बाद वापसी के अपने फैसले से अवगत करा चुकी हैं। विनेश ने अपने जवाब में कहा कि उन्होंने यूडब्ल्यूडब्ल्यू को पहले ही अपनी वापसी की जानकारी दे दी थी लिहाजा प्रक्रियागत जरूरतें वह पूरी कर चुकी हैं।

डब्ल्यूएफआई सूत्रों ने हालांकि कहा कि महासंघ उनके जवाब से संतुष्ट नहीं है और उसका मानना है कि विनेश ने सिर्फपात्रता के पहलू पर जवाब दिया है, जबकि उनके खिलाफ लगाए गए अनुशासनहीनता के आरोपों का जवाब नहीं दे सकी हैं। महासंघ ने यह भी कहा कि गलत धारणा फैलाई जा रही है कि विनेश को भागीदारी से रोकने के लिए राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में चयन के मानदंड बदले गए हैं। विनेश ने पेरिस ओलंपिक 2024 में महिलाओं के 50 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक के मुकाबले से अयोग्य करार दिए जाने के बाद कुश्ती से संन्यास ले लिया था। विनेश के पति ने कहा कि उन्होंने आधिकारिक रूप से संन्यास की कभी घोषणा नहीं की थी और सिर्फ सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। वहीं डब्ल्यूएफआई का कहना है कि दिसंबर 2024 में यूडब्ल्यूडब्ल्यू के पत्र में कहा गया है कि विनेश ने इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी (आईटीए) को इसके बारे में बताया था।

टीएमसी ने सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर पर फोड़ा हार का ठीकरा, दिए आंकड़े

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण के मामले की सुनवाई के दौरान तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में हार के लिए SIR को ही दोषी ठहराया है। इसके लिए ममता बनर्जी के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में आंकड़े भी दिए हैं।

पश्चिम एशिया संकट के बीच अदाणी ने एआई और डेटा सेंटर पर दिया जोर

नई दिल्ली/ए.। भारत की ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल क्षमता और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के भविष्य को लेकर सीआईआई समिट में गौतम अदाणी ने बड़ा विजन पेश किया है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में किसी भी देश की असली ताकत केवल उसकी सैन्य या आर्थिक क्षमता से नहीं, बल्कि ऊर्जा और तकनीकी आत्मनिर्भरता से तय होगी।

Annexure-ii

कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा, जिला-सुकमा (छ0ग0)

// मैनुअल ऑनलाईन प्रथम बार निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-05 //

क्र./196/NIT-05/व.ले.लि./ ग्रा.यां. सेवा / 2026-27,

सुकमा दिनांक-08/05/2026

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू.लाख में)
1	2
डी.ए.वी. स्कूल कुम्हाररास में अतिरिक्त निर्माण कार्य सुकमा।	**31.73 लाख**

निविदा डाऊनलोड एवं डी.डी. बनाने की अंतिम तिथि -18. 05. 2026

2. उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://res.cg.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।

कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा
जिला - सुकमा (छ0ग0)

जी- 262700635/3

कार्यालय संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
Email : eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत बोरियाकला, कॉलोनी, रायपुर में निर्मित भवन क्रमांक **सेडार-1/59 श्रीमती भगवती देवी अग्रवाल पति श्री लीलाधर अग्रवाल**, के नाम से स्ववित्तिय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड दिनांक 20.06.2013 को पंजीकृत कराने उपरान्त भवन की पूर्ण राशि जमाकर इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 4287 दिनांक 30.08.2013 के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी **श्रीमती भगवती देवी अग्रवाल पति श्री लीलाधर अग्रवाल, निवासी वार्ड नम्बर-6, बया बलौदाबाजार, (छ.ग.) आबंटी द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती मीनाक्षी डे पति श्री अभिषेक सिंह गौर,** निवासी- बोरियाकला, रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-3, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2991574
Email : eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत कॉलोनी डूमरतराई फेस I जिला रायपुर में स्थित **ई. डब्ल्यू.एस. फ्लैट क्रमांक-256, ब्लॉक क्रमांक 16, तृतीय तल, श्री सुनील कुमार मिश्रा, पिता श्री उमाशंकर मिश्रा,** को **नामांतरण आदेश क्रमांक 1919 दिनांक 29.03.2022** नामांतरण आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट की विक्रय विलेख दि. 24.02.2022 पंजीकृत करा लिया गया है। वर्तमान में प्रथम नामांतरित आंबटी **श्री सुनील कुमार मिश्रा, पिता श्री उमाशंकर मिश्रा,** निवासी डुमरतराई, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, हिमालय हाईट्स हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त पलैट को **कु. अरूनरीता लकड़ा, पिता श्री पौलुस लकड़ा,** निवासी म.नं.-41/1059, अमरूथ चौक, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र **(एन.ओ.सी.)** की मांग की गई है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-3, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2991574
Email : eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना, सेजबहार/दतरेंगा, रायपुर में स्थित भवन क्र. **एल.आई.जी.-1211, श्रीमती सरिता देवांगन पति श्री खेमलाल देवांगन** के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 4569 दिनांक 09.10.2006 द्वारा स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 26.06.2009 को लीजडीड निष्पादित कराने उपरांत भवन का आधिपत्य प्राप्त करा लिया गया है। आबंटी **श्रीमती सरिता देवांगन पति श्री खेमलाल देवांगन,** निवासीः-13 स्टेट बैंक कॉलोनी, टैगोर नगर, रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3862 दिनांक 31.10.2012 द्वारा आवश्यक अनुमति प्राप्त कर उक्त भवन को **क्रेता श्री रमाकांत सेन पिता श्री अवधराम सेन,** निवासीः-सेक्टर-4, दीनदयाल उपाध्याय नगर, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 05.11.2012 को विक्रय कर दिया। वर्तमान में **क्रेता श्री रमाकांत सेन पिता श्री अवधराम सेन** द्वारा आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुये उक्त भवन को अपने नाम से नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-3, सेजबहार, रायपुर

Office of the Collector, District South Bastar Dantewada (C.G.)
(Sports and Youth Welfare Department)

Sl.No./126/RFP/Sports/2026-27/ Dantewada, Dated-11.05.2026

Third Revised Call

Subject: Third Revised Request for Proposal (RFP) for Selection of Execution Partner for Establishment, Operation, and Management of Football Residential & Training Academy, Dantewada

Issue Date: 11.05.2026

The District Sports Office, Dantewada, Government of Chhattisgarh, hereby issues the **Third Revised Call for Proposals** for selection of an Execution Partner for the establishment, operation, and management of a structured Football Residential & Training Academy in Dantewada District.

All prospective bidders are hereby informed that **certain revisions have been made in the RFP document.** This document shall be treated as the **complete and final RFP.**

Accordingly, all eligible and interested football training organizations, academies, foundations, and sports management companies are advised to **carefully review the revised RFP document** before submission.

The objective of this initiative is to create a district-level football excellence center and a long-term talent pipeline, with special focus on tribal and remote-area youth.

Tender Submission Deadline:
Last Date: till 18.05.2026 4:00 PM
Opening Date: 18.05.2026 during office hours

The detailed revised RFP document can be downloaded from the official website: **https://dantewada.nic.in/**
(Bidders are advised to regularly visit the website for updates, if any.)

Eligible applicants must submit their physical proposals (in two envelopes - Technical and Financial)

in accordance with the revised RFP document to:
District Sports Officer,
Office of District Sports Office,
Collectorate Campus, Dantewada,
District Dantewada, Chhattisgarh - 494449

Important Notes:
- Late submissions will not be considered.
- Proposals will be opened in the presence of the evaluation committee at the District Administration Office, Dantewada.
- The Authority reserves the right to accept or reject any proposal without assigning any reason.

District Sports Officer (DSO)
Nodal Officer-Football Academy Project
District Sports Office
District Dantewada, Chhattisgarh
Pin Code - 494449

G-262700619/5

रायपुर में आईपीएल: रोमांचक मुकाबले में आरसीबी ने एमआई को दो विकेट से हराया

■ भुवनेश्वर की आंधी में मुंबई का सूर्य अस्त

■ कोहली नहीं चले, मुंबई प्ले ऑफ से बाहर

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में रोमांचक मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 2 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए भुवनेश्वर कुमार(23/4) की घातक गेंदबाजी कर पहले खेलने उतरी मुंबई इंडियंस की कमर तोड़ दी। कप्तान सूर्यकुमार यादव को भुवनेश्वर ने तीसरे ओवर में विराट कोहली के हाथों कैच कराया। इस तरह मुंबई 166/7 का स्कोर ही बना सकी। जवाब में बेंगलुरु ने अंतिम गेंद पर मुकाबला दो विकेट से जीत लिया। मुंबई से तेज गेंदबाज कॉर्बिन बॉश ने चार विकेट लिए। इस हार के साथ मुंबई का प्लेऑफकी रेस से बाहर होना लगभग तय है। आईपीएल के मौजूदा सीजन का 10वां डबल हेडर रविवार को राजधानी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया।

इस मैच में लीग की सबसे पॉपुलर फ्रेंचाइजी- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और मुंबई इंडियंस ने शाम को बेहद मनोरंजक बना दिया। दोनों टीमों को एक साथ मैदान में देखने के लिए छत्तीसगढ़, गुजरात, ओडिशा, मध्यप्रदेश दर्शक पहुंचे। टॉस से पहले ही मैदान लगभग 90 प्रतिशत भर चुका था। मैच आरसीबी के नए होम ग्राउंड रायपुर में होने की वजह से यहां विराट आर्मी की संख्या सबसे ज्यादा दिखी।

रायपुर एक दशक बाद आईपीएल की मेजबानी कर रहा है। जिसके चलते फैंस में रोमांच चरम पर रहा। मौसम की वजह से तेज गेंदबाजों को मिली मदद रायपुर के मैदान की पिच दोनों टीमों के लिए एक अनजान पहेली रही। बारिश और मौसम ने गेंदबाजों का साथ दिया। पहले भी यहां की पिच गेंदबाजों के लिए मददगार हुआ करती थी। यही वजह है कि मैदान पर खेले गए 6 आईपीएल मैचों में औसत स्कोर सिर्फ 146 रन है। हालांकि, मौजूदा समय में यहां बल्लेबाजी के अनुकूल सपाट पिच मिलती है। साल की शुरुआत में भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए टी20 मुकाबले में कुल 417 रन बने थे। इस दौरान टीम इंडिया ने 209 रन का विशाल लक्ष्य सिर्फ 15.2 ओवर में चेज कर लिया था।

चैटजीपीटी से आईपीएल की नकली टिकट बनाकर बेची

रायपुर/नवप्रदेश। आईपीएल मैच के दौरान स्टेडियम के बाहर चैटजीपीटी से नकली टिकट बनाकर बेच रहे दुर्ग के 4 आरोपियों को यूपी में गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई लखनऊ जिले की साइबर सेल और सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने की है। आरोपियों के पास से बड़ी संख्या में फर्जी आईपीएल टिकट, लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और प्रिंटिंग सामग्री बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपियों में दुर्ग निवासी श्रीकांत बोरकर, नूतन कुमार साहू, राजेंद्र चौधरी और विश्वजीत साहू शामिल है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जॉइंट और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मैच में आरोपियों ने नकली टिकट बेचा था। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जॉइंट और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मैच में आरोपियों ने नकली टिकट बेचा था। लखनऊ पुलिस के अनुसार, लखनऊ सुपर जॉइंट और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में 7 मई को मैच खेला गया था। इस मैच को देखने के लिए जालौन निवासी प्रदीप सिंह स्टेडियम पहुंचे। स्टेडियम के बाहर आरोपियों ने उन्हें दो टिकट बेचे और यूपीआई के जरिए 1000 रुपए ले लिए। लेकिन एंट्री गेट पर टिकट स्कैन होते ही उसे फर्जी बताया गया।

न्यूज गैलरी

नक्सलियों के बंकर से बड़ी मात्रा में विस्फोटक और अन्य सामग्री जब्त

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सोमवार को जवानों को बड़ी सफलता मिली है। जहां जवानों ने थाना गंगालूर के डोडीतुमनार पटेलपारा पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों के द्वारा छुपाकर रखे गए विस्फोटक सामग्री, हथियार, बैटरी बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, जवानों को सर्चिंग के दौरान जंगल में जमीन के अंदर नक्सलियों के द्वारा छिपाकर बनाया गया एक बंकर मिला। जहां जवानों को होंडा कंपनी के 2 जनरेटर, 2 लेथ मशीन, 1 इन्वर्टर, 4 बैटरी, 1 छोटा बैटरी, 8 सोलर प्लेट, 1 मोटर, 1 वेल्डिंग मशीन, 1 ड्रिल मशीन, 1 देशी बीजीएल लांचर, 29 बीजीएल सेल, 50 मीटर कॉर्डेक्स वायर और 2 प्लास्टिक ड्रम बरामद किया गया।

सीएफ जवान ने किराए के मकान में की आत्महत्या

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में सपना पिंक सिटी कॉलोनी में रविवार शाम एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। रायपुर में पदस्थ छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक जवान ने अपने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान जागेश्वर प्रसाद ठाकुर (35 वर्ष) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, जागेश्वर प्रसाद ठाकुर सीएफ की 10वीं बटालियन में 2009 से पदस्थ थे। वे हाल ही में पश्चिम बंगाल में चुनाव ड्यूटी कर वापस लौटे थे और पांच दिनों के अवकाश पर धमतरी आए हुए थे। वे पिछले 9 वर्षों से सपना पिंक सिटी में अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ किराए के मकान में रह रहे थे। घटना के पीछे पारिवारिक विवाद की बात सामने आ रही है। मृतक के छोटे भाई त्रिभुवन ठाकुर ने बताया कि रविवार शाम पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

विधवा शिक्षिका ने लगाया आरक्षक पर दुष्कर्म का आरोप

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले से पुलिस विभाग को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। जहां एक शिक्षिका ने थाना कांसाबेल में पदस्थ आरक्षक रुद्रमणी यादव के खिलाफ दुष्कर्म, मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना समेत कई गंभीर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी आरक्षक के खिलाफ बीएनएस की धारा 376(2)(N) तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(2)(V) के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता शिक्षिका का आरोप है कि, उसके पति की वर्ष 2020 में मौत हो चुकी है और वह अपने दो बच्चों के साथ अकेले जीवन यापन कर रही है। जनवरी 2023 में फेसबुक के जरिये उसकी पहचान आरक्षक रुद्रमणी यादव से हुई। शुरुआत में आरोपी ने महिला की पारिवारिक समस्याओं और विवादों का समाधान कराने का भरोसा दिलाया और बातचीत बढ़ाई। फिर उसकी मजबूरी और अकेलेपन का फायदा उठाकर उसे अपने झांसे में लिया। शिकायत में यह आरोप लगाया गया है कि, 28 अप्रैल 2023 को आरोपी उसे घूमने के बहाने बटईकिला क्षेत्र की ओर ले गया और सुनसान जगह पर जबरन दुष्कर्म किया।

बोर्ड परीक्षाओं में शिवरीनारायण के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

शिवरीनारायण/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की बोर्ड एवं केन्द्रीकृत परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। शिवरीनारायण महानदी किनारे रामघाट स्थित पटेल मंदिर परिसर में संचालित धाविका पब्लिक उ.मा.विद्यालय, के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 10वीं में भूमिका साहू (पिता- दिगम्बर साहू) ने 92.66% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। परिधी शर्मा (पिता- अजय शर्मा) ने 83.16% अंक के साथ द्वितीय तथा अदिती प्रजापति (पिता- सुरज प्रजापति) ने 69.33% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 8वीं में अर्पित केवर्त्य (पिता- तोरन कैवर्त्य) ने 95.67% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, कृतिका केशरवानी (पिता- प्रवीन केशरवानी) ने 94% अंक के साथ द्वितीय तथा आराध्य बंजारे (पिता- ललित कुमार बंजारे) ने 93% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के संचालक प्रतिभा प्रवीन केशरवानी व प्राचार्य बीपी साहू ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए सदैव संकल्पित है।

दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट सख्त

केंद्रीय विवि को वेतन भुगतान करने 15 दिन का अल्टीमेटम

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस बीडी गुरु ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दैनिक वेतनभागी कर्मचारियों के नियमितीकरण और वेतन भुगतान को लेकर सख्ती दिखाई है। हाईकोर्ट ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को 15 दिनों के भीतर कर्मचारियों को नियमित पद के अनुसार वेतन भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी कर्मचारियों को न तो नियमित किया गया है और न ही देयकों का भुगतान किया गया है। जिसके खिलाफ कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में न्यायालय की अवमानना याचिका दायर की है।

सुप्रीम कोर्ट से एसएलपी और रिव्यू खारिज फिर भी नहीं दिया वेतन: इस मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील ने कहा कि, साल 2023 में पारित आदेश के बावजूद विश्वविद्यालय अब तक कर्मचारियों को नियमित कर्मचारी का पूरा लाभ नहीं दे रहा है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि हाईकोर्ट ने 6 मार्च 2023 को पारित आदेश में स्पष्ट रूप से कहा था कि, कर्मचारियों को नियमित कर्मचारी माना जाएगा और उनकी सेवाओं का नियमितीकरण 26 अगस्त 2008 से प्रभावी माना जाएगा। साथ ही उन्हें नियमित कर्मचारियों की तरह सभी लाभ दिए जाने थे। यह भी बताया गया कि, विश्वविद्यालय की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) और पुनर्विचार याचिका भी सुप्रीम कोर्ट ऑफइंडिया द्वारा खारिज की जा चुकी है, इसके बावजूद आदेश का पूर्ण पालन नहीं किया गया है।

यूनिवर्सिटी का जवाब- दस्तावेज नहीं मिलने से हो रही देरी: मामले में विश्वविद्यालय की ओर से वकील ने कोर्ट को बताया कि कर्मचारियों का नियमितीकरण कर दिया गया है, लेकिन कुछ दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया बाकी है। विश्वविद्यालय ने दावा किया कि कर्मचारियों से आवश्यक दस्तावेज मांगे गए थे, लेकिन वे उपलब्ध नहीं कराए गए, जिससे लाभ देने में देरी हो रही है। इसके जवाब में याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने कहा कि संबंधित आदेश और पत्राचार कर्मचारियों को उपलब्ध ही नहीं कराया गया था।

12 मई तक पत्र देने, फिर एक सप्ताह में दस्तावेज जमा करने के निर्देश: दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालय को निर्देश दिया कि 27 अप्रैल 2026 का पत्राचार 12 मई तक सभी याचिकाकर्ताओं को उपलब्ध कराया जाए। इसके बाद कर्मचारियों को एक सप्ताह के भीतर जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय भले नियमितीकरण का दावा कर रहा हो, लेकिन अब तक कर्मचारियों को नियमित पद का वेतन नहीं दिया जा रहा है। इस पर विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया कि दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 15 दिनों में पूरी कर ली जाएगी और जो कर्मचारी नियमित पद पर कार्यरत हैं, उन्हें नियमित पद के अनुसार वेतन दिया जाएगा। हाईकोर्ट ने इस बयान को रिकॉर्ड पर लेते हुए स्पष्ट किया कि नियमित कर्मचारी के रूप में कार्य कर रहे याचिकाकर्ताओं को 15 दिनों के भीतर नियमित पद का वेतन भुगतान किया जाए।

19 जून को फिर होगी सुनवाई: हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 जून 2026 को निर्धारित की है। माना जा रहा है कि अगली सुनवाई में यह देखा जाएगा कि विश्वविद्यालय ने आदेश का पालन किया या नहीं। यह मामला विश्वविद्यालय कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

हिंदी पेपर लीक: बिलासपुर से दबोचा गया मुख्य आरोपी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं हिंदी विषय का प्रश्नपत्र सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद शुरू हुई जांच अब महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गई है। थाना कोतवाली पुलिस और एसीसी/क्राइम ब्रांच रायपुर की संयुक्त टीम ने पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपी वेणु जंघेल को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से चली विस्तृत पूछताछ में कई नए तथ्य और नाम सामने आए हैं, जिनकी जांच जारी है।

पेपर लीक की सूचना के बाद तत्काल एफआईआर: सोशल मीडिया में 12वीं हिंदी पेपर लीक की बात फैलते ही थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त, मध्य ज़ोन के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई, जिसने तकनीकी और तथ्यों पर आधारित विवेचना प्रारंभ की।

पुलिस ने रिकवर किया डेटा: जांच के दौरान यह सामने आया कि पेपर वायरल होने के तुरंत बाद कई संबंधित व्यक्तियों ने अपने डिजिटल फुटप्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य मिटाने की कोशिश की। पुलिस ने साइबर तकनीकी सहायता से डिलीटेड डेटा, मोबाइल चैट, सोशल मीडिया गतिविधियां और फाइनेंशियल ट्रांजैक्शनों का गहन विश्लेषण किया।

50 से अधिक छात्रों से पूछताछ: लगभग 50 से अधिक छात्रों व अन्य संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ के बाद पुलिस आरोपी वेणु उर्फ वेणु जंघेल तक पहुंची। 19 वर्षीय आरोपी बेमेतरा जिले के ग्राम बरसरा का निवासी है और वर्तमान में गुढ़ियारी, रायपुर में रह रहा था। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी ने छात्रों से प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के बदले ?3000 तक की राशि ली थी।

डिजिटल साक्ष्य नष्ट करने की कोशिश: प्रकरण दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार था और गिरफ्तारी से बचने के लिए डिजिटल साक्ष्यों को नष्ट करने के प्रयास कर रहा था। पुलिस उपायुक्त द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर 5000 का इनाम घोषित किया गया था। लगातार डिजिटल ट्रैकिंग और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे बिलासपुर से गिरफ्तार किया।

सरगुजा में कब्जों पर एक्शन: नोटिस पीरियड खत्म होते ही कमोदा रिजॉर्ट पर चला बुलडोजर

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले में अवैध निर्माण और शासकीय भूमि पर कब्जे के खिलाफ प्रशासन ने एक बार फिर कड़ा रुख अपनाया है। लगातार जारी अभियान के तहत कमोदा रिजॉर्ट पर कार्रवाई की गई, जहाँ मालिक द्वारा सरकारी भूमि के 45 डिसमिल क्षेत्र में कब्जा कर निर्माण किए जाने की शिकायतें मिली थीं।

2 दिन पहले दिया था नोटिस: दो दिन पहले प्रशासन की टीम अवैध कब्जा हटाने कमोदा रिजॉर्ट पहुंची थी। जांच में स्पष्ट हुआ कि रिजॉर्ट मालिक ने शासकीय जमीन पर स्थायी निर्माण कर कब्जा किया है। प्रशासन के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई प्रस्तावित थी, लेकिन रिजॉर्ट संचालक की ओर से दो दिन का समय मांगा गया था, जिसे प्रशासन ने सख्त शर्तों के साथ स्वीकार किया।

समय पूरा होते ही चला बुलडोजर

आज दो दिन की मोहलत समाप्त होते ही प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और अतिक्रमित हिस्से पर सीधे बुलडोजर चलाया। कुल 45 डिसमिल क्षेत्र में किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर शासकीय भूमि को मुक्त कराया गया। इस कार्रवाई के दौरान कोई अप्रिय स्थिति न बने, इसके लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

झारखंड के रंका में मिला शव, पत्नी और उसके प्रेमी से जताया था जान का खतरा

■ सरगुजा के चर्चित दाबेली कारोबारी की हत्या

अंबिकापुर/नवप्रदेश। अम्बिकापुर के प्रसिद्ध टुन टून दाबेली सेंटर के संचालक अमन ओझा की हत्या की खबर से पूरे शहर में सनसनी फैल गई है। अमन ओझा का शव झारखंड के रंका इलाके से बरामद किया गया, जबकि उनकी बुलेट बाइक बलरामपुर जिले के रामानुजगंज क्षेत्र में मिली है। घटना के बाद व्यापारियों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

सोशल मीडिया विवाद के बाद चर्चा में आए: बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से अमन ओझा सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी को लेकर चल रहे विवाद के कारण लगातार चर्चा में थे। उन्होंने एक मुस्लिम युवक पर अपनी पत्नी को भगाने का आरोप लगाया था। इस मामले को लेकर अमन मानसिक रूप से काफी परेशान बताए जा रहे थे।

हत्या की आशंका पहले ही जता चुके थे: परिजनों और करीबियों के अनुसार अमन ओझा ने अपनी जान को खतरा होने की आशंका पहले ही जताई थी। उन्होंने धमकी मिलने की शिकायत अम्बिकापुर कोतवाली पुलिस से भी की थी। आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

रंका में मिला शव, कई सवाल खड़े: अमन ओझा का शव झारखंड के रंका क्षेत्र में मिलने के बाद मामला और भी संदिग्ध हो गया है। वहीं उनकी बुलेट बाइक रामानुजगंज में मिलने से पुलिस की जांच कई दिशाओं में आगे बढ़ रही है। पुलिस अब हत्या, अपहरण और साजिश समेत विभिन्न एंगल से मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद अम्बिकापुर के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस शिकायत पर कार्रवाई करती तो शायद अमन की जान बचाई जा सकती थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और सोशल मीडिया गतिविधियों को खंगाला जा रहा है।

उदंती में बिखरा उल्लास: वन्यजीव प्रेमी उत्साहित, वन्य प्राणियों के संरक्षण और निगरानी का कार्य किया जा रहा

मादा भालू की शावकों संग मनमोहक मस्ती हुई कैमरे में कैद

नगरी/नवप्रदेश। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से एक बेहद सुखद और मनमोहक तस्वीर सामने आई है। टाइगर रिजर्व के घने जंगलों में एक मादा भालू अपने छोटे शावक के साथ मस्ती करती हुई ट्रैप कैमरे में कैद हुई है। इस खूबसूरत दृश्य ने वन्यजीव प्रेमियों और वन विभाग के अधिकारियों को उत्साहित कर दिया है।

ट्रैप कैमरे में कैद तस्वीरों में मादा भालू अपने बच्चे के साथ जंगल में घूमती, खेलती और सुरक्षित माहौल में नजर आ रही है। शावक अपनी मां के ऊपर उछलता-कूदता दिखाई दे रहा है, जिसने पूरे दृश्य को बेहद आकर्षक बना दिया। जंगल के भीतर वन्यजीवों की यह गतिविधि इस बात का संकेत मानी जा रही है कि रिजर्व क्षेत्र में वन्यजीवों के लिए अनुकूल वातावरण बना हुआ है।

प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति जागरूक: वन विभाग के अनुसार, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में लगातार वन्यजीव संरक्षण और निगरानी का कार्य किया जा रहा है। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि, किसी भी जंगल में वन्यजीवों का सुरक्षित प्रजनन और शावकों का स्वस्थ दिखाई देना उस क्षेत्र की जैव विविधता और संरक्षण प्रयासों की सफलता को दर्शाता है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में सामने आई यह तस्वीर न केवल वन्यजीव संरक्षण की सकारात्मक कहानी बयां करती है, बल्कि लोगों को प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति जागरूक होने का संदेश भी देती है। यह तस्वीर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने उपलब्ध कराई है।

ट्रैप कैमरों के माध्यम से वन्यजीवों की गतिविधियों पर रखी जा रही नजर

ट्रैप कैमरा और जंगल मॉनिटरिंग के माध्यम से वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। मादा भालू और उसके शावक की मौजूदगी को जंगल के स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन्यप्राणियों की संख्या बढ़ने से अब लगातार इस तरह का सुंदर दृश्य देखने को मिला है। जंगल में भालू और उसके बच्चे की अठखेलियों ने प्रकृति प्रेमियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com